नई दिल्ली

सोमवार, 29 अप्रैल 2024

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 18
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम
अधि. 41
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 बेंगलोर की लगातार दूसरी जीत, गुजरात को नौ विकेट से रौंदा, विल जैक्स का शतक

## पाक की नापाक साजिश पर एटीएस और एनसीबी ने फेरा पानी

# समंदर के रास्ते पाकिस्तान से आ रही नाव में भरी थी 600 करोड़ रुपए की 80 किलो ड्रग्स पकड़ी, 14 को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ऑफ इंडिया (एनसीबी) और गुजरात एटीएस की टीम ने रविवार को ज्वांइट ऑपरेशन में ड्रग्स का एक बड़ा खेप पकड़ा है।

साथ ही 14 पाकिस्तानी नागरिक भी नाव से पकड़े गए। समंदर के रास्ते पाकिस्तान से आ रहा 600 करोड़ रुपए कीमत का करीब 80 किलो ड्रग्स पकड़ लिया है। फरवरी के आखिरी सप्ताह और मार्च में एटीएस, कोस्ट गार्ड के साथ मिलकर ड्रग्स की एक बड़ी खेप पकड़ी थी।

समंदर के रास्ते पाकिस्तान से आ रहा 600 करोड़ रुपए के कीमत का ड्रग्स रातभर चले ऑपरेशन के बाद पकड़ा गया है। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए इसको अंजाम दिया है। इससे पहले फरवरी के आखिरी सप्ताह और मार्च में ड्रग्स की एक बड़ी खेप पकड़ी थी।



गुप्त सूचना पर एटीएस और एनसीबी की बड़ी कार्रवाई

मार्च से अब तक 932.41 करोड़ रुपए की नशीली दवाइयां जब्त

रात भर चला समुद्र में एंटी नार्को ऑपरेशन



### हिंद महासागर में नौसेना और एनसीबी के बड़े ऑपरेशन

*पिछले दो वर्षों भारतीय नौसेना ने एनसीबी के साथ मिलकर हिंद महासागर में 3 बड़े ऑपरेशन किए हैं। फरवरी 2022 में गुजरात तट के पास एक जहाज जब्त किया था, जिस पर से 2 क्विंटल से अधिक मेथामफेटामाइन बरामद किया गया था। मई 2023 में पाक के एक जहाज से कम से कम 12 हजार करोड़ रुपए का 2500 किलोग्राम मेथामफेटाइमन जब्त किया था।*

### गुजरात में ड्रग्स बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

*रविवार को ही सुबह एक अलग ऑपरेशन में एनसीबी ने एटीएस के साथ मिलकर 300 करोड़ रुपए के ड्रग्स बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गुजरात और राजस्थान में मार्च की शुरुआत से अब तक कुल 932.41 करोड़ रुपए मूल्य की* ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366



भोजशाला मामले में कोर्ट में सुनवाई आज

## सर्वे का समय बढ़ाने पर होगी बहस

**धार।** भोजशाला में चल रहे एएसआई द्वारा किया जा रहा सर्वे 38वें दिन भी जारी रहा। 22 मार्च से शुरू हुए सर्वे में रविवार को एएसआई की टीम के 20 अधिकारी 37 मजदूरों के साथ भोजशाला पहुंचे। सर्वे के दौरान कई प्राचीन अवशेष भी मिले हैं जिन्हें विभिन्न तकनीकों के माध्यम से जांच कर एएसआई की टीम ने संरक्षित कर लिया है। इस दौरान हिंदू पक्षकार और मुस्लिम पक्षकारों ने सर्वे को लेकर कई दावे भी किए। एएसआई की टीम को सोमवार 29 अप्रैल को अपने अभी तक के सर्वे के कार्य का ब्योरा कोर्ट में पेश करना है।

### संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि संविधान सम्मत सभी तरह के आरक्षण के हम हिमायती

# फर्जी वीडियो वायरल हो रहे, सच तो ये कि संघ ने कभी आरक्षण का विरोध नहीं किया

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी निराधार झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं**

*भागवत ने कहा कि संघ का मानना है कि आरक्षण तब तक के लिए दिया जाना चाहिए जब तक इसकी जरूरत है। भागवत ने पिछले साल नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए।*

**शाह ने कहा**

- *कर्नाटक में कांग्रेस सरकार आई और चार प्रतिशत अल्पसंख्यकों आरक्षण दे दिया, किसका कोटा काट दिया गया? ओबीसी (आरक्षण) में कटौती की गई।*
- *आंध्र प्रदेश में कांग्रेस सरकार आई, वहां भी उन्होंने पांच प्रतिशत अल्पसंख्यक आरक्षण किया। किसका कोटा काट दिया गया? ओबीसी (आरक्षण) में कटौती की गई।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को एक्स पर आरोप लगाया था कि भाजपा नेताओं और नरेंद्र मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य है संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना और दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना।

लेकिन, संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की ▶▶ शेष पेज 5 पर



एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो पूरी तरह गलत

**ऐसे शुरू हुई आरक्षण पर बयानबाजी**

सोशल मीडिया पर पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम का एक वीडियो शेयर किया जा रहा है। जिसमें



वे आरक्षण हटाने की बात करते दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद प्रमोद कृष्णम ने कहा- वह वीडियो एक साल पुराना 24 सितंबर 2023 का है। भाषण भी आधा है, अब कांग्रेस के मैनेजर इस पर ट्वीट कर रहे हैं, बयान दे रहे हैं। मुझे बताया गया है कि राहुल गांधी ने भी इस बारे में कुछ कहा या लिखा है। वे इसे प्रधानमंत्री मोदी से जोड़ रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा...भाजपा के रहते आरक्षण को कोई छू भी नहीं सकता

वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी निराधार झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। इस देश में 10 साल से भाजपा की सरकार चल रही है और दो बार पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुकी है। अगर भाजपा की मंशा



आरक्षण को खत्म करने की होती तो अब तक कर चुकी होती। नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के दलित, पिछड़े, आदिवासी भाई-बहनों को ये गारंटी दी है कि जब तक भाजपा है तब तक आरक्षण को कोई छू नहीं सकता। शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा एससी/एसटी और ओबीसी के आरक्षण पर हमला किया है। कर्नाटक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

## लवली का कांग्रेस से 'लव' खत्म कन्हैया का टिकट नहीं बदलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के कांग्रेस नेता अरविंदर सिंह लवली का इस्तीफा पार्टी आलाकमान ने स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ने इसकी पुष्टि की है।

उन्होंने मीडिया को बताया कि पार्टी आलाकमान ने लवली का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। उन्होंने नए अध्यक्ष को लेकर बताया कि इस संबंध में बातचीत हो रही है, जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। उम्मीदवार बदले जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में घोषित कांग्रेस के किसी उम्मीदवार में बदलाव नहीं किया जाएगा। जो उम्मीदवार पार्टी ने घोषित किए हैं, वही नामांकन दाखिल करेंगे। बता दें, कांग्रेस ने गठबंधन में अपने हिस्से के तीन सीटों में उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार, उत्तर पश्चिमी दिल्ली से उदित राज और चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया है। ▶▶ पढ़ें पेज 3

### कांग्रेस ने माना- हमें कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है




**लवली बताएंगे उन पर दबाव था कि नहीं: बावरिया**

बाबरिया ने कहा कि अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे के बाद हमें कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमारा कोई काम रुक जाएगा या हमारे उम्मीदवार हार जाएंगे। मैंने उन्हें कई जगहों पर रोका क्योंकि जिन लोगों को पदोन्नत नहीं किया जाना चाहिए था, उन्हें पदोन्नत किया जा रहा था। इससे पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं पर बुरा प्रभाव पड़ सकता था। कैंडिडेट के विरोध पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मन की पीड़ा जाहिर की, जो केवल मेरी नहीं

दिल्ली राज्य के कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले अरविंदर सिंह लवली ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि ईमानदारी की बात यह है कि मैं यहां कोई बात नहीं करना चाहता था। मैंने अपने मन की पीड़ा जाहिर की है और वह पीड़ा केवल मेरी नहीं है। दिल्ली के सभी कार्यकर्ताओं ▶▶ शेष पेज 5 पर

## उन्नाव में बस को चीरते हुए निकल गया ट्रक



**7 लोगों की मौत, कई घायल**

*उन्नाव। यूपी के उन्नाव में रविवार की दोपहर भीषण हादसा हो गया। आमने-सामने की टक्कर के बाद ट्रक ने बस को एक साइड से चीर दिया। इससे सात लोगों की मौत हो गई है। 25 से ज्यादा लोग घायल हैं। इनमें कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री चिदंबरम का दावा

## पीएम कोई भी बने, भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा

◆ फ्रांस, इटली, ब्राजील कनाडा और ब्रिटेन जैसे देश रैंकिंग में भारत से नीचे



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा, चाहे प्रधानमंत्री कोई भी हो। उन्होंने कहा कि मोदी भविष्य की एक ऐसी संभावना को अपनी गारंटी बता रहे हैं जो भारतीय बाजार के विशाल आकार को देखते हुए होनी ही है। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत अपनी जनसंख्या के आकार को देखते हुए यह ▶▶ शेष पेज 5 पर




### पूर्व पीएम के पोते प्रज्वल स्कैंडल में फंसे

## कर्नाटक सरकार ने बनाई एसआईटी, सांसद हुए फरार



प्रज्वल हासन लोकसभा सीट से जेडीएस उम्मीदवार

एजेंसी ▶▶ हासन

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने हासन लोकसभा सीट से सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े एक कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) की घोषणा की। प्रज्वल रेवन्ना जेडीएस चीफ और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते हैं।

प्रज्वल हासन लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार हैं। कर्नाटक राज्य महिला आयोग ने 26 अप्रैल को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मामले की जांच के लिए विशेष दल बनाने की मांग की थी। कर्नाटक में लोकसभा चुनाव से ठीक दो दिन पहले सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो वायरल हुए हैं। इधर, प्रज्वल रेवन्ना शनिवार सुबह जर्मनी के लिए रवाना हो गए। वे वहां पहुंच गए हैं। जेडीएस ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मुरैना में मायावती का कांग्रेस पर हमला

## गलत नीतियों के चलते दलित आदिवासी सत्ता से बाहर हुए



केंद्र की भाजपा सरकार पर भी साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मुरैना शहर के मैला मैदान में रविवार को चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस, भाजपा और इनके सभी सहयोगी दलों के बारे में मैं यह कहना चाहती हूं कि आजादी के बाद केंद्र और देश के अधिकांश राज्यों में सत्ता कांग्रेस के हाथ में रही है। दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग इन विपक्षी पार्टियों की गलत नीतियों और कार्यप्रणालियों के कारण कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा है। यही स्थिति इनकी सहयोगी पार्टियों की भी रही। इसलिए फिर बीएसपी को बनाने की जरूरत पड़ी। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर ताल ठोकने पहुंची बीएसपी की प्रमुख मायावती ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तो कम हमले किए। लेकिन विपक्ष की प्रमुख पार्टी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अप्रैल-मई, 2024 से लगातार जारी है रन

## आदि कैलाश और ओम पर्वत के छह हेलीकॉप्टर से होंगे दर्शन



प्रधानमंत्री मोदी के जाने के बाद बढ़ी डिमांड

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड में दूरस्थ इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आदि कैलाश, ओम पर्वत हेली दर्शन टूर पैकेज भी लॉन्च किया गया है। इस साल नवंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन हेली दर्शन पैकेज के लिए पायलट रन अप्रैल-मई, 2024 से लगातार जारी है।

इसके तहत हर बैच में 12 से 15 पर्यटक होंगे। आदि कैलाश एवं ओम पर्वत के हवाई दर्शन के दौरान छह हेलीकॉप्टर सेवाएं देंगे। बता दें कि बीते साल 2023 में पीएम मोदी ने भी आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन किए थे। पीएम मोदी के दर्शन करने के बाद देशभर से लोगों में यात्रा को लेकर काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। विगत दिनों आंध्रप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दिल्ली से चुरायी गाड़ियां बदायूं में लगाता था ठिकाने

# पाजी गैंग का सरगना राजस्थान से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने लग्जरी कारें चोरी करने वाले एक रैकेट की मेन कड़ी को अरेस्ट किया है। आरोपी 50 से ज्यादा कार चोरी के मामलों में शामिल रहा है। गुरबख्श सिंह उर्फ रिंकू (40) अलवर, राजस्थान का रहने वाला है। वह पाजी गिरोह का सरगना है। आरोपी सात केस में वांटेड था।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार एसीपी नरेश कुमार की टीम को इसके अलवर में होने की सूचना मिली थी। मुखबिर के साथ पुलिस टीम वहां पहुंची और पाजी को दबोच लिया। पूछताछ में इसने बताया वह तिलक नगर दिल्ली से तीन कारें चोरी कर चुका है। पहले दिल्ली के चंदर विहार में रहता था। लेकिन गिरफ्तारी से बचने के लिए वह राजस्थान में शिफ्ट हो गया था। पिछले साल दो सितंबर को इसने तिलक नगर से एक फॉरच्यूनर गाड़ी चोरी की थी। 14 दिसंबर को चांद नगर, तिलक नगर से एक क्रेटा गाड़ी चुरायी। वह विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज सात मामलों में वांछित था। आरोपी महज पांचवी कक्षा तक पढ़ा है। 2006 में वह एक वाहन चोर के संपर्क में आया था। इसने सबसे पहले कनॉट प्लेस एरिया से एक कार चोरी की थी। वह चुरायी गई गाड़ियां यूपी के बदायूं में बेचता था।

## मंदिर में महिलाओं की चेन साफ करने वाली पकड़ी

**नई दिल्ली।** साउथ डिस्ट्रिक्ट स्पेशल स्टाफ ने एक शातिर चोरनी को गिरफ्तार किया है। इस महिला के निशाने पर मंदिर में आने वाली महिलाएं होती थी। बड़ी ही सफाई से यह उनकी सोने की चेन उड़ा लेती थी। हाल ही में इसने एक महिला की साढ़े तीन लाख कीमत की चेन साफ की थी। आरोपी महिला की निशानदेही पर चुरायी गई सोने की चेन बरामद हो गई है। डीसीपी साउथ अंकित चौहान के अनुसार ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी थीं, जिनमें मंदिर गई महिलाओं की सोने की चेन उड़ाई गई थी। ऐसे मामलों की जांच के लिए स्पेशल स्टाफ की टीम को लगाया गया था। कई घटनास्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक कर आरोपी महिला को चिन्हित किया गया था। 23 अप्रैल को ही वसंत गांव के एक मंदिर में दर्शन करने गई एक महिला की सोने की चेन चोरी हुई थी। 27 अप्रैल को मुखबिर की निशानदेही पर खानपुर टी प्वाइंट से 28 साल की आरोपी महिला को पकड़ा गया। वह सी ब्लॉक मदनगीर की रहने वाली है। इसके पास से चोरी की चेन भी बरामद हो गई है।

## तेज रफ्तार जगुआर कैब से टकरायी हादसे में तीन लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली कैंट इलाके में रविवार तड़के हुए सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। जगुवार कार और डिजायर कैब के बीच टक्कर हुई। पुलिस ने हादसे को लेकर मुकदमा दर्ज कर आरोपी जगुआर कार चालक को अरेस्ट कर लिया है। हादसे के समय उसके साथ कार में एक महिला भी सवार थी। आरोपी सौरभ पाहवा (23) सरस्वती विहार के कोहाट एंक्लेव का रहने वाला है। वह बीबीए थर्ड ईयर का छात्र है।

पुलिस के मुताबिक धौलाकुंआ के नजदीक एक्सीडेंट की सूचना तड़के 4 बजकर 55 मिनट पर मिली। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया जा चुका है। घायल कैब ड्राइवर की पहचान गणेश नगर, शकरपुर निवासी हरजीत सिंह के तौर पर हुई। वहीं दो अन्य घायलों में पीछे बैठे दो यात्री शामिल हैं। मौके पर जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि तेज रफ्तार जगुआर कार ने इस कैब को टक्कर मारी थी। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार सड़क के दूसरी तरफ जाकर डिवाइडर से जा टकरायी। जगुआर कार भी बुरी तरह से क्षतिगस्त हुई है। हादसे के बाद जगुआर चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने गाड़ी के मालिक का पता लगाया। कार सुशील पाहवा की है। वह पेशे से प्रॉपर्टी डीलर है। बहरहाल पुलिस आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### एक अन्य सड़क हादसे में दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर की मौत

दूसरी तरफ ईस्ट दिल्ली में हुए एक सड़क हादसे में दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर की दर्दनाक मौत हो गई। वह जिले की क्राइम टीम से अटैच थे। पुलिस को इस घटना की सूचना लेडी हार्डिंग अस्पताल से मिली। बताया गया कि एक घायल को गंभीर हालत में यहां लाया गया है। बाद में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मूलरुप से केरल के रहने वाले थे। वह आर्शीवाद अपार्टमेंट आईपी एक्सटेंशन में रहते थे। उनका बेटा दुबई में रहता है। मृतक पुलिसकर्मी का नाम एनके पवित्रन बताया गया है। पुलिस ने पीड़ित परिजन को घटना की सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि वह स्कूटर पर सवार थे। रात करीब साढ़े 10 बजे संतुलन खो जाने से स्कूटर डिवाइडर से जा टकराया।

### कानून में 6 महीने की कैद का करें प्रावधान

**नई दिल्ली।** हमें तत्काल एक ऐसे कानून की आवश्यकता है जो बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के उल्लंघन पर शिक्षा मंत्री के लिए 6 महीने की कैद का प्रावधान करे। दुर्भाग्य से, वर्तमान में इस कानून में किसी भी प्राधिकरण की कोई जवाबदेही तय नहीं की गई है। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में नागरिकों के अधिकारों को लेकर लड़ने वाले सामाजिक न्यायविद अशोक अग्रवाल ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा की। वहीं, उन्होंने एक दिन पहले कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम स्कूलों के 8वी क्लास तक पढ़ने वाले 18 लाख विद्यार्थियों को 2024-25 शैक्षणिक सत्र में आज तक भी पुस्तकें नही मिली।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने हत्या के दोषी को शादी करने के लिए दो हफ्ते की पैरोल दी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली हाईकोर्ट ने हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे एक व्यक्ति को अपनी सगाई और शादी में शामिल होने के लिए दो हफ्ते की पैरोल दी है। अदालत ने राहुल देव नाम के व्यक्ति को राहत देते हुए कहा कि उसे पहले भी पैरोल (29 जनवरी से पांच मार्च तक) दिया गया था और उसने समय पर (छह मार्च को) आत्मसमर्पण कर दिया था। न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने कहा कि तथ्यों एवं परिस्थितियों की संपूर्णता के आलोक में, मौजूदा याचिका स्वीकार की जाती है। याचिकाकर्ता को दो हफ्तों के लिए पैरोल दिया जाता है। देव को हत्या के अपराध और साक्ष्य गायब करने या झूठी सूचना देने के आरोप में दोषी करार देते हुए 2014 में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। उसने अदालत का रुख कर अपनी सगाई और शादी के लिए चार हफ्तों की पैरोल देने का अनुरोध किया था। विवाह समारोह का आयोजन यहां 30 अप्रैल को आर्य समाज मंदिर में किया गया है। वह अभी मंडोली जेल में बंद है। अदालत ने निर्देश दिया कि पैरोल की अवधि दोषी की रिहाई की तारीख से गिनी जाएगी और उसे पैरोल खत्म होने पर तुरंत जेल अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया है।

## साधनहीन विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री व छात्रवृत्तियां की वितरित

### निगम पार्षद अलका राघव ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद ने दरियागंज स्थित जैन बालाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में साधनहीन विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी व छात्रवृत्तियां वितरित की। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि निगम पार्षद अलका राघव ने कहा कि तरुण मित्र परिषद गत 49 वर्षों से निरंतर समाज के उपेक्षित वर्ग के साधनहीन विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी के साथ आर्थिक सहायता के लिए छात्रवृत्तियां भी प्रदान कर रही है और यह बहुत प्रशंसनीय कार्य है। परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन (मनोनीत निगम पार्षद) ने बताया कि आवेदनकर्ता विद्यार्थियों में से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 13 मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहनार्थ रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लगभग 200 साधनहीन विद्यार्थियों को लगभग तीन लाख रुपए मूल्य की छात्रवृत्तियां भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम में अनेकों गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता धानुका एग्रीटेक लि. के प्रबंध निदेशक व उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार धानुका ने की। परिषद के महासचिव अशोक जैन ने बताया कि रविवार को करीब 500 साधनहीन, पित्रहीन व दिव्यांग विद्यार्थियों को धर्मपाल सत्यपाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रजिस्टर व कापियां, जीवन पब्लिशिंग हाउस द्वारा जेपीएच की सहायक पुस्तकें प्रदान की गई।



## ड्राइविंग के दौरान मोबाइल इस्तेमाल करने वाले 15,846 चालान कटे

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।

ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन पर बात करना यातायात नियमों का उल्लंघन है। लेकिन इसके बावजूद वाहन चालक जमकर इस नियम तो तोड़ रहे हैं। आंकड़ों पर बात करें तो इस साल 15 अप्रैल तक मोबाइल पर बात करने पर 15,846 चालान यातायात पुलिस द्वारा काटे गये। प्रतिदिन औसतन देखा जाये तो 150 लोग पकड़े गये। पिछले साल के मुकाबले इस समयावधि में 149 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सबसे ज्यादा चालान पंजाबी बाग, तिलक नगर और कालकाजी ट्रैफिक सर्किल में हुए।

इस वर्ष 1 जनवरी से 15 अप्रैल तक ट्रैफिक पुलिस ने 15,846 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसी समयावधि में यह संख्या गत वर्ष 6369 था। दिल्ली पुलिस द्वारा सबसे अधिक चालान वाले शीर्ष 10 ट्रैफिक सर्किलों का गहन विश्लेषण भी किया गया है। इनमें सबसे ज्यादा चालान पंजाबी बाग, तिलक नगर और कालकाजी सर्किल में किये गये। ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली के लोगों से अपील की है कि वे वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से बचें।

- 15 अप्रैल तक का आकंड़ा, प्रतिदिन औसतन 150 लोग फोन का प्रयोग करते हुए पकड़े गए
- पिछले साल के मुकाबले इस समयावधि में 149 प्रतिशत की हुई बढ़ोतरी
- सबसे ज्यादा चालान पंजाबी बाग, तिलक नगर और कालकाजी ट्रैफिक सर्किल में हुए

**10 ट्रैफिक सर्किल में काटे गये चालान**

पंजाबी बाग 845
तिलक नगर 810
कालकाजी 797
नांगलोई 772
करोलबाग 675
डिफेंस कॉलोनी 670
संगम विहार 662
द्वारका 556
सफदरजंग एंक्लेव 522
नजफगढ़ 507

## उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट विशाल मार्जिन से जीतेगी भाजपा : सचदेवा




**नई दिल्ली।** कार्यकर्ता भाजपा संगठन की पूंजी, अपने देवतुल्य पन्ना एवं बूथ प्रमुखों की मेहनत से हम उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट विशाल मार्जिन से जीतेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को उत्तर पश्चिम जिला के अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम के साथ जिले के विधान सभा एवं नगर निगम चुनाव लड़े प्रतिनिधियों, जिला एवं मंडल पदाधिकारियों और पन्ना एवं बूथ प्रमुखों से चुनाव तैयारियों पर चर्चा के दौरान उक्त संबोधन दिया। बैठक में प्रदेश भाजपा नेता सर्वश्री जय भगवान यादव, विनोद बछेती, नीलदमन खत्री, योगेश आत्रे, राजकुमार भाटिया एवं श्रीमति सारिका जैन आदि भी उपस्थित थे। यहां सचदेवा ने कहा कि 25 का लोकसभा चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है इस लोकसभा चुनाव में उत्तर पश्चिम संसदीय क्षेत्र की जनता को कांग्रेस के ऐसे प्रत्याशी उदित राज को नकारना है जो गत 5 साल से बहुसंख्यक समाज को गाली दे कर समाजिक सद्भाव बिगाड़ता रहा है। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल की सुबह उत्तर पश्चिम दिल्ली के प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया अपना नामांकन करने जायेंगे तो कार्यकर्ताओं को ऐसा विशाल समागम करना है कि यह नामांकन जुलूस विजय आशीर्वाद जुलूस का रूप ले ले।

## कर्पूरी ठाकुर ने गरीबों की चिंता की और उनके लिए किए अनेकों कार्य : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




- जननायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया

आज से 50 वर्ष पहले किसी व्यक्ति ने गरीबों की चिंता करी या गरीब के लिए अनेकों कार्य किये हो, वह कर्पूरी ठाकुर थे। कर्पूरी ठाकुर अपने गांव के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 10वीं की परीक्षा पास करी थी और वह पहले व्यक्ति थे जिन्होंने गठबंधन राजनीति की नींव रखी। दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा द्वारा रविवार को अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, जनपथ में जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उक्त बातें कहीं। इस अवसर पर सम्राट चौधरी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने पर आभार जताने के लिए भाजपा दिल्ली प्रदेश द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए पूरी टीम को बधाई दी और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मनोज तिवारी, वीरेंद्र सचदेवा, नीरज तिवारी, सुनील यादव ने भी सभा को संबोधित किया। वहीं, संगठन महामंत्री पवन राणा, वरिष्ठ नेता सुमित भसीन, पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष नीरज तिवारी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव सहित अन्य पदाधिकारी और बिहार के कई पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में दिल्ली में रह रहे पूर्वांचल वासी उपस्थित थे।

### गूगल पर फर्जी विज्ञापन देकर लोगों को करते थे टारगेट

# जेएनयू प्रोफसर को ठगने वाला झारखंड से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



**खास बात**

- अपने भाई के साथ मिलकर करता था ठगी

जेएनयू के एक प्रोफेसर से ठगी करने वाले जालसाज को पुलिस ने झारखंड से अरेस्ट किया है। आरोपी रियाज अंसारी (18) अपने भाई के साथ मिलकर ठगी करता था। इसके पास से छह मोबाइल फोन, छह सिमकार्ड और बैंक से सम्बंधित जाली दस्तावेज बरामद हुये हैं। जामताड़ा झारखंड से ठगी का धंधा ऑपरेट किया जा रहा था। एनसीआरपी पोर्टल पर इस मामले से जुड़ी 13 अन्य शिकायतें लिंक मिली हैं। कथित बैंक खातों से एक करोड़ से ज्यादा की ठगी का पता चला है।

डीसीपी साउथ वेस्ट रोहित मीना के अनुसार रियाज अंसारी पिछले साल 21 अक्टूबर को वसंतकुंज निवासी उदयनाथ साहू के साथ ठगी में शामिल था। पीड़ित जेएनयू में प्रोफेसर के तौर पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी फ्लाइट की टिकट रद्द कराने के बाद रिफंड के लिए एयर एशिया का कस्टमर केयर नंबर गूगल पर सर्च किया था। एक साइट पर उन्हें नंबर मिल गया। वहां कॉल करने पर एक शख्स ने फोन रिसीव किया। उसने खुद को ग्राहक सेवा का प्रतिनिधि बताया। उनकी मदद का नाटक कर जालसाज ने पीड़ति से एनी डेस्क एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए कहा। उन्हें भेजे गए फिशिंग लिंक पर अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए भी बोला गया। फिशिंग लिंक एसबीआई खाते का विवरण देने वाला परफॉर्मा था। जालसाज ने उन्हें रकम वापस करने का भरोसा दिया। इस बीच पीड़ति द्वारा बैंक विवरण दर्ज करने के बाद जैसे ही जालसाज ने उनके नेट बैंकिंग में लॉग इन किया, तभी उनके बैंक अकाउंट से 7,32,510 रुपए कट गए। इस बाबत मिली शिकायत पर पुलिस ने साइबर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया। पुलिस की जांच मनी ट्रेल पर केंद्रित हुई। मनी ट्रेल में कथित लेनदेन के लाभार्थी विवरण हासिल किए गए। पता चला कि पांच लाख रुपए कोलकाता, मुंबई, लुधियाना पंजाब और वाराणसी के चार खातों में ट्रांसफर किए गए थे। सभी बैंक खातों को वैरिफाई किया गया। उन्हें जालसाजों द्वारा कहीं ओर से संचालित किया जा रहा था। टैक्नीकल सर्विलांस और सीडीआर का विश्लेषण करने के बाद पुलिस की तफ्तीश जामताड़ा झारखंड में केंद्रित हुई। इसके बाद आरोपी रियाज को बरियारपुर गांव से दबोच लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने कबूल किया कि वह अपने भाई मुख्तार के साथ ग्राहक सेवा के बहाने साइबर धोखाधड़ी करता था। अब पुलिस को मामले में उसके भाई की तलाश है।

# सरेआम चाकू से ताबड़तोड़ वार कर की पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारत नगर इलाके में एक शख्स ने सरेआम चाकू से हमला कर पत्नी की हत्या कर दी। इस वारदात के बाद आरोपी ने फरार होने की कोशिश की लेकिन पब्लिक ने पीछा कर पकड़ लिया। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी का नाम जावेद (24) बताया गया है। वारदात शनिवार शाम हुई। शुरुआती जांच में वारदात के पीछे घरेलू कलह की बात सामने आई है। महिला पति के बुरे बर्ताव के कारण कुछ समय से अलग रह रही थी।

पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम करीब सात बजे भारत नगर थाने को इस घटना की सूचना मिली। पुलिस ने महिला को नजदीकी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला का नाम अफसाना (28) बताया गया है। वह इन दिनों बुनकर कॉलोनी स्थित मायके में रह रही थी। इसका पांच साल का बेटा और डेढ़ साल की बेटी है। महिला की करीब छह साल पहले जावेद से शादी हुई थी। जावेद का कपड़ों की सिलाई का काम है। पति पत्नी के बीच निजी कारणों से कुछ विवाद चल रहा था। इस वजह से अफसाना जनवरी से अपने बच्चों के साथ मायके आकर रहने लगी थी। जावेद ने उसे फोन कर घर भी आने के लिए कहा लेकिन महिला ने इंकार कर दिया था। पत्नी को अपने साथ ले जाने की उसकी कोशिश हर बार नाकाम साबित हुई। जिस कारण उसमें गुस्सा भरा हुआ था। बीती शाम अफसाना अपने बच्चों और छोटी बहन के साथ बाजार से घर लौट रही थी, तभी पीछे से आए आरोपी ने सड़क पर ही पत्नी के ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। उस वक्त महिला की गोद में बच्ची भी थी। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पिछले कई दिनों से वह वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

# भाजपा ने 'आप' के कैंपेन सॉन्ग 'जेल का जवाब वोट से देंगे' पर लगवाई रोक : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा है कि भाजपा की तानाशाह सरकार ने नया कारनामा दिखाया है। भाजपा का राजनीतिक हथियार बन चुके चुनाव आयोग ने आप के कैंपेन सॉन्ग 'जेल का जवाब, वोट से देंगे' पर रोक लगवाई है। देश के इतिहास में ये पहली बार हुआ है जब भारतीय निर्वाचन आयोग ने प्रचार रोकने के लिए किसी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी है। रविवार को वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने एक प्रेस वार्ता में भाजपा पर यह आरोप लगाते हुए जानकारी साझा की। आतिशी ने कहा कि ऐसा सिर्फ तानाशाह सरकारों में ही विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोका जाता है, कैंपेन सॉन्ग पर रोक के साथ मोदी और भाजपा की तानाशाही का एक और सबूत देश के सामने आ गया है। भाजपा तानाशाही करे वो सही है लेकिन उस तानाशाही के बारे में कोई प्रचार करे तो वो गलत है और सबसे मजेदार बात- आम आदमी पार्टी का कैंपेन सॉन्ग 'जेल का जवाब, वोट से देंगे' उस पूरे गाने में कही पर भी भारतीय जनता पार्टी का नाम नहीं है लेकिन चुनाव आयोग का कहना है



कि अगर आप तानाशाही की बात करते है तो ये सत्ता में बैठी पार्टी की आलोचना है। यानी चुनाव आयोग ख़ुद मानता है कि भाजपा इस देश में तानाशाही चला रही है।

### 'भाजपा को केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से लगता है डर'

आप नेता आतिशी ने आरोप में कहा कि भाजपा ने अपनी तानाशाही का सबूत देश के सामने रख दिया है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से डर लगता है इसका सबूत उन्होंने देश के सामने रख दिया है। सबसे पहले भाजपा शासित केंद्र सरकार ने एक फर्जी मुकदमे में लोकसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। इसलिए गिरफ्तार कर लिया ताकि वो लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सके। उन्होंने कहा कि, ये सब सिर्फ़ तानाशाही सरकार में होता है जहां विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल दिया जाता है, विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से रोक दिया जाता है और रविवार को भाजपा के एक और राजनीतिक हथियार चुनाव आयोग ने इसे साबित कर दिया है।

■ तानाशाह सरकारों में ही रोका जाता है विपक्षी पार्टियों को प्रचार करने से

आतिशी ने कहा कि, जब भाजपा ईडी-सीबीआई का प्रयोग कर आचार संहिता के दौरान विपक्ष के नेताओं को जेल में डालती है तो चुनाव आयोग को कोई आपत्ति नहीं होती है लेकिन आम आदमी पार्टी इसे गाने का रूप दे देती है तो चुनाव आयोग को बहुत आपत्ति हो जाती है। आतिशी ने साझा किया कि, चुनाव आयोग का कहना है कि, 'जेल का जवाब, वोट से देंगे' ये रूलिंग पार्टी और एजेंसीज को गलत तरीके में दिखाता है। उन्होंने कहा कि, ये सीबीआई, ईडी, आईटी के प्रमुखों की नहीं बदलेंगे उनके विपक्ष पर हमले को नहीं रोकेंगे लेकिन कोई चुनाव प्रचार में ये कह दे कि झूठी गिरफ्तारियां हो रही है तो चुनाव आयोग को इससे आपत्ति हो जाती है।

### सीईओ की पूर्व अनुमति के बिना सार्वजनिक रूप से अभियान गीत क्यों किया लॉन्च : भाजपा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के नेता पीड़ति कार्ड खेलने में माहिर हैं, वे पहले कानूनों का उल्लंघन करते हैं और जब किसी अधिकारी या व्यक्ति द्वारा आपत्ति जताई जाती है तो वे पीड़ति कार्ड खेलना शुरू कर देते हैं। दिल्ली भाजपा प्रदेश के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आप द्वारा बिना अनुमति के लॉन्च किए गए सॉन्ग को लेकर उक्त प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कानून के अनुसार अभियान गीत या अभियान पुस्तिकाओं की सामग्री को सार्वजनिक लॉन्च से पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिल्ली द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग आतिशी से जानना चाहते हैं कि उनकी पार्टी ने सीईओ दिल्ली की पूर्व मंजूरी के बिना सार्वजनिक रूप से अभियान गीत क्यों लॉन्च किया था ?

## खबर संक्षेप

### एबीवीपी ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्कूल का ओपन लर्निंग इकाई ने रविवार को एसओएल के विद्यार्थियों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें लोकसभा चुनाव में छात्रों को बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की गई। आभियान में 100 की संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। एबीवीपी एसओएल इकाई अध्यक्ष अंकित राव ने कहा कि हमें इस लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए तथा राष्ट्र के हित में मतदान करना चाहिए। हमें राष्ट्र को प्रथम रखकर मतदान करना चाहिए तथा अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करना चाहिए ताकि देश अपने स्वाभाविक गति से विकसित भारत बन सके। उन्होंने बताया कि एबीवीपी हजार से अधिक छात्रों के साथ 1 मई से मतदाता जागरूकता अभियान शुरू कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न बस्तियों, बाजारों में जाकर, एबीवीपी कार्यकर्ता लोगों से मतदान की अपील करेंगे।

### आईपी यूनिवर्सिटी ने आयोजित किया विज्ञान उत्सव 'विज्ञान 2024'

**नई दिल्ली।** छात्र कल्याण निदेशालय, आईपी यूनिवर्सिटी ने दो दिवसीय विज्ञान उत्सव 'विज्ञान 2024' का आयोजन द्वारका कैम्पस में किया। यूनिवर्सिटी के सृजन साइंस क्लब 'सृजन' के तत्वावधान में इसका आयोजन किया। इस फेस्टिवल का सेंट्रल थीम 'ग्लोबल न्यूट्रालाइजेशन' रखा गया था। इस उत्सव का उद्घाटन करते हुए क्वालिटी काउन्सिल ऑफ इंडिया के प्रो. सी पी कौशिक ने बढ़ती पर्यावरणीय समस्याओं पर चिंता जताई और उन समस्याओं के स्थाई समाधान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इसे रोकने के लिए एक कारगर रोडमैप बनाने की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन और हानिकारक गैसों का ज्यादा उत्सर्जन भी बड़ी समस्याएं हैं। उन पर भी नियंत्रण आवश्यक है। इस दौरान विज्ञान से संबद्ध कई प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। उन प्रतियोगिताओं में यूनिवर्सिटी से संबद्ध संस्थानों के छात्रों ने भी भाग लिया।

### लवली ने आप गठबंधन, बावरिया की मनमानी और गलत उम्मीदवार चयन बताया कारण

# कांग्रेस को चुनाव पूर्व लगा बड़ा झटका डीपीसीसी अध्यक्ष लवली ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान के बाद रविवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने सुबह सुबह अपने पद से इस्तीफा देकर पूरी पार्टी को चौंका दिया। लवली के एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे इस्तीफे में लिखा है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से गठबंधन और प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया की मनमर्जी के चलते पद से इस्तीफा दे रहा हुं। लवली ने खड़गे को लिखे पत्र में और भी कई आरोप लगाए है। जैसे ही लवली द्वारा पद से इस्तीफा देने की खबर बाहर आई, कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उनके आवास पर मिलने पहुंचे। शुरू में कयास लगाए जा रहे थे कि लवली ने पद के साथ ही कांग्रेस पार्टी भी छोड़ दी। लवली ने अपने इस्तीफे में मुख्य रूप से आप पार्टी



से लोस गठबंधन, प्रभारी बावरिया की मनमानी और उम्मीदवारों के चयन में प्रदेश संगठन की पूरी तरह से अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए है। लवली ने लिखा कि प्रभारी बावरिया अधिकांश मुद्दों पर प्रदेश संगठन की पूरी तरह अनदेखी करते है। वरिष्ठ नेताओं की बेइज्जती करना, बात नहीं सुनना दुखद है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी से गठबंधन को लेकर प्रदेश संगठन की एक नहीं सुनी और बिना बताए लोस चुनाव के लिए आप से गठबंधन कर लिया गया। जबकि कांग्रेस अपने बलबूते पर चुनाव लड़ने में सक्षम थी। उन्होंने कहा कि गठबंधन के बाद उम्मीदवारों के चयन में भी प्रदेश संगठन की पूर्ण रूप से अनदेखी हुई। उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम दिल्ली सीट पर उदित राज को टिकट देना भी गलत था, विरोध के बावजूद उन्हें उम्मीदवार बनाया गया। लिखा कि प्रदेश इंजार्च प्रभारी दीपक बावरिया लगातार मुझ पर दबाव बनाए हुए थे कि कुछ नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाया जाए। उम्मीदवारों के चुनाव में बावरिया ने प्रदेश संगठन की पूरी तरह से अनदेखी की जिससे कार्यकर्ताओं की मेहनत विफल होती नजर आई।

### अरविंदर ने कहा, मैंने पद छोड़ा पार्टी नहीं, किसी दल में शामिल होने से किया इनकार

डीपीसीसी अध्यक्ष के साथ ही कांग्रेस छोड़ने की खबरों के बीच खुद अरविंदर सिंह लवली ने सामने आकर बयान दिया कि मैंने सिर्फ अध्यक्ष पद छोड़ा है कांग्रेस पार्टी नहीं। भाजपा या अन्य दल में जाने की अटकलों पर फिलहाल विराम लगाते हुए लवली ने कहा कि अभी मैं कांग्रेस पार्टी में ही हूं, किसी भी अन्य दल में नहीं जा रहा है। यहां बता दे कि लवली वर्ष 2018 में भी कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में जा चुके है। इसलिए पद छोड़ने के बाद यह खबर तेजी से फैली की लवली एक बार फिर भाजपा पार्टी ज्वाइन करने वाले है। हालांकि ताजा घटनाक्रम में बेशक लवली ने भाजपा या किसी अन्य दल में जाने से मना कर दिया हो, लेकिन राजनीति में कुछ भी होना संभव माना जाता है।

### देर रात तक लवली के संपर्क में रहे कई वरिष्ठ नेता

शनिवार रात दिए इस्तीफे को बेशक कांग्रेस आला कमान ने लवली का पद मुक्त कर दिया हो। लेकिन लवली के समकक्ष व वरिष्ठ नेताओं ने उनके आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और मनाने की कोशिशें की। देर शाम तक लवली को मनाने की तमाम कोशिशे की गई लेकिन ऐसी कोई खबर बाहर नहीं आई जिससे लगे की वह अपना इस्तीफा वापस ले रहे है। सूत्रों की मानें तो देर रात तक लवली के घर नेताओं की बैठकें होती रही।

### भारत को विकसित देश के रूप में देखने वाला कभी गठबंधन का नहीं देगा साथ : सचदेवा

नई दिल्ली। इंडी गठबंधन को लेकर भाजपा हमेशा से एक ही बात कहती आई है कि सिर्फ दल मिले हैं दिल नहीं मिले हैं और आज यह साबित हो गया जब सरदार अरविंद सिंह लवली ने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। यहां उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के खत्म करने का कारण भी कांग्रेस ही हैं जिसने कन्हैया कुमार एवं उदित राज जैसे लोगों को टिकट दिया जो देश को तोड़ने और बहुसंख्यक समाज को गाली देने का काम करते हैं। हर वह व्यक्ति जो भारत को विकसित देखना चाहता है, जिसको देश की तरक्की देखना है, वह कभी ऐसे गठबंधन के साथ नहीं होगा जिसमें केजरीवाल जैसे भ्रष्टाचारी और कन्हैया कुमार जैसे राष्ट्र एकता विरोधी लोग हो। प्रेस वार्ता का संचालन मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया और कहा कि धीरे धीरे ही सही लेकिन भाजपा का वह कथन सच साबित हो रही है कि 25 मई से पहले इंडी गठबंधन पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल भी उपस्थित थे।

### आरोपों पर बावरिया की सफाई, इस्तीफा मंजूर, पार्टी का फैसला नहीं बदलेंगे उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** लवली द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया ने सफाई देते हुए कहा कि हां वह मेरे कई फैसलों से सहमत नहीं होते थे, यह उनका अपना नजरिया हो सकता है। लेकिन पार्टी की भलाई के लिए सख्त फैसले भी लेने पड़ते है। बावरिया ने कहा कि लवली का इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष ने मंजूर कर लिया है। बावरिया ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी ने यह फैसला लिया है कि दिल्ली की तीनों लोकसभा सीटों के उम्मीदवार अब नहीं बदले जाएगें। उन्होंने कहा कि लवली की जगह नया अध्यक्ष जल्द ही मिल जाएगा। नए अध्यक्ष के नाम पर उन्होंने कहा कि यह पार्टी तय करती है, समय आने पर नाम की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने एक जवाब में कहा कि यह सही है कि ऐन समय पर अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफा देने से कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। बावरिया ने दावा किया कि कांग्रेस ने जिन तीन उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है वह भारी मतो से जीत दर्ज करने जा रहे है। रही बात किसी को बाहरी या स्थानीय बताने की तो लोकसभा चुनाव में ऐसा कुछ नहीं होता। बावरिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जो बेहतर उम्मीदवार होते हैं, पार्टी केवल उन्हीं का चयन करती है। कांग्रेस एक अनुशासित पार्टी होने के नाते सभी को पार्टी के फैसलों को सहर्ष स्वीकार करना ही हर कार्यकर्ता का प्रथम कर्तव्य बनता है। बावरिया ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता को अपने निजी स्वार्थ छोड़ना पड़ता है। बावजूद इसके अगर कोई नेता या पद पर बैठा व्यक्ति अपने निजी स्वार्थ के लिए किसी को उम्मीदवार बनाना चाहते हैं तो यह अच्छी बात नहीं है।

## नए अध्यक्ष की दौड़ में कई वरिष्ठ नेता, लवली को मनाने में जुटी पार्टी

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद जहां उन्हें मनाने की कोशिशे जारी हैं, वहीं नए अध्यक्ष को लेकर भी दौड़ शुरू हो गई है। इस दौड़ में कई वरिष्ठ व पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक शामिल है। सूत्रों के अनुसार बेशक लवली को पद न छोड़ने के लिए मनाने मान मनौव्वल चल रही हो, लेकिन आला कमान अब नए चेहरे को लाने की सोच रहा है। लोकसभा चुनाव सिर पर हैं और पूर्व में चौधरी अनिल के अध्यक्ष के समय की भांति वर्तमान में दिल्ली में कोई कार्यकारी अध्यक्ष भी नहीं है। ऐसे में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऐसे नए अध्यक्ष को लाने की है जिस पर संगठन में कोई बवाल न हो। हालांकि लवली को मनाने की कवायद भी जारी है लेकिन लगता नहीं है कि आला कमान वापस उन्हें कमान देगा। माना जा रहा है कि अगर लवली को ही वापस कमान देनी होती तो उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया जाता। लवली द्वारा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे कड़े पत्र को मीडिया में लीक करने से पार्टी के आला कमान नाराज है। इसलिए वापस कमान सौंपने की



■ माकन, चोपड़ा, हारून और देवेंद्र के नाम दौड़ में शामिल, मुस्लिम चेहरे पर दाव खेल सकती है कांग्रेस

संभावना बेहद कम दिखाई दे रही है। ऐसे में विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नए अध्यक्ष की दौड़ में सबसे आगे राज्यसभा सांसद व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय माकन का नाम लिया जा रहा है। वहीं पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, पूर्व मंत्री हारून यूसुफ, पूर्व विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व मंत्री कृष्णा तीरथ और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का नाम भी इस दौड़ में शामिल बताया जा रहा है। राजनीति के जानकारों की मानें तो कांग्रेस इस विषम परिस्थिति में माकन को तवज्जो दे सकती है, क्योंकि व पहले भी अध्यक्ष रह चुके है। अच्छे वक्ता भी है, संगठन चला भी सकते है। लेकिन माकन के साथ समस्या यह है कि दिल्ली में एक धड़ा उनसे खुश नहीं रहा है। जाहिर है कि लोकसभा चुनावों से ठीक पहले लवली के पद छोड़ने के बाद कांग्रेस कोई भी कदम ऐसा नहीं उठाएगी जिससे कार्यकर्ताओं का रहा सहा मनोबल भी टूट जाए। दूसरे नंबर पर सर्वमान्य नेता के रूप में सुभाष चोपड़ा का नाम लिया जा सकता है। वह भी पूर्व में अध्यक्ष रह चुके है कई बार के विधायक भी है और वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस-आप के लोकसभा चुनाव की कोऑर्डिनेटर कमेटी के चेयरमैन भी है। चौपड़ा ऐसे नेता माने जाते है जो सभी के साथ पटरी बिठा लेते है। यहां एक फैक्टर लोकसभा की तीन सीटों का गणित भी अगर देखा जाए तो दो सीटें चांदनी चौक और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट मुस्लिम बहुल है। ऐसे में कांग्रेस नए अध्यक्ष के रूप में मुस्लिम चेहरे पर भी दांव खेल सकती है। अगर ऐसा होता है तो मुस्लिम चेहरे में सबसे पहला नाम पूर्व मंत्री हारून युसूफ का सबसे वजनदार माना जा रहा है। युसूफ शीला सरकार में तीन बार मंत्री रहे है और उनको मिलनसार भी माना जाता है। हारून के नाम पर भी शायद ही कोई गुटबाजी नजर आए। शीला सरकार के जाने बाद भी हारून प्रदेश संगठन में सक्रिय रहे है। चौ अनिल के अध्यक्ष रहते हारून को भी पार्टी ने कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी थी। इसके अलावा देवेंद्र यादव के नाम पर भी चर्चा हो सकती है क्योंकि वह राहुल की टीम का हिस्सा है। यादव युवा और पढ़े लिखे समझदार नेता माने जाते है। सबसे कम आयु के पार्षद से लेकर दो बार विधायक चुने गए यादव कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य और उत्तराखंड व पंजाब के प्रभारी की जिम्मेदारी भी संभाली। इसके अलावा हारून की तरह ही यादव भी दिल्ली प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके है। जबकि कृष्णा तीरथ सांसद से लेकर दिल्ली सरकार में मंत्री तक रह चुकी है, लेकिन उनकी बहुत ज्यादा सक्रियता नहीं रही है। कार्यकर्ताओं के बीच भी तीरथ की पकड़ कभी नहीं रही।

### संदीप ने कहा, अध्यक्ष का पद फूलों का नहीं कांटों का ताज

**नई दिल्ली।** पद छोड़ने की खबर के बाद पूर्व सांसद संदीप दीक्षित व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा उनसे मिलने उनके आवास पहुंचे। लवली से मिलने के बाद संदीप ने पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए कहा कि लवली ने बतौर अध्यक्ष कम समय में पार्टी को खड़ा करने में मेहनत की है। उन्होंने पद छोड़ा है वह एक व्यक्तिगत पीड़ा से गुजरे हो। संदीप ने कहा कि अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने का मतलब फूलों का ताज नहीं बल्कि कांटों का ताज पहनने जैसा होता है। संदीप ने कहा कि उनकी बात से पार्टी को लेकर पीड़ा दिखी और उन्होंने कहा कि पार्टी इस समय संघर्ष के दौर से गुजर रही है। उनकी पीड़ा है कि दिल्ली में हम अपनी पुरानी साख को लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसके बावजूद पिछले 6-8 महीने में उन्होंने मेहनत करके पार्टी खड़ी की है। जिससे सबको यह लगा था कि धीरे-धीरे कांग्रेस खड़ी हो रही है और हम अपने बलबूते लोकसभा लड़ेगे। लेकिन जब हमें 2 या 3 सीटें ही मिलती है तो ऐसा लगता है कि यह सही नहीं हो रहा। वहीं लवली से मिलने के बाद मीडिया से बोलते हुए सुभाष चोपड़ा ने कहा कि हमने बात की है, उन्होंने सिर्फ अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है न की पार्टी छोड़ी है। उन्होंने कहा कि पद छोड़ने को लेकर जो भी कारण रहे थे वह लवली ने पार्टी अध्यक्ष को भेज दिए हैं। एक जवाब में चोपड़ा ने कहा कि यह हमारी पार्टी का आंतरिक मामला है और हम इसे आपसी चर्चा के जरिए सुलझा लेंगे।

### पश्चिमी दिल्ली में किया दूसरा विशाल रोड शो, उमड़े लोग

# केजरीवाल शेर हैं, उनको कोई झुका और तोड़ नहीं सकता : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीएम अरविंद केजरीवाल शेर हैं, उनको कोई झुका और तोड़ नहीं सकता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को पश्चिमी दिल्ली में दूसरा विशाल रोड शो के दौरान यह संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने पूछा कि क्या आपके बेटे-भाई अरविंद केजरीवाल ने आपको एक हजार रुपए देने का ऐलान कर कोई गुनाह कर दिया, अगर नहीं, तो वोट से अपना जवाब जरूर देना। आप द्वारा जारी बयान में कहा कि उन्होंने यह रोड शो इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी महाबल मिश्रा के समर्थन में किया। पश्चिमी दिल्ली के मॉल रोड पर हुआ रोड शो 'आप' के झंडे और झाड़ू से पट गया। सुनीता ने कहा कि सीएम केजरीवाल ने दिल्लीवालों के बच्चों के लिए शानदार स्कूल बनवाने के अलावा अनेकों कार्य किए है। आपके लिए मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल बनवाए, महिलाओं का बस में सफर फ्री किया और अब सभी महिलाओं को हर महीने हजार रुपए भी देंगे। इसीलिए इन्होंने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया।

### गदा भेंट कर सुनीता का किया स्वागत

बताया गया कि लोगों ने ढोल नगाड़े बजाकर और गदा भेंट कर सुनीता केजरीवाल का भव्य स्वागत किया। पार्टी की टोपी के साथ कुछ लोग सीएम अरविंद केजरीवाल का मुखौटा भी पहने थे और 'जेल का जवाब वोट से' देंगे के नारे लगाते हुए बढ़ते जा रहे थे। खुली कार में सवार सुनीता केजरीवाल ने उनके स्वागत में उमड़ी जनता का हाथ लहराकर अभिनंदन किया। उनके साथ 'आप' प्रत्यशी महाबल मिश्रा भी मौजूद रहे।



### किसी कोर्ट ने केजरीवाल को दोषी नहीं माना

पश्चिमी दिल्ली में रोड शो के दौरान सुनीता केजरीवाल ने कहा कि मेरे पति अरविंद केजरीवाल को इन्होंने पिछले एक महीने से जबरदस्ती जेल में डाल रखा है। अभी तक किसी कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को दोषी नहीं माना है। ये लोग कह रहे हैं कि जांच चल रही है। अगर यह जांच 10 साल चलेगी तो ये लोग अरविंद केजरीवाल को 10 साल जेल में रखेंगे। इससे पहले कोई तब जेल जाता था, जब अदालत उसे दोषी करार देती थी। अभी इनका एक नया सिस्टम आया है कि जब तक जांच चलेगी, जब तक मुकदमा चलेगा, तब तक जेल में रखेंगे। यह तो सरासर गुंडागर्दी और तानाशाही है।

### चुनाव प्रचार से रोकने के लिए केजरीवाल को जेल में डाला : महाबल

वहीं, महाबल मिश्रा ने कहा कि इन्होंने गलत तरीके से अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया है, जिससे कि वो लोकसभा चुनाव का प्रचार न कर सके। भाजपा के लोग अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता से डरते हैं। इसलिए उन्हें झूठे केस में फंसाकर जेल में डाला गया है।

अरविंद केजरीवाल ने आपके के लिए बिजली, पानी फ्री कर दिया। महिलाओं की बसों में यात्रा फ्री कर दी। बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करा रहे हैं। दिल्ली की जनता के हित में ढेरों काम किए हैं। ऐसे मुख्यमंत्री को राजनीतिक साजिश के तहत जेल में डाला गया है। दिल्ली के लोग देख रहे हैं। इस बार हम में मिलकर जेल का जवाब वोट से देना है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी देश की सबसे मजबूत आवाज को दबाने की साजिश : भारद्वाज

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के समय अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी देश की सबसे मजबूत आवाज को दबाने की एक साजिश है और 29 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा उनकी गिरफ्तारी को दी गई चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई होनी है। पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस संबंध में अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक हलफनामे के जरिए अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि हलफनामे में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जब देश के अंदर देश के सबसे बड़े चुनाव हैं, संसद के चुनाव हैं, प्रधानमंत्री को चुनने के चुनाव हैं, चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता की घोषणा की जा चुकी है और उसके 5 दिन के अंतराल में इस देश की मुख्य विपक्षी एवं राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल को एक झूठे मुकदमे में गिरफ्तार किया गया।

### 'आप' की यूथ विंग ने 'जेल का जवाब वोट से' अभियान के तहत वॉकथॉन का किया आयोजन

नई दिल्ली। वॉकथॉन 'वॉक फॉर केजरीवाल कार्यक्रम के दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल की साजिशन गिरफ्तारी के खिलाफ पूरी दिल्ली एकजुट हो गई। वॉकथॉन के दौरान सौरभ भारद्वाज ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अरविंद केजरीवाल को जिस तरह से जेल भेजा गया है, उसके विरोध में दिल्लीवाले 'जेल का जवाब वोट से' अभियान चला रहे हैं। रविवार को आम आदमी पार्टी के यूथ विंग ने एक वॉकथॉन का आयोजन किया। इसमें साउथ दिल्ली और नई दिल्ली के लोकसभा प्रत्याशियों ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से एक शुगर के मरीज की इंसुलिन रोकी गई। उनको मारने की कोशिश की गई। उन्हें अपने परिवार और सांसदों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। जाहिर सी बात है कि अरविंद केजरीवाल को तोड़ने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वो टूटने वाले नहीं हैं। वहीं, आतिशी ने कहा कि भाजपा को लगा कि केजरीवाल को जेल में डाल देगी तो 'आप' प्रचार नहीं कर पाएगी, लेकिन आज दिल्ली की जनता हमारा प्रचार कर रही है। सुनीता केजरीवाल के रोड शो में उमड़े जन सैलाब को देख भाजपा को पता चल गया है कि इस बार वो दिल्ली की सातों सीटें हार रही है।

## खबर संक्षेप

### अध्यापक संघ ने कांग्रेस प्रत्याशी को ज्ञापन सौंपा



**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ के नेताओं ने जिला प्रधान भीम सिंह, रेखा रानी राज्य सचिव, बीरेन्द्र सिंह जिला सचिव के नेतृत्व में सैकड़ों अध्यापकों ने मुलाकात कर कर्मचारियों की मांग व समस्याओं संबंधी ज्ञापन कांग्रेस सांसद प्रत्याशी महेन्द्र प्रताप को सौंपा। कहा कि सार्वजनिक सेवाओं के विभागों विशेष रूप से शिक्षा के निजीकरण को रोका जाए।

### उपमंडलाधीश ने किया शराब स्टॉक का निरीक्षण



**फरीदाबाद।** उपमंडलाधीश शिखा अंतिल ने आगरा मार्ग पर बनाए गए एल-1 में शराब स्टॉक का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए शराब के स्टॉक की पूरी निगरानी रखना सुनिश्चित करें। इसके अलावा अवैध शराब तस्करी पर पूरी निगरानी रखें।

### कंपनी कर्मी ने फंदा लगाकर की खुदकुशी



**गुरुग्राम।** सोहना एरिया के गांव रायपुर में कंपनी कर्मी ने अपने कमरे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। यूपी के आजमगढ़ निवासी 33 वर्षीय दिनेश सोहना के गांव रायपुर में अपनी पत्नी के साथ किराए पर रहता था।

### चचेरी बहन की दुष्कर्म के बाद हत्या,दो गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** मसूरी थाना इलाके में रिश्ते को शर्मशार करने वाला मामला प्रकाश में आया है। यहाँ पर एक 13 वर्षीय बच्चे ने अपनी आठ वर्षीय चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म किया और उसकी ईंट मारकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं इस शातिर दिमाग बालअपचारी ने अपने आठ वर्षीय भाई के साथ मिलकर बच्ची के शव को नहर में डाल दिया था।

### एटीएम से चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने बैंक एटीएम से चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 17लाख 32हजार 500 रुपए व एक स्कूटी बरामद की है। डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि पीएनबी बैंक के चीफ मैनेजर ने थाने में तहरीर दी थी।

---

दो दिन पहले ही नशा मुक्ति केंद्र से घर वापस आया था

# देवर ने चाकू से गोदकर की वाइस प्रिंसिपल भाभी की हत्या, छीनाझपटी में बेटा व आरोपी भी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

शिवाजी पार्क के गली नं 15 में वाइस प्रिंसिपल की उसके ही देवर ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इस हमले में महिला का बेटा बचाव में आया तो छीनाझपटी में वह और आरोपी दोनों घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है।

शिवाजीनगर एरिया में वाइस प्रिंसिपल की उसके ही देवर ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। हमले में महिला का बेटा बचाव में आया तो छीनाझपटी में वह और आरोपी दोनों घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। आरोपी दो दिन पहले ही नशा मुक्ति केंद्र से घर वापिस आया था। पुलिस ने उसे काबू कर लिया और केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दरअसल, गली नंबर 15 में आदर्श पब्लिक स्कूल है। जिसमें 39 वर्षीया निधि वाइस प्रिंसिपल थी। वह अपने पति नवीन व दो बच्चों के साथ स्कूल के ऊपर ही बने घर में रहती थी। जबकि स्कूल की संचालक उसकी सास है। निधि का देवर 45 वर्षीय नवनीत भी शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। शराब पीने की आदत के चलते नवनीत को नशा मुक्ति केंद्र में छोड़ा गया था। दो दिन पहले ही वह वहां से वापिस लौटा था। आरोप है कि शनिवार रात करीब 8 बजे निधि और देवर नवनीत उर्फ संटी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिस पर नवनीत ने अपनी भाभी पर 2 बार चाकू से वार किया। निधि ने शोर मचाया तो उसका 20 साल का बेटा भागा-भागा आया। इसके बाद उसने चाचा से चाकू छीनने की कोशिश की। इसमें युवक और नवनीत दोनों घायल हो गए।

शोर सुनकर लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। शिवाजी नगर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो महिला खून से लथपथ पड़ी हुई थी। वहीं बेटा और नवनीत घायलावस्था में मिले। इसके बाद तीनों को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने निधि को मृत घोषित कर दिया।

निधि पति नवीन व दो बच्चों के साथ स्कूल के ऊपर रहती थी



**घायलों को मेदांता अस्पताल भर्ती कराया गया**

महिला पर उसके देवर ने चाकू से हमला किया था। छीनाछपटी में महिला का बेटा और आरोपित देवर भी घायल हो गए। तीनों को मेदांता अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

**संदीप,शिवाजी** नगर थाना प्रभारी

---

विजय संकल्प सम्मेलन में बोले भाजपा प्रत्याशी गुर्जर

# कांग्रेस के 70 सालों पर भारी पड़ गया मोदी सरकार के 10 वर्षों का कार्यकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मोदी सरकार ने न केवल देश को मजबूत किया बल्कि लोगों को भी आर्थिक रुप से सुदृढ़ बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है।

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि मोदी सरकार का दस सालों का कार्यकाल कांग्रेस के 70 सालों पर भारी है, इन दस सालों में गरीब, दलित, पिछड़े सहित हर वर्ग के हितों के लिए कार्य किए गए हैं। मोदी सरकार ने न केवल देश को मजबूत किया बल्कि लोगों को भी आर्थिक रुप से सुदृढ़ बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है।

गुर्जर बल्लभगढ़ विधानसभा की कुंदन कालोनी में समाजसेवी भारत भूषण द्वारा आयोजित विजय संकल्प सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। विजय संकल्प सम्मेलन में उपस्थित हजारों लोगों ने हाथ उठाकर कृष्णपाल गुर्जर का अभिवादन किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। लोगों को संबोधित करते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने दस वर्षों में देश व प्रदेश की दिशा और दशा बदलने का काम किया है, फरीदाबाद जिला भी पिछले दस वर्षो में विकास की राह पर अग्रसर हुआ है, शहर और या गांव विकास का पहिया चहुंओर बराबर चला है और लोगों को मौलिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में योजनाबद्ध तरीके से शहरों की तर्ज पर गांवों का विकास किया जा रहा है, पिछले 10 सालों में फरीदाबाद की जनता को बिजली, पक्की सड़क, सीवरेज, मीठे पानी की सप्लाई और इंटर लाकिंग टाइलों से बनाई गई गलियां सहित तमाम मूलभूत विकास कार्यों की सौगात मिली हैं और केंद्र व प्रदेश सरकार ने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

**खास बातें**

- शहर हो या गांव विकास का पहिया चहुंओर बराबर चला
- जनता को मिली बिजली, सड़क, सिवरेज, मीठे पानी की सुविधा



### अधिक मतदान करने की अपील, प्रत्याशी को सनातनी गदा भेंट की

सभा में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने भी केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा दस वर्षो में किए गए विकास कार्यो का ब्योरा प्रस्तुत किया और लोगों से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम के आयोजक भारत भूषण ने कृष्णपाल गुर्जर को सनातनी गदा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया। उन्होंने सभा में आये सभी गणमान्य लोगों का आभार जताते हुए कहा कि इस बार कृष्णपाल गुर्जर को दस लाख वोटों के अंतर से जिताकर नया कीर्तिमान रचने का काम करेंगे और इस कार्य में बल्लभगढ़ विधानसभा के लोग बढ़-चढ़कर मतदान करके मोदी जी के हाथों को मजबूत करेंगे।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला सुशासन प्रमुख रमेश भारद्वाज, पुष्पेंदर सनातनी, अजय यादव, सोनू शर्मा, विक्की कौशिक, राजकुमार राणा, मेजर जय चंद, सुन्दर सिंह ठाकुर (शौर्य चक्र विजेता) मनोज चौधरी, चौ.श्रवण, संत हुड्डा, कुंदन परिवार, सुरेंदर राणा, कीर्तन मंडली सेक्टर-3,आदर्श नगर, विक्रम जाखड, शुरवीर दीवान, रमेश लोहिया, लक्ष्मण राणा, मूलचंद पवार, फकरुद्दीन, सांगवान, देवपाल भाटी, डा. राजू सेन, ज्ञानपाल खटाना, संजय सैनी, भगवान, रघुनाथ मास्टर, सतीश शर्मा व समस्त टीम मौजूद रही।

---

छानबीन कर रही पुलिस

# क्रेडिट कार्ड में लिमिट घटाने के नाम पर 3.5 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम




साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में क्रेडिट कार्ड की लिमिट घटाने के नाम पर युवती से 3 लाख 4 हजार 824 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में पालम विहार की सोसाइटी में रहने वाली दीप्ति प्रिया ने कहा कि गत दिवस उसके मोबाइल पर एक युवती का फोन आया। जिसमें युवती ने खुद को आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग से बताया। युवती ने दीप्ति प्रिया से पूछा कि क्या वे क्रेडिट कार्ड की लिमिट घटवाना चाहती हैं। जिस पर दीप्ति ने रजामंदी जाहिर की। युवती ने दीप्ति को एक लिंक भेजकर उसमें डिटेल भरने को कहा। जब दीप्ति ने डिटेल भरी तो उसके पास ओटीपी आया। जिस पर युवती ने कहा कि यह लिमिट घटाने के लिए है। दीप्ति ने जब ओटीपी डाला तो तीन बार में उसके क्रेडिट कार्ड से 3 लाख 4 हजार 824 रुपए डेबिट होने के मैसेज आए। दीप्ति ने तुरंट अपने बैंक से संपर्क किया तो पता चला कि उसके साथ ठगी हो चुकी है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

### राजेश सूटा को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट

गुरुग्राम। आयकर अधिवक्ता राजेश कुमार सूटा को नेशनल टैक्स कॉन्फ्रेंस में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स और हरियाणा टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित गुरु ज्ञान नेशनल टैक्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कांफ्रेंस में राजेश कुमार सूटा को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत और पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संध्यावालिया ने अपने हाथों से यह अचीवमेंट अवॉर्ड दिया। एक लंबे समय से आयकर और कराधान के हजारों मामलों में अपने क्लाइंट की रक्षा करते हुए राजेश कुमार सूटा ने न केवल कानून का पालन किया बल्कि नया रास्ता भी दिखाया है। सूटा की टीम ने नए टैक्स अर्थात जीएसटी के क्षेत्र में बड़ा ही काम किया है और कानून का पालन करते हुए बड़ी राहत दी है। सूटा का कहना है कि अधिवक्ता के लिए कम फीस का या ज्यादा फीस का क्लाइंट हो सब बराबर होते हैं और अधिवक्ता कानून के दायरे में काम करता है। इसके अलावा उसे सरकारी कार्यालय में मान सम्मान भी दिलाता है। उन्होंने कहा कि जब जीएसटी आया तो तरह-तरह की बातें थी।

---

गिरफ्तारी पर 50 हजार का इनाम घोषित था

# दिल्ली के कारोबारी से 6 करोड़ की फिरौती मांगने वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

क्राइम ब्रॉन्च पुलिस ने 50हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित पर दिल्ली के कारोबारी कोराजनगर एक्सटेंशन में सुपर विलेज सोसाइटी में बुलाकर बंधक बनाने और छह करोड़ रुपए की फिरौती व रंगदारी मांगने के सम्बंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज है।

आरोपित अपराधी बिजेन्द्र त्यागी को मेरठ मोड थाना नन्दग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उस पर आरोप है कि 14 अक्टूबर 2024 को उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जनकपुरी दिल्ली निवासी शशाँक शर्मा को अपने घर बुलाकर बन्धक बनाकर छह करोड़ रुपये की फिरौती व रंगदारी मांगी थी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध / मुख्यालय) ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का नगद पुरस्कार घोषित किया था।



---

24.71 लाख रुपए कराए बरामद

# साइबर अपराध के 11 मुकदमों में 21 आरोपियों को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

तीनों जोन की साइबर थाना प्रभारियों की टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुए 21 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। आरोपियो में वारिस, मोनू, विनोद कुमार उर्फ सरवन तथा विकास कुमार, शिवम, सुमित कुमार, अंकित, मनमोहन रोशन व राजेश, राहुल, कैलाश, इंद्रजीत, रिंकू, महेंद्र, दिनेश, महेंद्र, गुजरात के विशाल, शमीम, सौरभ, गाजियाबाद निवासी दीपेंद्र का नाम शामिल है जिन्हें दिल्ली एनसीआर, यूपी, गुजरात इत्यादि स्थानों से गिरफ्तार किया गया है।



जब भी हम इंटरनेट पर किसी वेबसाइट को देखा जाता है तो वहां ऑनलाइन जॉब के विज्ञापन दिखाई देते हैं , जिसमें कमाने का लालच दिया जाता है। इस प्रकार के विज्ञापन आमजन को लुभाने के लिए दिया जाते हैं ताकि सुनहरी नौकरी का लालच देकर उनसे पैसे ऐंठ सकें।

---

बूथ और पन्ना प्रमुख है भाजपा की ताकत

# लोकसभा संयोजक गौड़ ने मेरा बूथ सबसे मजबूत का पढ़ाया पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भाजपा जिला फरीदाबाद की संगठनात्मक बैठक में लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं के दम पर फरीदाबाद लोकसभा से कृष्णपाल गुर्जर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर इतिहास रचेंगे।

बूथ व पन्ना प्रमुख भाजपा की ताकत है व बूथ एवं पन्ना प्रमुखों के माध्यम से फरीदाबाद की एक-एक वोट डलवाकर मोदी को तीसरी बार देश का पीएम बनाएंगे। लोकसभा की चुनावों की तैयारियों के निमित फरीदाबाद जिला कार्यालय अटल कमल पर जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में जिला संगठन की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें लोकसभा संयोजक अजय गौड़ ने भाजपा फरीदाबाद के जिला पदाधिकारियों, विधानसभा प्रभारियों, संयोजकों, बीएलए-1 भाजपा मंडल प्रभारियों, भाजपा मंडल अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रबंधन और बूथ प्रबंधन के कार्य की समीक्षा की और संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। बैठक में सुरेन्द्र जांगड़ा एवं मनोज वशिष्ठ, नीरा तोमर, मूलचन्द मित्तल एवं आर एन सिंह, हुकम सिंह भाटी, बिजेन्द्र नेहरा, टिपरचन्द शर्मा, बलदेव अलावलपुर आदि मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।




---

सूचना देने वालों का नाम रखा जाएगा गुप्त

# जिला प्रशासन ने अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए जारी किया वाट्सएप नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि आमजन के सहयोग से अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए वाट्सएप नंबर जारी किया गया है। इसके जरिए अवैध शराब तस्करी की रोकथाम के लिए भागीदार बनाने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा।

वहीं जारी किये गये वाट्सएप नम्बर पर ज्यादा सूचना देने वाले भागीदार को विशेष उपलक्ष्य पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। जिलाधीश ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान अवैध शराब तस्करी की रोकथाम के लिए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तर पर अधिकारी फ्रंट में आकर माइक्रो लेवल तक इंटेलिजेंस बढ़ाए और सीआईडी के इनपुट पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधीश ने कहा कि जिला फरीदाबाद में लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदाताओं को प्रलोभन के लिए अवैध शराब की तस्करी की रोकथाम के लिए सख्ती होनी चाहिए। जिला स्तर पर पुलिसए प्रशासनिक अधिकारी, आबकारी विभाग के अधिकारी फ्रंट में आकर माइक्रो लेवल तक इंटेलिजेंस बढ़ाए ताकि जिला फरीदाबाद में अवैध शराब तस्करी की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सके।



---

करण दलाल के बगावती तेवरों से कांग्रेस में हड़कंप

# झाड़सेंतली के महापंचायत में चुनाव लड़ने का ले सकते हैं फैसला

बिजेन्द्र शर्मा ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के समधी एवं पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल के बगावती तेवरों ने फरीदाबाद की राजनीति में एक नई बहस को जन्म दे दिया है।

अब सोमवार को गांव झाड़सेंतली में आयोजित होने वाली महापंचायत पर सबकी निगाहें टिक गई है। काबिले गौर यह है कि पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल फरीदाबाद लोकसभा चुनाव लड़ने की चाहत लिए पिछले दो वर्षों से फरीदाबाद के शहरी क्षेत्रों में सम्पर्क अभियान चलाए हुए थे। लोकसभा चुनाव के लिए जब उम्मीदवारों के नाम पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी में चर्चा शुरू हुई तो करण सिंह दलाल का नाम भी काफी मजबूती से लिया जा रहा था और इसके पीछे सबसे बड़ी वजह यह भी थी कि करण सिंह दलाल के समधी एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा वर्किंग कमेटी की बैठक में मजबूती से आगे बढ़ा रहे थे।



### प्रत्याशी तय के बाद हुड्डा नाराज होकर बैठक छोड़ चले गए

पूर्व मंत्री करन सिंह दलाल का कहना है कि जब उन्होंने फरीदाबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू की तो दूसरा उम्मीदवार नहीं था, किन्तु पार्टी ने महेन्द्र प्रताप सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। यह पार्टी का फैसला है तथा उनके संदर्भ में झाड़सेंतली में आयोजित होने वाली महापंचायत में ही कोई फैसला लिया जाएगा। कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने जब उम्मीदवारों के पैनल बनाए तो करण सिंह दलाल के साथ-साथ पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह का नाम भी शामिल कर दिया। इस बीच कई बार ऐसा भी प्रतीत होता रहा कि करण सिंह दलाल महेन्द्र प्रताप सिंह के मुकाबले काफी मजबूती से अपनी दावेदारी पेश कर रहे है। बताया गया है कि विगत दिनों आयोजित कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में मौजूद नेताओं ने पैनल में एक नाम रखने का सुझाव दिया था और वह नाम सिर्फ महेन्द्र प्रताप सिंह का था। बताया तो यह भी गया है कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी में लिए गए फैसले से हुड्डा नाराज हो गए तथा बैठक छोड़ कर चले गए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा करण सिंह दलाल की उम्मीदवारी पेश किए जाने के बाद कांग्रेस आला कमान ने फरीदाबाद में एक इंटरनल सर्वे भी करवाया था। जिसमें भी महेन्द्र प्रताप सिंह को एक मजबूत उम्मीदवार के रूप में बताया गया था। हाल ही में जारी उम्मीदवारों की लिस्ट में महेन्द्र प्रताप सिंह के नाम की घोषणा होने के बाद से पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल बगावती तेवर अपनाए हुए हैं। दलाल से जुड़े सूत्रों की माने तो वह निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर भी चुनाव समर में उतर सकते है। इसी सभी संभावनाओं के बीच करण सिंह दलाल ने जाट लैण्ड के महत्वपूर्ण गांव झाड़सेंतली में एक महापंचायत का आयोजन भी किया है। बताया जा रहा है कि इस पंचायत में लोकसभा चुनाव लडने के संदर्भ में दलाल कोई अहम फैसला ले सकते है।

## रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंची स्मृति ईरानी

बीएस लाठी ▶▶ अयोध्या

अमेठी से सांसद और केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी अयोध्या पहुंचीं। उन्होंने रामलला से जीत का आशीर्वाद लिया। लगातार तीसरी बार स्मृति ईरानी 29 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इससे पहले रविवार को स्मृति अमेठी और अयोध्या के 9 मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की। उनके नामांकन में मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव समेत कई अन्य नेता भी शामिल होंगे। नामांकन से पहले स्मृति ईरानी अमेठी में अपने आवास पर हवन पूजन करेंगी, रोड शो भी निकालेंगी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने हनुमानगढ़ी और राम लला के दर्शन पूजन के बाद राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।

# नामांकन से पहले जीत का लिया आशीर्वाद, अयोध्या-अमेठी के 9 प्रसिद्ध मंदिरों में की पूजा-अर्चना, आज स्मृति भरेंगी पर्चा

अमेठी से सांसद और केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी अयोध्या पहुंचीं। उन्होंने रामलला से जीत का आशीर्वाद लिया। लगातार तीसरी बार स्मृति ईरानी सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इससे पहले रविवार को स्मृति अमेठी और अयोध्या के मंदिरों में दर्शन करने पहुंची।



### दोबारा पुण्य पथ पर चलने के लिए प्रेरणा मिली

स्मृति ईरानी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि धर्म, धैर्य, निष्ठा और नियम, पुरुषार्थ और पराक्रम भव्य भूमि परपधारना आना किसी भी सनातनी के लिए गौरव का विषय है. वहीं अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण को लेकर स्मृति ईरानी ने कहा कि राम भक्तों का यह सबसे बड़ा सौभाग्य है कि हम प्रभु को भव्य रूप में भव्य मंदिर में आराध्या के रूप में देख पा रहे हैं। आज संतों स्नेह और आशीर्वाद पाकर मेरा मनोबल बढ़ा है। मनोबल सिर्फ बढ़ा ही नहीं बल्कि पुनः पुण्य पथ पर चलने के लिए प्रेरणा मिली है। श्री रामलला के चरणों में राष्ट्र के प्रगति, प्रधान सेवक के अच्छे स्वास्थ्य और भारत के वैभव की प्रार्थना कर हनुमान जी के दरबार में हाजिरी लगाई है। हनुमान जी के जैसे सेवा भाव मन में हो ऐसा आशीर्वाद मांगा है। राम लला की करुणा हर मन को छू रही है।

### अमेठी सीट पर 5वें चरण में 20 मई को होगा मतदान

उल्लेखनीय है कि अमेठी सीट पर 5वें चरण में 20 मई को मतदान है, लेकिन इस सीट से कांग्रेस ने अभी तक प्रत्याशी नहीं उतारे हैं। हालांकि कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा लगातार यह दावा किया जा रहा है कि इस सीट से गांधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव मैदान में होगा। 2014 के लोकसभा चुनाव में स्मृति ने अमेठी से पहली बार चुनाव लड़ी, हार का सामना करना पड़ा। दूसरी बार 2019 में दोबारा चुनाव मैदान में उतरीं स्मृति ने राहुल गांधी को हराया था। अबकी तीसरी बार स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ रही हैं। इस बार कयास लगाए जा रहे हैं कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे अबकी बार चुनाव अमेठी का दिलचस्प होने वाला है 2014 व 2019 वाले राहुल नहीं रहें अब राहुल के अंदर बदलाव देखने को मिल रहा है। अमेठी के लोकसभा चुनाव में जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी ।

## पेज एक का शेष

### गुजरात में ड्रग्स...

नशीली दवाइयां, शराब, कीमती धातु, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुएं (फ्रीबीज) और अवैध नकदी जब्त की है।

### फर्जी वीडियो वायरल ...

राह में खड़ी है। जब तक कांग्रेस है वंचितों से उनका आरक्षण दुनिया की कोई ताकत नहीं छीन सकती। राहुल गांधी के इस बयान पर राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। डॉ. भागवत ने रविवार को कहा कि संघ परिवार ने कुछ समूहों को दिए गए आरक्षण का कभी विरोध नहीं किया। संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है। लेकिन कुछ लोग फर्जी वीडियो वायरल कर रहे हैं। एक शैक्षणिक संस्थान के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो पूरी तरह गलत है। संघ का मानना है कि आरक्षण तब तक के लिए दिया जाना चाहिए जब तक इसकी जरूरत है। भागवत ने पिछले साल नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि समाज में भेदभाव मौजूद है, भले ही वह अदृश्य हो।

### केंद्रीय मंत्री शाह ने...

में उनकी सरकार आई और चार प्रतिशत अल्पसंख्यको आरक्षण दे दिया, किसका कोटा काट दिया गया? ओबीसी (आरक्षण) में कटौती की गई। आंध्र प्रदेश में उनकी सरकार आई, वहां भी उन्होंने पांच प्रतिशत अल्पसंख्यक आरक्षण किया। किसका कोटा काट दिया गया? ओबीसी (आरक्षण) में कटौती की गई। कांग्रेस ने हमेशा पिछड़े समाज का विरोध किया और आदिवासियों को न्याय दिलाने का काम कभी नहीं किया।

### लवली बताएंगे उन ...

उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली में बेस्ट कैंडिडेट उतारे हैं। उन्होंने कहा कि कोई बाहरी या अंदर का कैंडिडेट नहीं होता है। ऑल इंडिया के संदर्भ में जो कैंडिडेट बेहतर होते हैं, उनका चयन पार्टी अलाकमान करती है। इसको अनुशासन के साथ स्वीकार करना ही हर कांग्रेसी का कर्तव्य बनता है। अपने निजी स्वार्थ के लिए कोई कैंडिडेट बनना चाहते हैं तो यह सीनियर लीडर के लिए अच्छी बात नहीं है। जग में मैं सबसे बुरा सही, लेकिन पार्टी हित में जो मेरी बुद्धि सही कहती है, वो करता हूं, वही अध्यक्ष को करने को कहता हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या इस पूरे मामले में कहीं से भाजपा शामिल है? तो बावरिया ने कहा कि लवली बताएंगे उन पर दबाव था कि नहीं।

### मन की पीड़ा जाहिर ...

की है। जो लोग भ्रांति फैला रहे हैं कि मैं टिकट की नाराजगी में इस्तीफा दिया है, ऐसा नहीं है। हम मिलकर जरूर चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं था कि हम क्लीन चिट दे रहे हैं। अब तक 30 से 35 पूर्व विधायक मुझसे मिलने आए। लवली की प्रेस कांफ्रेंस में राजकुमार चौहान, अमित मलिक, नीरज बसोया भी मौजूद थे।

### 7 लोगों की ...

किया है। हादसा सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में जमल्दीपुर के पास हुआ है। पुलिस ने हालांकि अभी छह के मरने की पुष्टि की है। तीन लोगों की पहचान हुई है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।बताया जाता है कि बांगरमऊ की ओर से उन्नाव आ रही निजी बस सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमल्दीपुर गांव के पास पहुंची थी। इसी दरम्यान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बस को एक तरफ से चीरते हुए ट्रक आगे निकल गया।

### पीएम कोई भी बने,...

उपलब्धि हासिल करेगा और इसमें 'जादू' जैसी कोई बात नहीं है। हालांकि, उन्होंने एक ऐसी समय सीमा बताने से परहेज किया, जिसके भीतर देश वैश्विक रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। विश्व अर्थव्यवस्था रैंकिंग 2024 के अनुसार, 4.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ भारत अब केवल अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी से पीछे है। दुनिया की शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं की सूची में शामिल फ्रांस, इटली, ब्राजील, कनाडा और ब्रिटेन जैसे देश रैंकिंग में भारत से नीचे हैं। चिदंबरम ने एक साक्षात्कार में कहा कि नरेंद्र मोदी बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने में माहिर हैं। उन्होंने कहा कि मेरे विचार में जीडीपी के बजाय प्रति व्यक्ति आय समृद्धि का असली पैमाना है। लेकिन भारत उस वैश्विक पैमाने पर बहुत नीचे है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 2024 के अनुमान के अनुसार 2,731 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के साथ भारत की वैश्विक रैंक 136 है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी चुनावी रैलियों के दौरान आर्थिक विकास को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया है। उन्होंने देश की जनता को 'गारंटी' दी है कि वह भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे।

### कर्नाटक सरकार ने ...

के चुनाव एजेंट पूर्णचंद्र तेजस्वी एमजी ने अश्लील वीडियो-फोटो के इस मामले में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस की एफआईआर में कहा गया है कि नवीन गौड़ा और अन्य ने वीडियो और छवियों में छेड़छाड़ की और प्रज्ज्वल रेवन्ना को बदनाम करने के लिए उन्हें हासन लोकसभा क्षेत्र में पेन ड्राइव, सीडी और वॉट्सएप के माध्यम से अश्लील वीडियो और फोटो मतदाताओं के बीच शेयर किया। वे लोगों से प्रज्ज्वल को वोट न देने के लिए कह रहे हैं।

**भाजपा ने रेवन्ना से बनाई दूरी:** जेडीएस ने पिछले साल सितंबर में कांग्रेस से नाता तोड़ने के बाद भाजपा के साथ गठबंधन किया था। लेकिन, उनके कथित सेक्स टेप को लेकर उठे विवाद के बीच भाजपा ने प्रज्वल रेवन्ना से दूरी बना ली है। भाजपा की राज्य इकाई के मुख्य प्रवक्ता एस. प्रकाश ने कहा कि एक पार्टी के रूप में हमारा वीडियो से कोई लेना-देना नहीं है और न ही हमें कथित सेक्स स्कैंडल में राज्य सरकार द्वारा घोषित एसआईटी जांच पर कोई टिप्पणी करनी है।

शिवकुमार बोले- केंद्र सरकार जवाब दे: वीडियो सामने आने पर डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने केंद्र सरकार से इस मामले में जवाब मांगा। उन्होंने पूछा कि यौन उत्पीड़न के आरोप सिर्फ कुछ हासन नेता पर नहीं हैं। कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र और दूसरे नेताओं को इस पर जवाब देना चाहिए। शिवकुमार ने कहा कि मैंने उनकी (प्रज्ज्वल रेवन्ना) रिपोर्ट पढ़ी है, जिसमें कहा गया है कि महिला आयोग उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। वहीं, जेडीएस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री

### शिवकुमार बोले- ...

एचडी कुमारस्वामी ने शिवकुमार के अश्लील वीडियो मामले में शामिल होने की बात कही है।

### गलत नीतियों के ...

कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी किसी भी विपक्षी पार्टी के साथ मिलकर नहीं जा रही है, बल्कि हम अकेले ही गरीबों, मजदूरों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्ग, मुस्लिम और अन्य वर्गों के पक्ष में चुनाव लड़ रही हैं। मायावती ने कहा कि उप्र में चार बार बीएसपी के नेतृत्व में सरकार बनी। जब चौथी बार अकेले बलबूते हमारी सरकारी बनी, तब कांग्रेस, बीजेपी और दूसरी जातिवादी पार्टियों ने एक होकर बीएसपी को कमजोर करने के लिए रास्ता निकाला। इन्होंने स्वार्थी और बिकाऊ किस्म के लोगों को तोड़ा। इन्हें आगे कर छोटे संगठन बनवा दिए और बीएसपी के मुकाबले में ले आए।'

### आदि कैलाश-ओम ...

के तीर्थ यात्रियों ने हेलीकॉप्टर से आदि कैलाश के दर्शन किए थे। हेलीकॉप्टर बुकिंग को लेकर पूछताछ भी जारी है। उत्तराखंड में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद द्वारा एक नई पहल की है, जिसमें पर्यटकों को हैलीकाप्टर से पिथौरागढ़ स्थित भगवान शिव के निवास स्थान 'आदि कैलाश और ऊँ पर्वत' के दर्शन कराये जा रहे हैं।

## संतकबीरनगर के सपा नेता भाजपा में शामिल



**संतकबीरनगर।** लोकसभा चुनाव में ताकत भिड़ा रहे अखिलेश यादव को पूर्वांचल में तगड़ा झटका लगा है। सपा से जुड़े संत कबीर नगर जिले के कद्दावर नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। खलीलाबाद से पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जगत जायसवाल ने दल बदल लिया।लखनऊ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सभी नेताओं को भगवा गमछा पहनाकर बीजेपी में शामिल कराया।

## संतकबीरनगर के सपा नेता भाजपा में शामिल



**संतकबीरनगर।** लोकसभा चुनाव में ताकत भिड़ा रहे अखिलेश यादव को पूर्वांचल में तगड़ा झटका लगा है। सपा से जुड़े संत कबीर नगर जिले के कद्दावर नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। खलीलाबाद से पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जगत जायसवाल ने दल बदल लिया।लखनऊ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सभी नेताओं को भगवा गमछा पहनाकर बीजेपी में शामिल कराया।

### अखिलेश के गढ़ मैनपुरी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, बोले-

# समाजवादी किसी के नहीं, अखिलेश ये कैसा यादव प्रेम ? सब कुछ कुनबे को देते हैं

▶▶ मैनपुरी/बदायूं

यूपी के मैनपुरी लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में गृहमंत्री अमित शाह पहली रैली करने पहुंचे। यहां उन्होंने सपा को आड़े हाथों लिया।

अमित शाह ने मैनपुरी की जनता से कहा, सात तारीख को चुनाव है। जयवीर सिंह को आप सांसद बना दो। बड़ा आदमी बनाने का काम मोदी कर लेंगे। दो चरणों में मोदी शतक मार चुके हैं। दो शहजादों का खाता भी नहीं खुला है।

मैनपुरी लोकसभा सीट पर पहली बार देश के गृहमंत्री चुनावी रैली को संबोधित करने आए। यूपी की ये सीट 1996 से समाजवादी पार्टी के पास है। सपा के किले में सेंधमारी के लिए भाजपा भरसक प्रयास कर रही है। अमित शाह ने राम मंदिर के निमंत्रण और कोरोना टीके पर अखिलेश को घेरा।

**खास बातें**

- 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला
- परिवारवाद की बात उठाई, सैफई परिवार के प्रत्याशी गिनाए




### अखिलेश-डिंपल किसके डर से नहीं आए अयोध्या!

अखिलेश बाबू और डिंपल मैडम को राम मंदिर का आमंत्रण गया था। वे लोग किसके डर से नहीं आए? आजम खान भी जेल में हैं। वे वोट बैंक के डर से अयोध्या नहीं गए। जहां राम जन्मे भाजपा ने मंदिर वहीं बनाया। कश्मीर भारत का है। 70 साल तक कांग्रेस ने 370 को संभाल के रखा। पीएम मोदी ने 370 का संहार किया। राहुल बाबा ने कहा था खून की नदियां बह जाएंगी।

### सपा ने इतनी बार उम्मीदवार बदले, लगता है हार मान ली, चाचा ने तो पलायन कर लिया



बदायूं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार-बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान ली है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को उसके मेनिफेस्टो के आधार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस देश के खिलाफ हिडेन एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी रविवार को बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

### सपा ने चुनाव को मजाक का विषय बना दिया

मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन की शुरुआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगिरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार अपना प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है। यहां से तो चाचा ने भी पलायन करना ठीक समझा और भतीजे के पांव भी पहले ही उखड़ चुके हैं। सपा ने यही काम शाहजहांपुर, रामपुर और मेरठ में भी किया है। मगर जनता कह रही है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं, वह सपा के पुराने सभी कारनामों का हिसाब-किताब करेगी।


## हेमंत सोरेन की याचिका पर आज 'सुप्रीम' सुनवाई



एजेंसी ▶▶ रांची


हेमंत सोरेन 24 अप्रैल को देश की सबसे बड़ी अदालत में पहुंचे। उन्होंने अपनी याचिका में झारखंड हाई कोर्ट पर फैसला सुनाने में देरी करने का आरोप लगाया। सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि ईडी की गिरफ्तारी वाले मामले में हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया लेकिन अभी तक उसे सुनाया नहीं गया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की थी। सोमवार को सुनवाई होगी। गिरफ्तारी के दिन भी हेमंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे, उन्होंने ईडी की गिरफ्तारी को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाई कोर्ट जाने को कहा। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा है।






# दीपक की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता है, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्ल्स का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है।




## लाइफ Style

# मनीषा

## 'हीरामंडी' में दिखाएंगी बागी अवतार

सुभाष घई की फिल्म 'सौदागर' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाली मनीषा कोइराला इन दिनों खूब चर्चा में हैं। उनका सुर्खियों में होना भी वाजिब है, क्योंकि संजय लीला भंसाली के करियर की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में वह बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खास बात यह है कि भंसाली, मनीषा के पसंदीदा निर्देशक रहे हैं। हाल ही में उन्होंने निर्देशक के साथ-साथ इस सीरीज में अपने किरदार पर बात की। 'हीरामंडी' में मनीषा सबसे वरिष्ठ अभिनेत्री हैं। अपने बागी किरदार 'मल्लिका जान' पर मनीषा ने कहा, मैंने ऐसा किरदार पहले कभी नहीं किया और मुझे मालूम नहीं था कि मैं कैसे करूंगी, लेकिन इतना मालूम था कि मैं जान दे दूंगी, जान लगा दूंगी और जो भी संजय हमसे करवाना चाहते थे, वह एकदम पूरे समर्पण के साथ करूंगी। ये बहुत, बहुत, बहुत ही नया किरदार है मेरे लिए। मनीषा के मुताबिक, 'हीरामंडी' में बहुत सी कहानियां हैं। इसमें कई सीजन तक आगे जाने की सामग्री है। इस सीरीज में ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, संजीदा शेख और शरमीन सहगल भी अहम भूमिका में हैं। 'हीरामंडी' को भंसाली ने हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्म 'मुगल-ए-आजम' की तर्ज पर बनाया है। इसके हर फ्रेम में कला का काम है। यह सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मनीषा ने भंसाली संग पहली बार '1942ः ए लव स्टोरी' में काम किया था। भंसाली इस फिल्म के सहायक निर्देशक थे। जब मनीषा से भंसाली के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, बतौर निर्देशक उनमें जबरदस्त बदलाव आए हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# जीता पत्नी से तलाक मुकदमा

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड स्टार जॉनी डेप ने इंग्लैंड के बर्मिंघम में अपने दोस्तों के साथ एक खास सेलिब्रेशन किया। डिनर पर 62,000 डॉलर या 48.22 लाख रुपये खर्च किए। डेप ने रेस्तरां में इंडियन फूड, कॉकटेल और शैंपेन की दावत दी। अभिनेता ने बुधवार को एक बड़ी जीत हासिल की, जब उन्हें 36 साल की एक्स वाइफ एम्बर हर्ड के खिलाफ मानहानि के मुकदमे में 10.35 मिलियन डॉलर का फैसला सुनाया गया। पार्टी में जॉनी डेप अपने म्यूजीशियन दोस्त और साथी जेफ बेक सहित 20 अन्य शामिल हुए।




# जेनिफर व बेन ने 20 साल बाद फिर की सगाई

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेत्री और सिंगर जेनिफर लोपेज और अभिनेता बेन एफ्लेक ने सगाई कर ली है। सिंगर ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर पुष्टि की है कि वह बेन से सगाई टूटने के लगभग 18 साल बाद 2021 में एक-दूसरे के करीब आने के बाद अब शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रही हैं। जेनिफर लोपेज और 49 साल के बेन एफ्लेक ने पहली बार फिल्म 'गिगली' में काम करने के बाद डेटिंग शुरू की थी। करीब 52 साल की रोपेज ने सबसे पहले अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर यह घोषणा की, जिसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ इससे जुड़ा एक ईमेल साझा किया। लोपेज की वेबसाइट पर प्रशंसकों के लिए साझा किए गए संदेश में सिंगर की एक क्लिप शामिल थी, जिसमें सगाई की हीरे की अंगूठी की तारीफ की गई थी।



# 'तेरा चेहरा' पर बनाई आम्रपाली ने रील

**मुंबई।** भोजपुरी स्टार आम्रपाली दुबे ने म्यूजिक कंपोजर अदनान सामी के गाने 'तेरा चेहरा' पर रील बनाई और इसे शेयर करते हुए गाने के प्रति अपनी दीवानगी को साझा किया। आम्रपाली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह एक्ट्रेस रानी मुखर्जी पर फिल्माए गए गाने 'तेरा चेहरा' पर लिप-सिंक करती नजर आ रही हैं। आम्रपाली जल्द ही प्रदीप पांडे और संचिता बनर्जी स्टारर अपकमिंग फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में दिखाई देंगी. फिल्म का निर्देशन प्रेमांशु सिंह ने किया है। आम्रपाली ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2008 में शो 'सात फेरेः सलोनी का सफर' से की थी। भोजपुरी सिनेमा में उनकी एंट्री 2014 की फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी' से हुई. तब से, वह 'निरहुआ हिंदुस्तानी 2 और 3', 'बॉर्डर', 'निरहुआ चलल लंदन' और 'शेर सिंह' में नजर आ चुकी हैं।



# 'खेल- खेल में' की रिलीज डेट जारी

अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। 'खेल खेल में' उनकी आने वाली चर्चित फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई थीं, लेकिन रिलीज तारीख तय नहीं हुई थी। अब फिल्म की रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा हो गई है। अक्षय इस फिल्म में तापसी पन्नू और वाणी कपूर के साथ नजर आएंगे। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी 'खेल खेल में'। यह फिल्म 6 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसका पहला पोस्टर भी सामने आ गया है। यह फिल्म भूषण कुमार के प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के बैनर तले बन रही है, जो कॉमेडी, ड्रामा और इमोशंस से भरपूर होगी। मुदस्सर अजीज ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।

## टीवी मसाला

# दीपा को मिला खास शो, 'अटल' में निभा रहीं सुशीला बुआ का किरदार

**नई दिल्ली।** शो 'अटल' में सुशीला बुआ को चालाक और शातिर महिला के रूप में दिखाया जाएगा जो लोग उनका फेवर करते हैं, उनके लिए वह बहुत अच्छी हैं, लेकिन जो उनके काम के नहीं हैं, उनके लिए वह बेहद क्रूर हैं। अपने किरदार पर चर्चा करते हुए, दीपा ने कहा, 'सुशीला बुआ के चरित्र को बताने के लिए विधवा, कर्मकांडी, शातिर और लालची सबसे अच्छे शब्द हैं। उनके अनुसार, किसी व्यक्ति का स्वार्थ और लालच यह तय करते हैं कि आप उन्हें पसंद करते हैं या नहीं। उनका किरदार वाजपेयी के घर में, खास तौर से अटल (व्योम ठक्कर) और कृष्णा देवी (नेहा जोशी) के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा करेगा। यह कहानी में एक नया ट्विस्ट और ड्रामा लाएगा। शो में सुशीला बुआ की एंट्री 29 अप्रैल को प्रसारित हुए एपिसोड में हुई। दीपा ने कहा, 'नीति का पढ़ाई को समर्थन और अटल के रुख के खिलाफ सुदर्शन त्रिपाठी, नीति के दोस्तों के पैरेंट्स को उकसाता है और वे आकर अटल के खिलाफ नारे लगाने लगते हैं, जिससे कृष्णा देवी आहत हो गईं। सुशीला बुआ अगली सुबह वाजपेयी के घर पहुंचती हैं और जबरदस्ती इज्जत पाने की अपेक्षा करती हैं और कृष्णा देवी से अपने पैर धोने के लिए कहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'वह यह भी मांग करती हैं कि कृष्णा देवी और कृष्ण बिहारी वाजपेयी अवध और सरस्वती को घर वापस लाएं और वह उनके लौटने के बाद ही घर में प्रवेश करेंगी।



## अन्नपूर्णा को मिला दिलचस्प रोल

**नई दिल्ली।** अन्नपूर्णा भैरी एक अच्छी एक्ट्रेस हैं. उन्हें अब दर्शक टीवी शो 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में 'दादी' का किरदार निभाते हुए देखेंगे। शो में अन्नपूर्णा, अमित की मां और अमृता की सास के किरदार में हैं। एक्ट्रेस ने अपने किरदार को लेकर उत्साह व्यक्त किया और बताया कि यह उनके वास्तविक जीवन के व्यक्तित्व के बिल्कुल विपरीत है। एक्ट्रेस ने कहा, 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में मेरा किरदार गिरिजा देवी का है, जो एक ऐसी महिला है जिसने प्रभुत्व के कौशल में महारत हासिल की है। वह बहुत पुराने विचारों वाली हैं और चाहती हैं कि पूरा परिवार उन नियमों का पालन करें, जिनमें वह विश्वास करती हैं। अन्नपूर्णा ने आगे कहा, 'असल जिंदगी में मैं बिल्कुल अलग हूं. ऑफ-स्क्रीन मेरा स्वभाव बहुत नरम है और मुझे किसी पर हावी होना पसंद नहीं है। यह भूमिका मेरे साथ-साथ दर्शकों के लिए भी एक रोलर कोस्टर राइड होगी। जैसे-जैसे 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में सिद्धार्थ और आशी की शादी की कहानी आगे बढ़ेगी, दादी एक अहम मोड़ लाएगी।



# जब डांस फ्लोर नाचते हुए रोमांटिक हुए एवरग्रीन हेमा-धर्मेंद्र



**मुंबई।** बॉलीवुड की एवरग्रीन जोड़ी एक्ट्रेस हेमा मालिनी और धर्मेंद्र एक बार फिर अपने रोमांटिक अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। वयोवृद्ध अभिनेता धर्मेंद्र और हेमामालिनी की जोड़ी दर्शकों द्वारा खूब पंसद की गई। यही वजह थी कि हेमा मालिनी और धर्मेंद्र पर्दे पर दो दर्जन से अधिक फिल्मों में रिपीट की गई। हेमामालिनी-धर्मेंद्र की जोड़ी पर्दे पर ही नहीं, रियल जिंदगी में भी सुपर हिट है। साथ-साथ काम करते-करते दोनों को प्यार हुआ और सभी बंधनों को तोड़ दोनों शादी कर ली जबकि धर्मेंद्र पहले से शादीशुदा थे।

***ड्रीम गर्ल के गाने पर किया रोमांटिक डांस :*** अक्सर पार्टीज में साथ-साथ नजर आने वाले धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी का हाल में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हीमैन धर्मेंद्र अपनी ड्रीम गर्ल के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात ये है कि बैकग्राउंड में ड्रीम गर्ल वाला गाना ही प्ले हो रहा है।

***वीडियो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का :*** धर्मेंद्र-हेमामालिनी का डांस वीडियो रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का है। जिसमें धर्मेंद्र और उनकी पत्नी हेमा मालिनी गेस्ट के तौर पर आए हैं। उनके साथ उनकी बेटी ईशा देओल भी हैं. शो की कंटेस्टेंट हेमा और धर्मेंद्र से डांस की रिक्वेस्ट करती है, तो दोनों स्टेज पर आते हैं। फिर जो कुछ होता है, वह लोगों को रुमानी बनाने के लिए काफी है।

# फिल्म इंडस्ट्री को लेकर परिणीति का बड़ा खुलासा

*__मुंबई।__ बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म वास्तविक हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन यहां फेवरेटिज्म जरूर चलता है। परिणीति ने नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि लोग नेपोटिज्म की बात करते हैं, लेकिन उन लोगों पर और ज्यादा दबाव होता है जिसका कोई इंडस्ट्री में होता है। उनकी वजह से आपको पहला मौका मिल जाता है, लेकिन लोग स्टार का बच्चा सुपरस्टार की बहन कहते हैं। यदि आप काम अच्छा नहीं करेंगे तो दर्शक रिजेक्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि यदि मेरी बहन (प्रियंका चोपड़ा) उस दिन यशराज फिल्म्स में शूटिंग न कर रही होती, जिस दिन मैं वहां मार्केटिंग की नौकरी पाने के लिए गई थी, तो वह मुझे नहीं मिलती। मेरे घर से कोई एक्टर हैं, इसलिए मैं किसी फिल्म के सेट पर जा पाई, लेकिन बहन के स्टार होने से मुझे कोई फायदा नहीं हुआ, नहीं तो मेरी भी फिल्में चलती।*



## 2023 की 1 मूवी ने तोड़ा सबका रिकॉर्ड, लिस्ट में ऐसी मूवी भी है


# ओटीटी पर मौजूद हैं वो फिल्में, जिन्हें मिली है सबसे हाई रेटिंग

*__मुंबई।__ बहुत सारे लोग किसी भी फिल्म को देखने से पहले उसकी आईएमडीबी रेटिंग पता करते हैं। अगर रेटिंग अच्छी है, तभी वह फिल्मों को देखते हैं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आईएमडीबी पर 8 से ज्यादा रेटिंग मिली है। सभी एक से एक धांसू फिल्म हैं, जिनका लुत्फ आप अपने मोबाइल, टीवी या फिर लैपटॉप पर उठा सकते हैं। लिस्ट में ऐसी मूवी भी है, जिसकी रेटिंग सबसे ज्यादा यानी 10 में से 9 है।*




**सीता रामम :** दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर की ये मूवी साल 2022 में रिलीज हुई थी। 'सीता रामम' एक शानदार लव स्टोरी मूवी है, जिसे लोगों ने खूब पसंद दिया। आईएमडीबी पर फिल्म की रेटिंग 10 में से 8.5 है। इसे आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**12वीं फेल :** विक्रांत मैसी की ये मूवी साल 2023 में आई थी। यह आईपीएस मनोज कुमार शर्मा की बायोपिक है, जिसमें उनकी जिंदगी और संघर्ष की कहानी को बयां किया गया है। इस मूवी को 10 में से 9 रेटिंग मिली है। इसका लुत्फ आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर उठा सकते हैं।




**एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी :** सुशांत सिंह राजपूत की ये मूवी साल 2016 में आई थी। यह भारत के मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की लाइफ पर बनी है। आईएमडीबी पर 8 रेटिंग के साथ यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मौजूद है।






**छिछोरे :** स्टूडेंट लाइफ पर बनी ये फिल्म साल 2019 में आई थी। सुशांत सिंह राजपूत, श्रद्धा कपूर, वरुण शर्मा और अन्य कई सितारों ने फिल्म में काम किया था। 'छिछोरे' को आईएमडीबी पर 8.3 रेटिंग मिली थी। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर अवेलेबल है।



**बाहुबली 2 :** सुपरस्टार प्रभास की 'बाहुबली 2' फिल्म साल 2017 में रिलीज हुई थी। यह अब तक की सबसे धांसू इंडियन फिल्मों की लिस्ट में शुमार है। 'बाहुबली 2' की आईएमडीबी पर 10 में से 8.2 रेटिंग है। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर धड़ल्ले से स्ट्रीम हो रही है।

## जातीय समीकरणों ने उलझा दिया जीत-हार का गणित

# मुरैना का चुनाव हुआ दिलचस्प, भाजपा, कांग्रेस के साथ बसपा को भी जीत की उम्मीद




विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

तीसरे चरण में 7 मई को मप्र के जिन 9 लोकसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव होना है, उनमें मुरैना में सबसे दिलचस्व मुकाबला देखने को मिल रहा है। यहां तीन प्रमुख दलों भाजपा, कांग्रेस और बसपा को उम्मीद की किरण दिखने लगी है। इसीलिए यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा कर चुके हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती पहुंच चुकीं और 2 मई को कांग्रेस की प्रियंका गांधी का कार्यक्रम है। मुरैना में भाजपा के शिवमंगल सिंह तोमर, कांग्रेस के सत्यपाल सिंह सिकरवार और बसपा के रमेश गर्ग के बीच कड़ा मुकाबला है।

भाजपा मजबूत दिखती है क्योंकि पार्टी के पक्ष में देश भर में माहौल है और शिवमंगल सिंह तोमर के लिए क्षेत्र के दिग्गज नेता विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। कांग्रेस को उम्मीद है, क्योंकि प्रत्याशी सत्यपाल युवा हैं ओर उनकी इमेज अच्छी है। वे क्षेत्र के दिग्गज भाजपा नेता गजराज सिंह सिकरवार के बेटे हैं। सत्यपाल के भाई सतीश सिकरवार ग्वालियर से विधायक हैं और उनकी पत्नी ग्वालियर से महापौर। गर्ग क्षेत्र के बड़े व्यवसायी हैं। उन्हें वैश्यों के साथ ब्राह्मण और दलित वर्ग के बड़े हिस्से का समर्थन मिलता दिख रहा है।

### खास बातें

- तीनों दलों के शीर्ष नेता नरेंद्र, प्रियंका, मायावती का दौरा
- मुरैना में भाजपा के शिवमंगल सिंह तोमर, कांग्रेस के सत्यपाल सिंह सिकरवार और बसपा के रमेश गर्ग के बीच मुकाबला
- हर रोज बन-बिगड़ रहे हैं समीकरण

### बसपा ने बदले चुनावी समीकरण

चुनाव की घोषणा के बाद सबसे पहले भाजपा ने शिवमंगल सिंह को प्रत्याशी घोषित किया था, इसके बाद कांग्रेस ने सत्यपाल सिकरवार को। बसपा ने जैसे ही रमेश गर्ग को प्रत्याशी घोषित किया, तत्काल त्रिकोणीय मुकाबले के हालात बन गए। पहले उम्मीद थी कि शिवमंगल सिंह तोमर को पसंद न करने वाले ब्राह्मण, वैश्य और दलित समाज के मतदाता कांग्रेस के सत्यपाल सिकरवार के साथ चले जाएंगे लेकिन बसपा से रमेश गर्ग के मैदान में आते ही समीकरण बदल गए। रमेश क्षेत्र के बड़े व्यवसाई हैं। इसलिए यह समाज तो उनके साथ एकजुट होता दिख ही रहा है, ब्राह्मणों का एक तबका भी उनके साथ जा सकता है। बसपा की वजह से दलित वर्ग का बड़ा हिस्सा भी रमेश गर्ग का समर्थन कर सकता है। इससे अपने आप हालात त्रिकोणीय मुकाबले के बन गए। तीनों दलों को जीत की उम्मीद दिखाई पड़ने लगी। इसीलिए सभी शीर्ष नेता मुरैना पहुंच रहे हैं।

### असमंजस में ब्राह्मण मतदाता

विधानसभा के 4 माह पहले हुए चुनाव के दौरान जो घटनाएं घटीं, उससे भाजपा के प्रति क्षेत्र के ब्राह्मणों में नाराजगी है। यह शिवमंगल के प्रति ज्यादा बताई जा रही है। सजातीय मतदाता सत्यापाल के साथ है लेकिन ब्राह्मण मतदाताओं का रुख अभी साफ नहीं हुआ है। भाजपा से नाराज ब्राह्मण समाज का एक वर्ग बसपा के रमेश गर्ग के साथ जाना चाहता है जबकि समाज का एक वर्ग दलितों के साथ वोट नहीं करना चाहता। ऐसी सोच रखने वाले ब्राह्मणों का झुकाव कांग्रेस के सत्यपाल के पक्ष में दिखाई पड़ता है। खबर है कि यह समाज मतदान से पहले बैठक कर सामूहिक निर्णय लेगा कि उसे किसके साथ जाना चाहिए। इसके बाद काफी हद तक चुनाव का रुख साफ हो सकता है। इससे ही हार-जीत तय होगी क्योंकि क्षेत्र में यह समाज बड़ी तादाद में है। लोगों का कहना है कि यदि बसपा ने किसी ब्राह्मण को प्रत्याशी बनाया होता तो उसे ज्यादा लाभ होता। हालांकि पार्टी मुकाबले में दिखने लगी है।

### जातीय समीकरणों ने उलझाया

- चंबल- ग्वालियर अंचल की अन्य सीटों की तरह मुरैना लोकसभा क्षेत्र में भी जातीय आधार पर वोट पड़ते हैं। यहां हर जाति, समाज के मतदाता हैं लेकिन निर्णायक भूमिका में दलित, तोमर, ब्राह्मण और वैश्य बताए जाते हैं। दलित मतदाताओं की तादाद ज्यादा होने के कारण ही 2008 से पहले तक यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। आमतौर पर तोमर और ब्राह्मण मतदाता एकतरफा पड़ता है। इसी बदौलत यहां से नरेंद्र सिंह तोमर और अनूप मिश्रा सांसद बने। लेकिन इस बार हालात बदले हैं। ब्राह्मण मतदाता अब तक तय नहीं कर पाए कि उन्हें कहां जाना है। तोमर समाज का भाजपा के साथ जाना तय है और सिकरवार सहित अन्य क्षत्रिय और पिछड़े वर्ग के मतदाता कांग्रेस के साथ नजर आते हैं। वैश्य और दलित बसपा के रमेश गर्ग के साथ नजर आ रहे हैं। जातीय समीकरणों के कारण ही इस बार यहां का चुनाव फंसा दिखता है। तीनों दलों को अपनी अपनी जीत की उम्मीद है।

### कांग्रेस ने ली राहत की सांस, मान गए रामनिवास

2008 में परिसीमन के बाद मुरैना लोकसभा सीट सामान्य हुई थी, इसके बाद से यह सीट भाजपा के पास है। इस बार भाजपा के शिवमंगल सिंह पर कांग्रेस के सत्यपाल भारी बताए जा रहे थे लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक राम निवास रावत की नाराजगी की खबर ने पार्टी की नींद उड़ा दी। राम निवास ने कहा था कि प्रत्याशी के चयन में उनकी राय नहीं ली गई इसलिए वे कांग्रेस का काम नहीं करेंगे। बाद में उनके भाजपा में जाने की खबर चल पड़ी, लेकिन नेतृत्व ने उन्हें मना लिया। राम निवास ने कांग्रेस के पक्ष में प्रचार भी शुरू कर दिया है। इससे कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने राहत की सांस ली है। राम निवास की नाराजगी से कांग्रेस को श्योपुर जिले में खासा नुकसान हो सकता था, लेकिन अब डैमेज कंट्रोल होता दिख रहा है।

### विधानसभा चुनाव में बसपा को नहीं मिली एक भी सीट

प्रदेश में भाजपा की बंपर जीत के बावजूद मुरैना ऐसा लोकसभा क्षेत्र जहां विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बढ़त हासिल की है। भाजपा के मुकाबले कांग्रेस ने विधानसभा की 8 में से 5 सीटें जीती हैं, जबकि भाजपा को सिर्फ 3 सीटों से संतोष करना पड़ा है। लोकसभा चुनाव में बसपा भले मुकाबले में हैं, लेकिन विधानसभा में उसे एक भी सीट नहीं मिली। कांग्रेस द्वारा जीती गई सीटें श्योपुर, विजयपुर, जौरा, मुरैना और अंबाह हैं। भाजपा ने तीन सीटें सबलगढ़, सुमावली और दिमनी जीती हैं। मुरैना सीट पर 1996 से लगातार भाजपा का कब्जा है। 1991 में कांग्रेस के बारेलाल जाटव ने अंतिम बार भाजपा के छविलाल अर्गल को 16 हजार 745 वोटों के अंतर से हराकर चुनाव जीता था।

---

## जो हो न सका...

# इस्लाम नगर का नाम बदलकर जगदीशपुर किया, अब भी विकास कार्यों का इंतजार

मध्यप्रदेश सरकार ने पूर्व सांसद के सहयोग से भोपाल के नजदीक एक गांव इस्लाम नगर का नाम बदलकर जगदीशपुर तो कर दिया, लेकिन विकास कार्य इस तरह से नहीं हुए कि लोग आकर्षित हो सकें। वहां किस प्रकार से पहुंचा जाए या किस प्रकार के दर्शनीय स्थल हैं की जानकारी नहीं दी जा रही है। जगदीशपुर का किला अपनी वास्तुकला के लिए भी पहचाना जाता है। इतिहास में इसकी काफी शानो-शौकत रही है। उसी शान शौकत का लोगों को इंतजार है। इसके पहले भी पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से यह महत्वपूर्ण स्थान के रूप में विकसित करने की मांग होती रही, लेकिन कोई आगे नहीं आया। जानकार लोगों का कहना है कि इतिहास में 308 साल पहले इस गांव को जगदीशपुर के नाम से ही जाना जाता था। तब यह भोपाल रियासत का ही हिस्सा था। इस्लाम नगर के लोग काफी समय से इसका नाम बदलकर पुराना नाम जगदीशपुर करने की मांग कर रहे थे।

### बरसों पहले भोपाल रियासत का हिस्सा था जगदीशपुर

जगदीशपुर भोपाल रियासत का हिस्सा था। इस गांव को राजपूतों ने बसाया था। साल 1715 से पहले जगदीशपुर के शासक राजा देवरा चौहान थे। लोग उनके शौर्य और कीर्ति का गुणगान करते थे, क्योंकि इनकी प्रसिद्धी की मुख्य वजह यह है कि इस्लाम नगर थोड़े समय के लिए भोपाल शाही राज्य की राजधानी था।

## चुनावी चटखारे...

आया शुभ संयोग फिर करें सभी मतदान
लोकतंत्र फूले-फले, रखना इसका मान।
सभी वयस्कों को मिला, मौलिक मताधिकार
चुनकर संसद भेजना, योग्य उम्मीदवार।
लोकतंत्र है विश्व में, भारत की पहचान
लोकतांत्रिक यज्ञ में, आहुति है मतदान।



हरगोविंद मैथिल

# बैतूल में 7 मई को सामान्य अवकाश

**भोपाल।** बैतूल संसदीय क्षेत्र में एक अभ्यर्थी की मृत्यु होने के कारण यहां होने वाला मतदान अब 7 मई को तीसरे चरण में होगा। इस बात को दृष्टिगत रखते हुए बैतूल संसदीय क्षेत्र में आने वाले जिलों के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के दिन 7 मई मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश का दिन होगा। यह अवकाश (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट) के तहत रहेगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी की है।

## आपके पूर्वजों की संपत्ति घुसपैठियों को सौंपना चाहती है कांग्रेसः शर्मा

**भोपाल।** विरासत टैक्स और ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने जमकर निशाना साधा। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने पन्ना में पत्रकार-वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता देश के गरीब हैं, लेकिन कांग्रेस की प्राथमिकता एक विशेष समुदाय है। 'इटालियन' कांग्रेस 'अमेरिकन' टैक्स को भारत में लागू करना चाहती है। कांग्रेस के इन खतरनाक इरादों के बीच मोदी सरकार एक दीवार बनकर खड़ी है।

## इनका कहना है...

# चुनावों पर तकनीक हो रही हावी

आज और पहले के चुनाव में काफी अंतर आ गया है। अब चुनाव पर तकनीकी हावी हो रही है। पहले बैलेट पेपर से चुनाव होते थे, अब ईवीएम से हो रहे हैं। यह अच्छी बात हो सकती है। 30 से 40 साल पहले राजनैतिक पार्टियों के लोग स्वयं घर-घर जाकर लोगों से मिलते थे, संपर्क करते थे। अब यह काम कहीं न कहीं बीएलओ को दिया है। पहले इतनी आपसी कटुता और आक्रामकता नहीं थी। अब रुखापन आ चुका है। नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। पहले राजनैतिक पार्टियां पत्रकारों को बुलाकर हर दिन ब्रीफ करती थीं, अब केवल कुछ विशेष लोगों को ही विशेष समय पर बुलाकर प्रेस ब्रीफ कर दिया जाता है। दरअसल, अब यह काम सोशल मीडिया के माध्यम से होता जा रहा है, जिससे पार्टी सदस्य और उम्मीदवार पत्रकारों के सवाल-जवाब से भी बच रहे हैं। पहले के मुकाबले अब चुनावी खर्च भी कई गुना बढ़ा है।



दिनेश जोशी
वरिष्ठ पत्रकार

---

### पूर्व सीएम चौहान ने खातेगांव के मचवास से शुरू की जन आशीर्वाद यात्रा, 30 से ज्यादा गांवों में पहुंची

# कांग्रेस के जमाने में न रोड थे न बिजली, न पानीः शिवराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और उन्हें नमन कर विदिशा लोकसभा की खातेगांव विधानसभा के ग्राम मचवास से जन-आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया। यह यात्रा 30 से ज्यादा गांवों से गुजरी।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं नेता नहीं हूं, मैं मामा और भैया हूं। हम सब एक ही परिवार है। मुझे भगवान ने आपकी सेवा करने के लिए यहां भेजा है। मैंने मुख्यमंत्री रहते हुए भी इस क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कांग्रेस के जमाने में तो न सड़कें थी, न बिजली और न पानी। विकास की एक ईंट भी नहीं लगाई है।



### पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्वगुरू बनेगा देश

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक गौरवशाली, सम्पन्न भारत का निर्माण हो रहा है। चौहान ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि पीएम के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनेगा।

## कांग्रेस की न कोई नीति न नियतिः मौर्य

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को भिंड जिले के गोहद विधानसभा के मौ और दतिया जिले के भांडेर में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की अम्मा है। कांग्रेस पार्टी के पास कोई नीति नहीं है ना कोई संगठन है और ना ही विकास का विजन है। जनता को किस तरह झूठ बोलकर गुमराह किया जाए यह नीति कांग्रेस के पास रह गई है। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण की नीति अपनाकर एक विशेष समुदाय के लोगों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। लोकसभा का यह चुनाव अन्य लोकसभा चुनाव से भिन्न है।

## चाय पे चर्चा

▶▶ डिपो चौराहे स्थित अरोमा टी-कैफे पर लोकसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा

# लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान कम होने के कारण तलाश रहे वोटर, मुद्दों पर चर्चा

राजधानी में इन दिनों लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा जारी हैं। हर गली-मोहल्ले में बातचीत का रुख प्रत्याशियों के प्रचार के बाद भले ही बदला हुआ दिख रहा हो, लेकिन असल में वोटर का सही रुख किसी के भी समझ में नहीं आ रहा है।

लोगों के बीच जिस राजनैतिक पार्टी का जो प्रत्याशी पहुंचता है, लोग उसे वोट देने की बात तो कह देते हैं, लेकिन हकीकत में बटन किसका दबाया जाएगा, यह अभी तय नहीं दिखाई दे रहा है। ऐसी ही चर्चा में शहर के डिपो चौराहे स्थित अरोमा टी-कैफे पर चुनावी चर्चा का दौर चला। यहां चाय की चुस्कियों के साथ हर्ष अग्निहोत्री, अभय मोदी का कहना है कि सभी प्रमुख पार्टी के उम्मीदवार अपनी-अपनी जीते के दावे कर रहे हैं। इसको लेकर वह लगातार लोगों से जनसंपर्क कर रहे हैं, लेकिन वोटर अपना रुख मतदान कर साफ करेंगे। हर्ष अग्निहोत्री ने कहा कि इस बार विकास प्रमुख मुद्दों रहेगा। इसके आधार पर वोट किया जाएगा। भले ही लोग सभी आने वाले या मिलने वाले को जिताने की बात कह रहे हों, लेकिन इसका फैसला वोटर ईवीएम पर पहुंच कर ही करने वाला है। बीते कई दिनों से प्रमुख राजनैतिक पार्टियां भाजपा, कांग्रेस के अलावा अन्य दलों के लोग भी अब जनता में मिलते उठते-बैठते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन नतीजा किसके पक्ष में आएगा, यह वोटर ही तय करेगा। हालांकि दूसरे चरण में कुछ जगहों पर कम मतदान को लेकर भी चर्चा का दौर चल रहा है। अभय मोदी ने कहा कि भोपाल में रिकार्ड तोड वोटिंग होगी। यहां का मतदाता काफी जागरूक है।




---

### 17 उम्मीदवारों ने दिया खर्च का हिसाब, पांच ने नहीं दिया ब्यौरा

# आलोक ने 26 लाख, अरुण ने प्रचार में खर्च किए 61 हजार रुपए, चुनावी खर्च में श्रीवास्तव से बहुत आगे निकले शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नामांकन जमा करने के बाद से भोपाल लोकसभा सीट के लिए चुनाव लड़ने वाले 22 उम्मीदवारों में से 17 ने शनिवार को चुनावी खर्च का ब्यौरा पेश कर दिया है। जिसमें भाजपा उम्मीदवार आलोक शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में हुए खर्च को लेकर टॉप पर आ गए हैं।

उन्होंने शनिवार को अब तक हुए चुनावी खर्च का ब्यौरा पेश कर दिया है, जिसमें उन्होंने 26 लाख 55 हजार 61 और कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव ने 61 हजार 835 रुपए खर्च पेश किया है। बहुजन समाज पार्टी सहित 17 उम्मीदवारों ने हिसाब दिया है, जबकि पांच उम्मीदवारों ने खर्च पेश नहीं किया है। बारह अप्रैल को नामांकन शुरु होने के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय की व्यय लेखा टीम भोपाल लोकसभा सीट के 22 उम्मीदवारों के खर्च पर नजर रख रही है।

जिसके तहत उम्मीदवारों ने पहली बार खर्च का हिसाब पेश किया है, जिसमें कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव 61 हजार 835, भाजपा आलोक शर्मा 26 लाख 55 हजार 18, बसपा भानुप्रताप सिंह 31 हजार 36, भारतीय गरीब पार्टी अजय पाठक 37 हजार सौ रुपए, निर्दलीय मुदित भटनागर 32 हजार 300, मुदित चौरसिया 30 हजार 142, बाबूलाल सेन ने 26 हजार 200 रुपए खर्च किए हैं।



### सोशल मीडिया पर भी आलोक आगे

अब तक भाजपा के आलोक शर्मा ने फेसबुक को 41 हजार 902 और कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव ने 23 हजार 141 रुपए पेड किए हैं। जिला निर्वाचन की व्यय टीम उम्मीदवारों के खर्च पर नजर रख रही है। उम्मीदवार अपनी पोस्ट को बूस्ट कराने के लिए फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पोस्ट पेड कर रहे हैं।

## कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में रहते लोगों के लिए कुछ नहीं कियाः सिंधिया

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के रायश्री, खराई एवं रननोद गांव में जनसभाओं को संबोधित किया। सिंधिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 60 साल सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस कुछ नहीं कर पाई। 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। आज 80 करोड लोगों को मुफ्त

---

### मतदान ज्यादा करने छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की पहल

# स्याही दिखाने पर वोटरों को सामानों पर मिलेगी बंपर छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव को देखते हुए शहरी मतदान का प्रतिशत ज्यादा से ज्यादा करने छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने अनोखी पहल की है। चेंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े व्यापारिक संगठनों में फर्नीचर, कपड़ा, चश्मा, गोल्ड मेकिंग, सब्जी व्यवसायी आदि द्वारा मतदाताओं को सात मई को हाथ की स्याही दिखाने पर आकर्षक छूट दी जा रही है।

इस संबंध में जानकारी देने चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में व्यापारिक संगठन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह से मिले। कलेक्टर ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे रायपुर के मतदाता प्रोत्साहित होने और अधिक से अधिक संख्या में सात मई को मतदान करेंगे। कलेक्टर ने परवानी सहित चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों को बैच पहनाया और मग के साथ प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



### फर्नीचर में 10 तो चश्मा में 15 प्रतिशत छूट

चेंबर अध्यक्ष परवानी ने बताया कि फर्नीचर एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, रायपुर ऑप्टिकल एसोसिएशन द्वारा 15 प्रतिशत, प्लाईवुड एसोसिएशन द्वारा 5 प्रतिशत, सराफा एसोशिएशन द्वारा गोल्ड मेकिंग चार्ज पर 15 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा। वहीं रविभवन व्यापारी संघ अपने एसेसरीज उत्पादों में 10 प्रतिशत छूट देंगे एवं मोबाइल रिपेयरिंग के साथ मोबाइल गार्ड फ्री देंगे। साथ ही एफएमसीजी होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर्स संघ ने कहा कि वे 15 प्रतिशत ऑन एमआरपी पर छूट देंगे।

### ▶▶ हॉस्पिटल में मतदाताओं के लिए कई ऑफर

सात मई को "सब करें मतदान" कैंपेन से कई संस्थाएं स्वयं ही जुड़ने लगी है। कई बड़े हाटल, रिसाट्‌र्स, अस्पताल, अपने ग्राहकों को सात मई को मतदान के बाद उनके संस्थान आने पर कई तरह की छूट की घोषणा की है। इन संस्थाओं का मानना है कि भारतीय लोकतंत्र में मतदान न सिर्फ अधिकार, बल्कि एक ऐसा संवैधानिक दायित्व है, जिसके माध्यम से आम मतदाता देश की प्रगति में अपनी बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है। इन संस्थानों ने रायपुर कलेक्टर डा. गौरव कुमार सिंह से भेंट कर अपने आफर संबंधी पत्र भी उन्हें सौंपा है। यह छूट उन मतदाताओं को मिलेगा, जिनकी अंगुलियों पर नीली स्याही होगी, अर्थात जो सात मई को अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान करेंगे। मतदाताओं को बेबीलान इन प्रबंधन द्वारा सात से 12 मई 2024 तक रूम बुकिंग पर 30 प्रतिशत डिस्काउंट, माकटेल पर 25 प्रतिशत डिस्काउंट, फूड आर्डर पर 20 प्रतिशत, बुफे में 15 प्रतिशत डिस्काउंट आफर के साथ 03 बुफे पर एक बुफे फ्री किए जाने की घोषणा की है।

### यहां भी मिलेगी छूट

*कैफे एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, राडा द्वारा कार के एसेसरीज द्वारा 10 प्रतिशत, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा 5 टन से अधिक क्षमता वाले माल वाहकों के फ्रेट पर 10 प्रतिशत का डिस्काउंट देंगे। कम्प्यूटर एसोसिएशन की तरफ से हर लैपटाप पर आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा। एल्युमीनियम एसोसिएशन के ग्राहकों को आकर्षण गिफ्ट मिलेगा। एमजी रोड के टू व्हीलर एसोसिएशन द्वारा स्पेयर्स पार्ट्स पर 20 प्रतिशत की छूट, आइडीबीटी व्यापारी संघ द्वारा फूड आयटम पर 15 प्रतिशत की छूट, टॉय व्यापारी एसोसिएशन द्वारा एमआरपी पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही मार्बल टाइल्स एसोसिएशन, ड्राईफ्रूट एसोसिएशन, साइकिल एसोसिएशन, गोलबाजार व्यापारी संघ, बंजारी रोड व्यापारी संघ, कार एसेसरीज व्यापारी संघ द्वारा आकर्षण गिफ्ट मतदाताओं को दी जाएगी।*

### बालको थाना अंर्तगत बांगो के डुबान क्षेत्र की घटना, मछली खरीदने जा रहे थे दोनों दोस्त

# बांगो में डोंगी पलटने से युवक की मौत, दूसरे की बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा के बालको थाना अंतर्गत बांगो के डुबान क्षेत्र को मछली के लिए डोंगी से पार करना दो दोस्तों को महंगा पड़ गया। डोंगी डुबान के बीच पहुंचते ही पानी से भर गया। उसे गहरे पानी में डूबते देख युवकों ने छलांग लगा दी। दोनों तैर कर दूसरे छोर तक पहुंचने का प्रयास करने लगे, लेकिन जींस व फूल शर्ट में होने के कारण एक युवक के लिए तैरना मुश्किल हो गया। उसे दोस्त ने बचाने की कोशिश की, लेकिन कामयाब नही हुआ। युवक की गहरे पानी में डूबकर मौत हो गई।

कटघोरा थानांतर्गत ग्राम सलिहाभांटा धनरास में कृपाल राम चौहान 32 वर्ष निवास करता था। उसकी दोस्ती दर्री थाना क्षेत्र के पुरेना खार में रहने वाले देवचरण शिकारी से थी। कृपाल ने डॉगाघाट के ग्रामीणों से मछली व झिंगा खरीदने की योजना बनाई थी, जिसकी जानकारी उसने अपने दोस्त देवचरण को दी। सुबह सलिहाभांठा घमोटा से डोंगी में सवार होकर डोंगाघाट जा रहे थे। वे डुबान क्षेत्र के बीचोबीच पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक लहर आने से डोंगी में पानी भर गया। डोंगी के डूबने से पहले ही दोनों युवकों ने पानी में छलांग लगा दी। दोनों गहरे पानी को तैर कर पार करने की कोशिश में थे, लेकिन कृपाल राम जींस पेंट व फूल शर्ट पहना हुआ था, जो पानी में गीला होने के कारण अत्यधिक वजन हो गया। जिससे कृपाल की सांसें फुलने लगी। उसे मुसीबत में देख देवचरण ने बचाव का प्रयास किया, लेकिन उसे सामने मौत दिखाई देने लगी। इस बीच उसकी नजर घाट में डोंगी पर पड़ी। वह दोस्त को बाहर निकालने डोंगी लेने चला गया, जब तक देवचरण डोंगी लेकर आता, कृपाल गहरे पानी में डूब चुका था। उसकी लाश देर शाम पानी मे तैरते मिली।



देवचरण ने बताया कि पानी के तेज बहाव के चलते यह हादसा हुआ है। जहां इस हादसे के बाद उसने कृपाल राम को काफी बढ़ाने का प्रयास किया कई बार हो खुद बचाने के फिर में डूब जा रहा था लेकिन उसके बाद भी उसने उसे बचाने का काफी प्रयास किया। सूचना मिलने पर बालको पुलिस डोंगाघाट पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला।

## चिंतन

# गर्म हो रहे हिंद महासागर से समुद्री हीटवेव के खतरे

धरती पर मनुष्य समेत सभी जीवों के अस्तित्व की रक्षा के लिए पर्यावरण की सुरक्षा वैश्विक एजेंडे के केंद्र में होनी चाहिए। तमाम चेतावनियों के बावजूद दुर्भाग्य से पर्यावरण सुरक्षा आज विश्व की सरकारों की प्राथमिता नहीं बन पाई है। पर्यावरण सुरक्षा, क्लाइलमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, ब्लैक होल, अल्ट्रा वायलेट रे आदि शब्द चर्चाओं, बहसों व बौद्धिक विमर्शों में जरूर गूंजते हैं, लेकिन धरती को सुरक्षित करने के लिए विश्व की सरकारें एकजुटता से कदम नहीं उठा रही हैं। ताजा अध्ययन में कहा गया है कि हिंद महासागर के गर्म होने से आसपास के प्रभावित देशों में विनाशकारी प्रभाव पड़ेंगे। पुणे स्थित भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के जलवायु वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में कहा है कि हिंद महासागर में वर्ष 2020 और 2100 के बीच समुद्री सतह के 1.4 डिग्री सेल्सियस से तीन डिग्री सेल्सियस तक गर्म होने की उम्मीद है, जो चक्रवात में तेजी लाएगा, मानसून को प्रभावित करेगा और समुद्र के जल स्तर में वृद्धि करेगा। समुद्री 'हीटवेव' (समुद्र के तापमान के असमान्य रूप से अधिक रहने की अवधि) के प्रतिवर्ष 20 दिन (1970-2000) से बढ़कर प्रतिवर्ष 220-250 दिन होने का अनुमान है, जिससे उष्ण कटिबंधीय हिंद महासागर 21वीं सदी के अंत तक स्थायी 'हीटवेव' स्थिति के करीब पहुंच जाएगा। समुद्री 'हीटवेव' के कारण मूंगों का रंग खत्म हो जाता है, समुद्री घास नष्ट हो जाता है और जलीय पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचता है। इससे मत्स्य पालन क्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह चक्रवात के कम अवधि में जोर पकड़ने की भी एक प्रमुख वजह है। 'उष्णकटिंबंधीय हिंद महासागर के लिए भविष्य के पूर्वानुमान' शीर्षक वाले अध्ययन के अनुसार, हिंद महासागर के जल का तेजी से गर्म होना केवल इसके सतह तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर में, उष्मा की मात्रा सतह से 2,000 मीटर की गहराई तक वर्तमान में 4.5 जेटा जूल प्रति दशक की दर से बढ़ रही है और इसमें भविष्य में 16-22 जेटा-जूल प्रति दशक की दर से वृद्धि होने का अनुमान है। उष्मा की मात्रा में भविष्य में होने वाली वृद्धि एक परमाणु बम (हिरोशिमा में हुए) विस्फोट से उत्पन्न होने वाली ऊर्जा के समान होगा। अधिकतम 'वार्मिंग' अरब सागर सहित उत्तर पश्चिम हिंद महासागर में होगी, जबकि सुमात्रा और जावा के तटों पर कम 'वार्मिंग' होगी। हिंद महासागर के अत्यधिक गर्म होने से भारत समेत सभी उष्णकटिबंधीय देश प्रभावित होंगे। ग्लोबल वार्मिंग के समुद्र का स्तर बढ़ना, प्रतिकूल मौसम, अत्यधिक गर्मी, मच्छरों की आबादी का बढ़ना, कीट-जनित संक्रमणों का खतरा, ग्लेशियर का पिघलना, जैव विविधता में बदलाव, मिट्टी का अम्लीकरण, बवंडर, तूफ़ान, और जंगल की आग और मानव स्वास्थ्य का खराब होना, पानी की किल्लत, भूजल स्तर में कमी आदि खतरे हैं। धरती पर तापमान बढेंगे तो गर्मी से मौतें बढ़ेंगी, किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित होगी, अंग फ़ेलियर होंगे, डिहाइड्रेशन बढ़ेगा, दिल और फ़ेफ़ड़े की बीमारियां बढेंग़ी, वायरल इंफ़ेक्शन व एलर्जी के मामले बढ़ेंगे, प्रसव में परेशानियां होंगी, मानसिक बीमारियां बढ़ेंगी। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के मुताबिक, ग्लोबल वार्मिंग से बैंक, कृषि, परिवहन, और विकासशील देशों को खास तौर पर नुकसान होगा। इसलिए ग्लोबल वार्मिंग रोकने के लिए तत्काल हरित तकनीक और प्रकृति अनुकूल जीवन अपनाने होंगे। प्रदूषण के सभी स्त्रोतों को बंद करने होंगे। आपसी टकराव खत्म करके विकसित व विकासशील देश पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर काम करें।

## विडंबना

सुरेश हिंदुस्तानी



# तर्कहीन बयानों से जूझती चुनावी राजनीति

भारत में एक समय ऐसा भी था ज़ब राजनीति से आम जनमानस का विश्वास समाप्त होता जा रहा था। राजनीतिक दलों से जो अपेक्षा थी, सब जनता की अपेक्षाओं पर पानी फेरते दिखाई दे रहे थे। उस समय देश की यह अवधारणा बन गई थी कि अब भारत की राजनीति ऐसे ही चलती रहेगी, लेकिन 2014 के बाद देश ने एक नई राजनीति का साक्षात्कार किया। एक ऐसी राजनीति जिसमें सपने भी थे और एक उम्मीद भी थी। आज इस समय को दस वर्ष का समय व्यतीत हो गया है। सपने पूरे हुए या नहीं, यह तो परीक्षण का विषय है, लेकिन आज की राजनीति बदली हुई दिखाई देती है, यह अवश्य ही कहा जा सकता है। आज भी जिस प्रकार से सत्ता प्राप्त करने की लालसा लेकर राजनीतिक दल राजनीति कर रहे हैं, वह प्रथम दृष्टया यही परिलक्षित कर रहे हैं कि राजनीतिक दलों के पास अपने कोई स्थायी सिद्धांत नहीं हैं। विपक्ष के दल वर्तमान केंद्र सरकार को घेरने के लिए कई प्रकार के राजनीतिक दांव पेच खेल रहे हैं। इस प्रकार की राजनीति के चलते देश का आम जनमानस निश्चित रूप से भ्रम की अवस्था में है। सारे दल अन्य दलों से अपने आपको बेहतर बताने की राजनीति कर रहा है, लेकिन एक बात स्पष्ट है कि इस बार विपक्षी दलों के राजनेता सधे हुए क़दमों से अपनी पारी को अंजाम दे रहे हैं। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान जिस प्रकार से कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक रूप से चोर कहने का दुस्साहस किया गया, उससे कांग्रेस की फ़जीहत हो गई थी, इतना ही नहीं राहुल गांधी को माफ़ी भी मांगनी पड़ी। इस बार परिदृश्य बदला हुआ है। विपक्ष के नेता सरकार को लक्ष्य करके आलोचना कर रहे हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि इन आलोचनाओं में भी वह धार नहीं है कि वह अकेले दम पर सरकार बनाने का सामर्थ्य पैदा कर सकें। वर्तमान लोकसभा के प्रचार में विपक्षी दलों की ओर से जिस प्रकार की सक्रियता दिखाई जा रही है, उससे कमोवेश ऐसा ही लगता है कि विपक्ष ने इस चुनाव को आरपार की लड़ाई बना दिया है। यह सभी जानते हैं कि मुख्य विपक्ष की भूमिका निभाने वाली कांग्रेस पार्टी लम्बे समय तक सत्ता का सुख भोगा है, इसलिए यह कहा जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस के नेताओं को सत्ता में बने रहने की आदत सी हो गई है। उनके बयानों में भी सत्ता प्राप्त करने की तड़प दिखाई देती है। देश में अब दो चरणों के मतदान संपन्न हो चुके हैं। चुनावी रैलियों में राजनेताओं के बयानों की व्याख्या निकालने का क्रम भी चल रहा है। किसी बड़े मुद्दे पर समाचार चैनलों पर बहस भी होती है। इन बहस में सभी नेता अपने हिसाब से अर्थ निकाल कर बहस करते हैं। कोई किसी के कम नहीं दिखता, लेकिन इन बहस में लगभग विवाद जैसी स्थिति बनती दिखाई देती है। चैनलों पर जो बहस होती है, उसमें अपनी पार्टी के विचार को कम रखा जाता है, सामने वाले की बात को जोरदार तरीके से नकारने की ही राजनीति की जाती है। विपक्षी नेताओं को इन्हीं बहसों के दौरान एंकरों पर दबाव बनाते हुए भी देखा और सुना जा सकता है। यह बहस का सारा खेल जनता को गुमराह करने वाला होता है। इसमें पूरी तरह से आम जन के मुद्दों का अभाव ही रहता है। इस कारण यह आसानी से कहा जा सकता है कि आज की राजनीति केवल विरोध करने तक ही सीमित हो गई है, इसमें रचनात्मक विरोध समाप्त होता जा रहा है। रचनात्मक विरोध का आशय यही है कि सामने वाले के अच्छे कार्यों का समर्थन भी किया जाए, लेकिन आज की राजनीति में ऐसा होना असंभव सा ही लगता है। विपक्ष की ओर से कोई ख़ास मुद्दे नहीं उठाए जा रहे हैं। जिस महंगाई और बेरोजगारी को विपक्ष मुद्दा बनाकर राजनीति कर रहा है, वह कोई नया नहीं है। यह दोनों ही मुद्दे लगभग हर चुनाव में उठे हैं, और हो सकता है आगे भी उठते रहेंगे, क्योंकि बेरोजगारी का मुद्दा तभी तक होता है ज़ब तक व्यक्ति केवल नौकरी की तलाश में बैठा रहता है। यह बात सही है कि आज की राजनीति और दस वर्ष पहले की राजनीति में ज़मीन आसमान का अंतर है। कांग्रेस के नेताओं के बयानों से लगता है कि वे ही शासन करने के लिए आए हैं, उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि वह विपक्ष की भूमिका में हैं। विरोधी पक्ष को यह भी समझना चाहिए कि भारत में लोकतंत्र तभी तक जीवित है, ज़ब तक जनता की राय को महत्व दिया जाएगा। ऐसी कोई बात नहीं आनी चाहिए जिससे जनता भ्रमित हो। अन्यथा यह लोकतंत्र की भी हार होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



आम चुनाव

प्रमोद भार्गव

# कम मतदान ने परेशानी बढ़ाई

> दो चरणों के चुनाव में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। यानी कुल 543 में से 35 प्रतिशत संसदीय क्षेत्रों के उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो चुका है। इन दो चरणों में हुए कम मतदान ने राजनीतिक दलों के साथ मतदाता को भी भ्रमित कर दिया है, जबकि चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो ओबीसी के कोटे में कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने का मुद्दा उछालकर हिंदू वोटों को ध्रुवीकृत करने का काम भी किया। इसके बावजूद मतदान का नहीं बढ़ना भाजपा के लिए चिंता का सबब बन गया है। 60 प्रतिशत के आसपास पहुंचा मतदान अभी भी इस बात का संकेत है कि समूचे देश में भाजपा की बढ़त बनी हुई है।

देश में हुए दो चरणों के चुनाव में 190 सीटों पर मतदान हो चुका है। यानी कुल 543 में से 35 प्रतिशत संसदीय क्षेत्रों के उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो चुका है। इन दो चरणों में हुए कम मतदान ने राजनीतिक दलों के साथ मतदाता को भी भ्रमित कर दिया है। जबकि चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो ओबीसी के कोटे में कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने का मुद्दा उछालकर हिंदू वोटों को ध्रुवीकृत करने का काम भी किया, बावजूद मतदान का नहीं बढ़ना भाजपा के लिए चिंता का सबब बन गया है। मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के बाद दूसरे चरण में भी मतदान में कमी ने भाजपा नेताओं की परेशानी बढ़ा दी है। दूसरे चरण में उन महिला मतदाताओं अर्थात लाडली बहनों ने भी कम मतदान किया है, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करके भाजपा को 163 सीटें दिलाई थीं। मतदाता के इस रुख के चलते जीत-हार का अनुमान लगाने वाली एजेंसियां भी असमंजस में है। मतदाता की उदासीनता के कारण ऊंट किस करवट बैठेगा, यह संशय बढ़ा दिया है।

लोकतंत्र में वैसे तो जनता देश की भाग्य-विधाता होती है, लेकिन जीत के बाद नेता और दल जनता के भाग्य-विधाता विकास का दावा करते-करते बन जाते हैं। इस कथित भाग्य-विधाता की दूसरे चरण में हुए कम मतदान के बाद नींद उड़ी हुई है। कम मतदान को राजनीतिक दल अपने हिसाब से परिभाषित करते हैं। ज्यादातर इसे सत्ताधारी दल के विपरीत हुआ मतदान माना जाता है, लेकिन नरेंद्र मोदी के आक्रामक प्रचार और हिंदुत्व की रणनीति के चलते फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि मतदाता ने अपना रुख बदल दिया है। 60 प्रतिशत के आसपास पहुंचा मतदान अभी भी इस बात का संकेत है कि समूचे देश में भाजपा की बढ़त बनी हुई है, लेकिन जिस मध्यप्रदेश में भाजपा को लाडली बहनों से सबसे ज्यादा उम्मीद थी, वे मतदान के प्रति उदासीन दिखाई दी हैं। दूसरे चरण में खजुराहो, टीकमगढ़, दमोह, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 59 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि यहां 2019 में 67 प्रतिषत मतदान हुआ था। 2019 की तुलना में इनमें से चार सीटों पर महिलाओं ने कम मतदान किया है। टीकमगढ़ में 2019 में 63.80 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2024 में 56.35 प्रतिशत रह गया। सतना में 2019 में 70.77 था, जो अब 59.21 रह गया। खजुराहो में 2019 में 64.76 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो अब 53.06 रह गया। हालांकि दमोह और होशंगाबाद में महिलाओं ने वोट 2019 की तुलना में ज्यादा डाले। दो चरणों में 190 सीटों पर हुए मतदान में ज्यादातर सीटों पर कम मतदान के चलते भाजपा को झटका लगा है, जबकि अच्छे मतदान के लिए भाजपा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर सूक्ष्म प्रबंधन के दावे किए थे। कार्यकर्ताओं को जुटाकर अमित शाह तक ने मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के गुर सिखाए थे। उधर जिला प्रशासन भी अधिक मतदान के लिए उन सब टोने-टोटकों को आजमाता रहा




है, जिन्हें मतदान बढ़ाने का परंपरागत फार्मूला माना गया है। हालांकि इन टोटकों में ज्यादा कुछ असरकारी कभी दिखाई नहीं दिया। प्रशासन की हुंकार पर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को इकट्ठा करके मानव श्रृंखला बनाकर और कुछ नारे लगाकर इन टोटकों की इतिश्री न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में कर ली जाती है। जिसके नतीजे लगभग शून्य होते हैं।

बहरहाल भाजपा संगठन इस तैयारी में लगा रहा था कि मतदान लगभग 10 प्रतिशत तक बढ़ जाए। इस नाते भाजपा ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर 370 वोट बढ़ाने का पाठ भी कार्यकर्ताओं को पढ़ाया था, परंतु हुआ इसका उल्टा, 10 से 12 प्रतिशत तक मत-प्रतिशत कम हो गया। साफ है, वोट बढ़ाने का फार्मूला कारगर साबित नहीं हुआ है। संभव है अगले पांच चरणों में भी अब यही ट्रेंड देखने में आए? मध्यप्रदेश में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में युद्ध स्तर पर मतदान केंद्रों तक मतदाता को पहुंचाने की जिम्मेदारी लेते हुए वोट-प्रतिशत 48.55 प्रतिशत तक पहुंचा दिया था। इसी का नतीजा रहा कि 230 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 163 सीटों पर विजय प्राप्त कर ली थी। भाजपा के इस केंद्र प्रबंधन की तारीफ भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी हुई। अतएव इसी फार्मूले को लोकसभा चुनाव में भी अजमाने के प्रबंध किए गए। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को कार्यशालाएं लगाकर प्रशिक्षित भी किया गया, लेकिन मत-प्रतिशत बढ़ने की बजाय घट गया। कार्यकर्ता और मतदाता के उदासीन होने के कारणों में विधानसभा चुनाव परिणाम में स्पष्ट बहुमत के बावजूद मुख्यमंत्री के चयन में उम्मीद से ज्यादा देरी और फिर मंत्रिमंडल के गठन में भी इसी देरी को दोहराना प्रमुख कारण रहे हैं। इस उदासीनता के पीछे एक बड़ा कारण शिवराज सिंह चौहान को हाशिए पर डालना भी रहा है, जबकि विधानसभा चुनाव में जीत का प्रमुख आधार उनकी लाडली लक्ष्मियां और बहनें रही हैं। शिवराज की लोक-लुभावन भाषण कला भी इस बड़ी जीत का एक राज रही है, जबकि मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद से लेकर अब तक उनका करिश्माई नेतृत्व किसी भी क्षेत्र में देखने में नहीं आया है। हालांकि अब नरेंद्र मोदी ने कहा है कि शिवराज को केंद्र में ले जाएंगे।

देश और मध्यप्रदेश में कम मतदान की झलक यह जता रही है कि फिलहाल कांग्रेस शून्य नहीं हो रही है। सुविधा भोगी मतदाता ने कम मतदान किया है। ज्यादातर शहरी मतदाता इन दोनों चरणों में शुक्रवार को मतदान के चलते शनिवार और रविवार की छुट्टी होने के कारण सपरिवार पर्यटन पर निकल गया। नतीजतन ऐसे लोगों ने मतदान की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। दूसरी तरफ दलों और कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने से किनारा कर लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यह किनारा इसलिए किया, क्योंकि वे इस अतिविश्वास के शिकार हो गए हैं कि मोदी और राम में लहर बन जाने के कारण भाजपा 400 पार जा रही है। कांग्रेस और अन्य दलों के कार्यकर्ता इस गलतफहमी में हैं कि मोदी लहर के चलते उनके दल का पार पाना मुश्किल है, इसलिए उसने मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाने से दूरी बनाए रखी। कांग्रेस के पास संसाधनों की कमी के चलते भी यह स्थिति देखने में आई है। विपक्षी दल मतदाता को मुद्दों के आधार पर लुभाने में भी सफल नहीं हुए। विपक्षी दलों के बिखराव ने भी मतदाता को उदासीन बनाने का काम किया है। मतदाता ने सोच बना लिया कि इंडी गठबंधन बन जाने के बावजूद इसका कोई केंद्रीय नेतृत्वकर्ता सामने नहीं है, इसलिए मोदी पर भरोसा करना ही ठीक है। लेकिन यह उदासीनता देश हित में कतई उचित नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित

## दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित

## प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बुराइयों की जड़ है भौतिक तृष्णा


हमारे देश और समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक बुराइयों ने जो पैर पसारे हैं, उसकी वजह लोगों में बढ़ती भौतिकतावादी और आधुनिकता की तृष्णाएं और बेवजह की इच्छाएं भी हैं। झूठी शान के लिए कुछ लोग अनैतिक कार्यों में संलिप्त हो रहे हैं। इनसानियत से गिर रहे हैं। देश की राजनीति में जो दोष आए हैं, उसकी वजह भी यह है कि कुछ लोग राजनीति में स्वार्थ के लिए ही आए हैं और शायद आएंगे भी। हमारा मन बहुत चंचल होता है। यह अक्सर आसानी से विचलित हो जाता है। इस चंचलता के कारण हमारे अंदर तृष्णाओं का संचार होने लगता है। यह तृष्णाएं हमारे अंदर सांसारिक सुखों की लालसा बढ़ा देती हैं और यह लालसा इतनी बढ़ जाती है कि हमारे पास अगर सांसारिक सुखों की सभी चीजें उपलब्ध भी हैं, तो भी हम तृष्णाओं के कारण हमेशा परेशान रहते हैं।

*-मनीष पांडे, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# यूक्रेन को सिर्फ पैट्रियट मिसाइल देगा अमेरिका

अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन का कहना है कि वह अपने नए सैन्य सहायता पैकेज के हिस्से के रूप में यूक्रेन को पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलों और तोप के गोलों को जल्दी भेजेगा। हालांकि, मिसाइलों को लांच करने के लिए पैट्रियट सिस्टम नहीं भेजे जाएंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि बढ़ते रूसी हवाई खतरे का सामना करने के लिए उनके देश को पैट्रियट डिफेंस सिस्टम की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डिफेंस सिस्टमों से अभी जान बचाई जा सकती है। यूक्रेन ने कहा कि रूस ने एक और बड़ा हवाई हमला किया है। खारकीव में अधिकारियों ने कहा कि रूसी हवाई हमले में एक अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गया है। ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशचेंको ने कहा कि रूसी सेना ने तीन क्षेत्रों में ऊर्जा सुविधाओं पर हमला किया गया। यूक्रेन ने कहा कि रूस ने क्रूज मिसाइलों, सतह से हवा में मार करने वाली एस-300 मिसाइलों और इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। बताया गया है कि यूक्रेन ने विमान, वायु रक्षा प्रणालियों और जैमिंग का उपयोग करके 21 को मार गिराया गया। यूक्रेन ने सीमा पार दो रूसी तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाने का दावा किया है।



## ऑफ बीट

# क्या चपटा पैर होना सामान्य है? चोटों को लेकर मिथक

कई दशकों से शोधकर्ताओं, चिकित्सा पेशेवरों और सामान्य आबादी का मानना है कि चपटे पैर वाले लोगों में विभिन्न प्रकार की समस्याएं विकसित होने की आशंका अधिक रहती है। विशेष रूप से, ऐसा माना जाता है कि चपटा पैर होने से व्यक्तियों को भविष्य में दर्द और अन्य मसक्यूलोस्केलेटल (यानी मांसपेशियों, शिरा या स्नायु संबंधी) समस्याएं होने की आशंका अधिक रहती है। चपटे पैर को एक तरह का 'टाइम बम' माना जाता है। हालांकि, 'ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन' में हाल में प्रकाशित एक संपादकीय में मेरे अनुसंधान दल ने इस मिथक को चुनौती दी। हमने दिखाया कि यह सिद्धांत निराधार है कि चपटा पैर अनिवार्य रूप से दर्द या अन्य मसक्यूलोस्केलेटल समस्याओं का कारण बनते हैं। यूनिवर्सिटी डु क्यूबेक अ ट्रॉ-रिविएर (यूक्यूटीआर) में पादचिकित्सा (पोडियाट्रिक मेडिसिन) के अनुसंधानकर्ता के तौर पर मैं यहां अपने अध्ययन के मुख्य निष्कर्षों के बारे में बताऊंगा। यह सिद्धांत कहां से आया? चपटा पैर एक समस्या होने का सिद्धांत सदियों पुराना है।



## ट्रेंड

### इसमें कोई सवाल नहीं



इसमें कोई सवाल नहीं है: जीवाश्म ईंधन के युग में रोशनी बुझ रही है। जीवाश्म ईंधन उद्योग की देरी की रणनीति इसे बदल नहीं सकती। ग़लत सूचना, विकृति और घुमाव इसे बदल नहीं सकते-चाहे उन पर कितने भी अरब डॉलर फेंके जाएं।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### वर्तमान ही आधार



समय का प्रबंधन, आर्थिक शुचिता और संयम ही जीवन में प्रगति के मूल मंत्र हैं। जीवन की समस्त संभावनाओं का आधार वर्तमान ही है। अतः वर्तमान का अधिकतम लाभ लेते हुए सत्कर्म परायण रहें। वर्तमान ही जीवन निर्माण की आधारशिला है।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### वो छीनना चाहते हैं अधिकार



कांग्रेस ने घटाई युवाओं के लिए वोटिंग की उम्र, किया 21 से 18 वर्ष, उन्होंने करोड़ों नौकरियां छीनी, युवाओं के सपनो का किया क्या हश्र, कांग्रेस ने सुनिश्चित किया सबको बराबरी का मताधिकार, वो बदलना चाहते हैं संविधान, छीनना चाहते हैं आपके अधिकार!

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### वोट खत्म करेगी



भाजपा और संघ के झूठ में मत फंसना। आरएसएस के नेता मोहन भागवत आरक्षण का विरोध कर चुके हैं और मोदी जातीय जनगणना का विरोध करते हैं। मैं फिर कह रहा हूं। भाजपा अगर जीत गई तो आरक्षण खत्म करेगी, संविधान खत्म करेगी और वोट खत्म करेगी।

**-संजय सिंह, आप नेता**

## अपने विचार


**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## कर्नाटक में पीएम मोदी ने 4 रैलियों को किया संबोधित

# राहुल गांधी को मुगलों के अत्याचार याद नहीं आते... ईवीएम पर भी फैलाया जा रहा लगातार झूठ, भारत की सफलता पर उन्हें आ रही शर्म

पीएम मोदी ने कर्नाटक के सभी वोटर का अभिनंदन करते हुए कहा कि मैं जहां भी गया सिर्फ एक स्वर सुनाई देता है एक बार फिर मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि ईवीएम के बहाने कांग्रेस ने भारत के लोकतंत्र को बदनाम करने की कोशिश की। कांग्रेस देशहित से दूर हो चुकी है, परिवार हित में इतना खो चुकी है कि देश की तरक्की अच्छी नहीं लगती।



एजेंसी ▶▶ बेलगावी

पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक में 4 रैलिया की। सबसे पहले वह बेलगावी में उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'कर्नाटक के सभी वोटर का अभिनंदन कर्नाटक में जहां-जहां गया सिर्फ एक स्वर सुनाई देता है फिर एकबार मोदी सरकार। उन्होंने कहा ईवीएम के बहाने कांग्रेस ने भारत के लोकतंत्र को बदनाम करने की कोशिश की। 10 साल में भारत और शक्तिशाली हुआ भारत की पहचान लोकतंत्र के मां के रूप में होने लगी है। 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। कांग्रेस देशहित से इतनी दूर हो चुकी है परिवार हित में इतना खो चुकी है की देश की तरक्की अच्छी नहीं लगती। भारत की हर सफलता पर कांग्रेस को शर्म आने लगी है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवराज, चिन्नमा महारानी जैसे महान लोगों का अपमान किया जिनकी देशभक्ति आज भी हमे प्रेरित करती है। यह सोच समझकर तुष्टीकरण की राजनीति के लिए दिया गया बयान है। राजा महाराज को तो बुरा कह दिया लेकिन बादशाहों, सुलतान के अत्याचारों पर शहजादे के मुंह पर ताला लग जाता है।

पीएम ने कहा कि जिन्होनें हमारी मंदिरों को तोड़ा अपमान किया वे उस औरंगेजब के गुणगान करने वालो के साथ हाथ मिलाते हैं। गोहत्या, लुटपाट करने वाले नवाब शहजादे को वो याद नहीं आए जिन्होंने भारत के विभाजन में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। बेलगावी में एक बहन के साथ जो हुआ और जैन मुनी के साथ जो हुआ शर्मसार करने वाला है। हुगली में हमारी एक बेटी के साथ जो हुआ उसने पूरे देश में भूचाल ला दिया ।

### 'अरे! आपका दिमाग फटा है कि सिलेंडर फटा'

पीएम ने कहा कि बेंगलुरु में उनके सत्ता संभालने के बाद एक कैफे में बम विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि गैस का सिलेंडर फटा है, अरे! आपका दिमाग फटा है कि गैस का सिलेंडर फटा है। वायनाड में जिन लोगों के नाम हैं और जिनके संबंध प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से हैं, उनसे इन संगठनों की मदद ली जा रही है। यही तो कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड है। ये लोग आतंकवादियों की हत्या पर आंसू बहा रहे थे।





### कांग्रेस ने छत्रपति शिवाजी और रानी चिनम्मा का अपमान किया

इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर छत्रपति शिवाजी महाराज और रानी चिनम्मा का अपमान करने का आरोप भी लगाया है।उन्होंने ईवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की। कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि भारत के राजा, महाराजा अत्याचारी थे। वे गरीबों की जमीन छीन लेते थे। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी चिनम्मा का अपमान किया है। उन्हें नवाबों, बादशाहों, सुल्तानों के खिलाफ उनमें एक शब्द बोलने की ताकत नहीं है। उनकी तुष्टीकरण की मानसिकता खुलकर सामने आ रही है।

**इटावा में गरजे गृहमंत्री शाह**

### पहले सपा के गुंडे गरीबों की झोपड़ी कब्जाते थे

सपा के गढ़ पहुंचे भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और गृहमंत्री अमित शाह जमकर गरजे। उन्होंने सबसे पहले शिव मंदिर, नीलकंठ मंदिर समेत सभी मंदिरों को नमन किया। काठी समाजवादी नेता अर्जुन सिंह भदौरिया को नमन किया। उन्होंने कहा कि एक ओर राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले है, तो दूसरी ओर राम मंदिर बनाने वाले। पहले पाकिस्तान हावी रहता था। मोदी प्रधानमंत्री बने, तो पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की। विश्व में भारत का डंका बज रहा है। इटावा वालों कोरोना का टीका लगा?सपा के गुंडे गरीबों की झोपड़ी कब्जाते थे। उन्होंने कहा कि जो अपने भतीजे, भतीजी मुख्यमंत्री बनते हैं, वो क्या इटावा वालों का भला करेंगे। सपा के गुंडे गरीबों की झोपड़ी कब्जाते थे। योगी जी सरकार बनने के बाद अब कोई कब्जा नहीं करता। 550 किमी सड़क बनी, रेलवे स्टेशन बनाना, पासपोर्ट कार्यालय, गैस,-पानी सभी लाभ इटावा वालों को मिले हैं।



**राहुल के चीनी बयान पर राजनाथ का पलटवार**

### भारत कहीं नहीं झुका और न ही कभी झुकेगा

**अहमदाबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत अच्छे माहौल में चल रही है और भारत कभी नहीं झुकेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत सैन्य दृष्टिकोण से एक शक्तिशाली देश बन गया है और अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। राहुल गांधी के चीनी आक्रामकता को लेकर कहा,भारत अब कमजोर नहीं है। भारत सैन्य दृष्टि से भी एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत कहीं भी झुका नहीं है और न ही कभी झुकेगा। सिंह ने यह भी विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर गया है आगे चलकर और बढ़ेगा।उन्होंने कहा,2014 में हमने 600 करोड़ रुपये की रक्षा सामग्री का निर्यात किया था, लेकिन अब यह आंकड़ा 21,000 करोड़ रुपए को पार कर गया है। आज हमने 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रक्षा उत्पादन हासिल किया है।



**संदेशखाली मुद्दे पर नड्डा ने ममता सरकार को घेरा**

### महिलाओं के अस्तित्व का खतरा पैदा हो रहा

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बाद ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुर्शिदाबाद में बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा 35 से भी अधिक सीटें जीतने वाली है।जेपी नड्डा ने कहा, "हमने देखा कि कैसे ममता की सरकार में टीएमसी के शाहजहां शेख जैसे लोग संदेशखाली में महिलाओं के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं।




**राहुल ने कटक में की रैली**

### पीएम और सीएम पटनायक पर निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कटक की चुनावी रैली में पीएम मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर निशाना साधा। उन्होंनेआरोप लगाया कि एक ओर पीएम मोदी दिल्ली के अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं तो दूसरी ओर ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के 'चुनिंदा लोगों'के लिए काम करती है।



**अजित पवार ने बारामती में कहा**

### बेटी के बजाय बहू को दें वोट

एनडीए गठबंधन के साथी व एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने बारामती में चुनावी जनसभा में कहा कि सीएम मुख्यमंत्री पद शरद पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस के पास रखा होता तो शायद वे मुख्यमंत्री बन सकते थे। उन्होंने कहा कि जैसे चार दिन सास के होते हैं, वैसे ही चार दिन बहू के भी आते हैं। लोगों से अपील की कि वे बहू यानी सुनेत्रा को पवार को चुनें न कि बेटी सुप्रिया सुले को, ताकि विकास हो सके।



## खबर संक्षेप

### अखिलेश को बड़ा झटका कई नेता भाजपा में गए

**संतकबीरनगर।** लोकसभा चुनाव में ताकत भिड़ा रहे अखिलेश यादव को पूर्वांचल में तगड़ा झटका लगा है। संत कबीर नगर जिले के कद्दावर नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जगत जायसवाल ने दल बदल लिया। उपमुख्यमंत्री ने गमछा पहनाकर शामिल कराया।

### महादेव बेटिंग एप मामले में साहिल गिरफ्तार

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर साहिल खान को महादेव बेटिंग एप मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उन्हें छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया है। गुरुवार को पुलिस ने साहिल से इसी मामले में काफी देर तक पूछताछ भी की थी। लंबे ऑपरेशन के बाद उन्हें पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। साहिल भारतीय एक्टर हैं, फिटनेस उद्यमी और यूट्यूबर हैं। साहिल का अपना जिम भी है।

## संदेशखाली केस की सीबीआई जांच के आदेश से टीएमसी सरकार नाराज

# सुप्रीम कोर्ट पहुंची ममता सरकार,राज्य पुलिस की शक्तियों को 'हड़पा' गया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता/नई दिल्ली

कलकत्ता हाईकोर्ट के संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच का निर्देश देने के खिलाफ बंगाल सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच के सुनवाई करने की संभावना है।



बंगाल सरकार ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश ने पुलिस फोर्स सहित पूरे राज्य तंत्र को हतोत्साहित किया है। हाईकोर्ट ने एक बहुत ही सामान्य आदेश में राज्य को बिना किसी दिशा निर्देश के सीबीआई को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भले ही वे याचिकाकर्ताओं की ओर से लगाए गए आरोपों से संबंधित न हो। यह जांच करने के लिए राज्य पुलिस की शक्तियों को हड़पने के समान है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों पर सीबीआई जांच का दिया था आदेश

**शीर्ष कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा**



**याचिका में दी ये दलील**

**2 मई को रिपोर्ट दाखिल करेगी सीबीआई**

हाईकोर्ट ने सीबीआई को संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच करने और सुनवाई की अगली तारीख पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। बेंच अगली सुनवाई के लिए दो मई को सूचीबद्ध किये जाने का निर्देश दिया। उस दिन तक सीबीआई को रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

**ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच कर रही सीबीआई**

संदेशखाली में ईडी के अधिकारियों पर हमले के मामले की जांच पहले से ही सीबीआई कर रही है और एजेंसी ने 5 जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन एफआईआर दर्ज की हैं। जांच की निगरानी अदालत की ओर से किए जाने का जिक्र करते हुए हाईकोर्ट ने राजस्व दस्तावेज और कथित भूमि के भौतिक निरीक्षण का गहन निरीक्षण करने के बाद मछली पालन के लिए कृषि भूमि के जल निकायों में कथित अवैध रूपांतरण पर एक व्यापक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

**डरा-धमकाकर चुनाव जीतना चाह रहीं ममता**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने संदेशखाली में सीबीआई द्वारा हथियार और गोला-बारूद जब्त किए जाने को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर निशाना साधा। उनसे रविवार को सवाल किया कि क्या वह लोगों को डराकर लोकसभा चुनाव जीतना चाहती हैं? नड्डा ने दावा किया कि भाजपा बंगाल की 42 लोकसभा सीट में से 35 से अधिक सीट पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने संदेशखाली की उन महिलाओं के प्रति पार्टी की एकजुटता व्यक्त की जिनका तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों ने कथित यौन उत्पीड़न किया था। संदेशखाली केस में शाहजहां शेख को अब तृणमूल से निष्कासित कर दिया गया है।

## टीएमसी के दो गुटों में भिड़ंत

# भाजपा की महिला नेता पर हमला, पथराव में 1 की मौत



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के बागुईआटी क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो गुटों के बीच आपसी झड़प में एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि अर्जुनपुर पश्चिमपारा में शनिवार की रात में झड़प हुई।

इस झड़प के दौरान दोनों गुटों के बीच पथराव भी हुआ। इस पथराव में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संजीव दास उर्फ पोटला के तौर पर की गई है। पुलिस ने बताया कि संजय दास के खिलाफ आर्म्स एक्ट से जुड़े 11 मामले दर्ज थे।

### पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया

इस घटना में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच जारी है। मृतक के परिवार ने आरोप लगाया कि इस घटना के पीछे स्थानीय पार्षद के लिए काम करने वाले टीएमसी कार्यकर्ताओं का हाथ है। उन्होंने दावा किया कि मृतक को रॉड से पीटा गया है।

### महिला नेता ने छेड़छाड़ हमले का आरोप लगाया

एक अन्य घटना में भाजपा की एक महिला नेता ने दक्षिण कोलकाता के आनंदपुर में टीएमसी कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने दावा किया कि उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। उन्होंने बताया कि हमला तब हुआ जब वह पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी बैनर और पोस्टर लगा रही थी। बता दें कि कोलकाता में एक जून को मतदान होने वाला है।

## नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती से जनता टीवी के समाचार संपादक वरुण गोयल की बातचीत के प्रमुख अंश

# ये चुनाव भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता के बीच है : सोमनाथ भारती

जिन उम्मीदवारों के टिकट सबसे पहले घोषित हुए थे, उनमें आपका नाम था। लगभग दो महीने हो गए हैं कैसा प्रचार चल रहा है?

मैं मालवीय नगर विधानसभा से पिछले नौ साल से विधायक हूं। जनता ने मुझे अथाह प्यार दिया है। आप समझ सकते हैं कि किसी वक्त ये सीट भाजपा की हुआ करती थी उस सीट पर सोमनाथ भारती को जनता ने पहले चुनाव में जिताया आठ हजार के अंतर से। दूसरे चुनाव में जिताया सोलह हजार के अंतर से। तीसरे चुनाव में जिताया 19,200 के अंतर से और चौथी बार तो कमाल कर दिया यहां तीनों पार्षद की सीट जिन पर 50 साल से भाजपा की होल्डिंग थी वहां जनता ने आम आदमी पार्टी को जिताया।

आप जीते आपकी जीत का अंतर हर बार बढ़ा ,लेकिन यह तो पूरी दिल्ली में ही हुआ था कि आम आप तीन बार जीती लेकिन लोकसभा के अंदर वह पैटर्न बदल जाता है?

2014 और 2019 का जो चुनाव था वह एक अलग चुनाव था 2019 का चुनाव तो शुद्ध रूपेण जो पुलवामा के भीतर हुआ और जो नैरेटिव बनाया गया और हम सबने पुलवामा को देख भी लिया, इस बार का चुनाव बिल्कुल ही अलग है और हर बात पर भाजपा ध्वस्त है। भाजपा के गवर्नर मलिक साहब ने जो कहा वो मैंने तो नहीं कहा और 2024 में लोकतंत्र की गला घोटा जा रहा है 21 मार्च को तीन बार के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री को रात के अंधेरे में चोरों की तरह पिछले दरवाजे से उठाकर चले गए यह देश इस बात को सहेगा नहीं?

भाजपा बार-बार बात कह रही है कि मामला अदालत में है। अदालत के सामने आम आदमी पार्टी की दलीलें क्यों नहीं चल पा रही है?

दलील नही चल पा रही तो संजय सिंह को बेल कैसे मिल गई। इस मसले पर जब सुप्रीम कोर्ट ने दबोचा ईडी को तो जमानत का विरोध नहीं किया गया। ईडी के जरिए 8000 करोड़ इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने वसूली का साधन बनाया है। यह प्रमाण है सबने देखा है।

सोमनाथ भारती क्या उम्मीद कर रहे हैं कब तक आपको लगता है अरविंद केजरीवाल बाहर आ जाएंगे?

तानाशाही चल रही है क्योंकि सेक्शन 50 और सेक्शन 45 जिस प्रकार से ड्राफ्टेड है सेक्शन 45 में कानून में ऐसा संशोधन कर दिया भाजपा सरकार ने कि जब तक प्रॉसीक्यूशन नहीं चाहेगा तब तक जमानत नहीं मिलेगी। अब देखिए अजीत पवार की पत्नी को 25 हजार करोड़ के मामले में तीन दिन पहले क्लीन चिट मिल गई। ईडी, सीबीआई से क्यों क्योंकि अजीत पवार भाजपा के डिप्टी सीएम बने हुए हैं, जिसके लिए कहते थे चक्की पिसिंग वो गोद में आकर बैठ गया।

जिन नेताओं को आप भ्रष्ट कहते थे आज उनके साथ बैठे हैं ना जिनकी लंबी लिस्ट आती थी



जिस प्रकार से भाजपा ने ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग करके लोकतंत्र का गला घोटने का काम किया है। एक चुने एवं मुख्यमंत्री को जेल भेजने का काम किया है। चुनाव में दिख रही हार के कारण इस प्रकार की हरकतें की है देश देख रहा है कि करप्शन कौन कर रहा है और भुगत कौन रहा है? हाथ मिलाया क्योंकि लोकतंत्र को बचाना है संविधान को बचाना है। 10 साल पूर्ण बहुमत से कहीं ज्यादा मैंडेट होने के बावजूद न तो अपने बेरोजगारी को ठीक किया न आपने महंगाई को ठीक किया। यही पीएममोदी पानी पी पीकर कोसा करते थे मनमोहन सिंह जी को।

आप लोग भी तो शामिल थे मनमोहन सिंह जी को कोसने में ?

आज दायित्व किसको मिला है, जैसे हमने दायित्व निभाया दिल्ली में सरकारी स्कूल आज प्राइवेट से कहीं बेहतर हो गए हैं। तीन लाख बच्चे ट्रांसफर किए हैं प्राइवेट से सरकारी में

आम आदमी पार्टी जब यह कहती है कि महिलाओं को हजार रुपए फ्री देगी तो रामवीर सिंह विधूड़ी ने हमारे साक्षात्कार में कहा कि 2018 से ओल्ड एज पेंशन बंद है उसके बारे में जवाब दें?

दिल्ली में भाजपा ने जनादेश का अनादर किया। हमसे अधिकारियों का सर्विस कंट्रोल छीना, बुजुर्ग पेंशन की फाइल किसने रोक रखी है। आप जाकर पूछिए जनता को आप बेवकूफ नहीं बना सकते। जनता जानती है जब दिल्ली की ताकत छीनी जा रही थी तब भाजपा के सांसद ताली बजा रह थे।

नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से ही अरविंद केजरीवाल विधायक हैं उनकी अनुपस्थिति में चुनाव लड़ना क्या पार्टी के लिए संकट की स्थिति है?

अरविंद की सशरीर उपस्थिति रहती तो बहुत अच्छा रहता लेकिन न होने से जनता बहुत गुस्से में है। जनता के मन में ये बात घर कर गई है कि इससे बड़ा तानाशाही का उदाहरण क्या होगा? गिरफ्तारी के बाद पूरी दिल्ली कह रही है मैं भी केजरीवाल, ये चुनाव भारतीय जनता पार्टी और भारतीय जनता के बीच है।

क्या कांग्रेसी खुलकर आ रहे हैं साथ में ?

खुलकर आ रहे हैं क्योंकि सभी को पता है ये चुनाव देश बचाने का है, लोकतंत्र बचाने का है, संविधान बचाने का है। बिजली, पानी, शिक्षा, मुफ्त बस यात्रा बचाने का है।

आपकी प्रतिद्वंदी भी वकील हैं, कड़ा मुकाबला मानते हैं आप

पीएम मोदी कहते हैं परिवारवाद को वोट नही देना और यहां की प्रत्याशी खुद परिवारवाद की प्रतीक हैं सोमनाथ भारती जनतावाद का प्रतीक है

सुनीता केजरीवाल की भविष्य में पार्टी में भूमिका क्या देखते हैं आप ?

अरविंद केजरीवाल जी सशरीर यहां पर नहीं है तो सुनीता केजरीवाल मैसेंजर है क्योंकि जो अरविंद केजरीवाल कहते हैं जो उनसे बातचीत होती है। पार्टी के बारे में हो संगठन के बारे में हो सरकार के बारे में तो मौजूदा समय में वो सबसे सही व्यक्तित्व हैं। केजरीवाल जी के विचारों का प्रतिनिध्तव करने के लिए उस बात को जनता तक पहुंचाने के लिए जनता को केजरीवाल जी का मैसेज सही फॉर्म में पहुंचा पाएं।

**खबर संक्षेप**

## पूंजीकरण में सबसे आगे रहा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान फर्मों में छह का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 1.30 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ। पिछले हफ्ते, बीएसई सेंसेक्स 641.83 अंक या 0.87 प्रतिशत बढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 45,158.54 करोड़ रुपये बढ़कर 7,15,218.40 करोड़ रुपये हो गया।

## अदाणी कॉनेक्स बैंकों से जुटा रही 1.44 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** अदाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स की समान हिस्सेदारी वाले संयुक्त उद्यम (जेवी) अदाणी कॉनेक्स ने लगभग 1.44 अरब डॉलर (लगभग 11,520 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। डेटा सेंटर बनाने वाली कंपनी ने रविवार को बताया कि यह देश में सबसे बड़ा पर्यावरण अनुकूल वित्तपोषण है।

## बीते सप्ताह सरसों-बिनौला में सुधार, बाकी में गिरावट

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों के अनुमान के विपरीत सरसों और कपास की आवक घटने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों तेल तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए। देश में इन तेलों की आपूर्ति की स्थिति में सुधार के बीच सोयाबीन एवं मूंगफली तेल तिलहन, सीपीओ एवं पामोलीन तेल के भाव में गिरावट देखने को मिली।

## एयू स्माल बैंक तीन साल में कारोबार दोगुना करेगी

**नई दिल्ली।** एयू स्माल फाइनेंस बैंक तीन साल में अपने बहीखाते का आकार दोगुना कर 2.5 लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य बना रहा है। देश में बढ़ती खपत की प्रवृत्ति से मदद मिलेगी। बैंक ने इस सप्ताह 'एयू रेमिट' के साथ विदेशी मुद्रा कारोबार में और 'एयू डिजीट्रेड' के साथ सीमा पार व्यापार में अधिकृत डीलर (एडी-आई) लाइसेंस शुरू किया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# टेस्ला के सीईओ ने सबको चौंकाया, भारत की यात्रा टाल चीन पहुंचे एलन मस्क

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इसी महीने भारत आने वाले थे। यहां उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी होने वाली थी। इसे लेकर भारत में काफी उत्साह का माहौल था। कई तरह की तैयारियां भी की जा रही थीं। हालांकि, आखिरी समय में उनकी यात्रा टालने की खबर आई थी।

- टेस्ला ऑटोनोमस टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाना चाहते हैं

टेस्ला के सीईओ ने कहा था कि वह फिलहाल कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं इसलिए भारत की यात्रा कुछ महीनों बाद करेंगे। अब एलन मस्क अचानक चीन पहुंच गए हैं। इलेक्ट्रिक वेहिकल सेक्टर की दिग्गज कंपनी के लिए चीन दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत की बजाय चीन की यात्रा पर पहुंचने से कई अटकलें लगाई जा रही हैं।

**मस्क चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लांच करने बात करेंगे**

### फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर लांच की तैयारी

रायटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क की इस यात्रा की भनक किसी को नहीं थी। वह सबको अचंभित करते हुए बीजिंग पहुंचे हैं। यहां वह चीन सरकार के बड़े अधिकारियों से मुलाकात करने वाले हैं। ऐसा माना जा रहा है कि वह चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लांच करने के बारे में बात करने के लिए बीजिंग पहुंचे हैं। वह चीन सरकार से इस सॉफ्टवेयर से मिलने वाले डेटा के विदेश में इस्तेमाल की मंजूरी भी मांगेंगे ताकि टेस्ला की ऑटोनोमस ड्राइविंग टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाया जा सके। एलन मस्क ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था कि जल्द ही चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लांच किया जाएगा।



### चीन का डेटा अमेरिका नहीं ले जा पाई है टेस्ला

रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला ने साल 2021 से ही चीन में डेटा इकठ्ठा करना शुरू कर दिया था। यह डेटा शंघाई में मौजूद है। अभी यह डेटा वह अमेरिका नहीं ले गई है। एलन मस्क इसी डेटा को अमेरिका ले जाना कहते हैं। टेस्ला ने लगभग 4 साल पहले ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर लांच कर दिया था। चीन के कस्टमर्स भी लंबे समय से इसकी डिमांड कर रहे हैं। मगर, टेस्ला अभी तक उन्हें यह सॉफ्टवेयर नहीं दे पाई है।

### इंडिया में प्लांट के लिए आने वाले थे एलन मस्क

पिछले कुछ महीनों से एलन मस्क द्वारा टेस्ला का प्लांट इंडिया में लगाने की चर्चाएं जोरों पर थीं। भारत सरकार ने हाल ही में अपनी नई ईवी पॉलिसी में विदेशी कंपनियों को कई छूट भी दी थीं। इसके बाद मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि टेस्ला की एक टीम बहुत जल्द भारत का दौरा करने वाली है। यह टीम टेस्ला का प्लांट लगाने के लिए सही जगह की तलाश करने के लिए भारत आने वाले थी। टेस्ला का प्लांट लगाने के लिए कई राज्य सरकारें भी उत्साहित थीं। यहां तक की रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेस्ला के बीच प्लांट को लेकर वार्ता का दावा भी किया गया था। ऐसा माना जा रहा था कि एलन मस्क पीएम मोदी से मिलने के बाद भारत में एंट्री की घोषणा करेंगे।

### अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन एकत्र किया

# सेबी ने ग्रोपिटल, अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित किया, जांच जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नियामक ने अपने पहले के आदेश को संशोधित किया और कृषि निवेश मंच ग्रोपिटल के निदेशकों- ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा दिया। शेयर बाजार नियामक ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है जिससे संस्थाओं की चूक या कमीशन के अतिरिक्त कृत्य सामने आ सकते हैं। मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं।

### सेबी ने हालिया आदेश में दिया निर्देश

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह ने शुक्रवार को जारी हालिया आदेश में कहा, 'सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) विनियमों की धाराओं के तहत मैं अगले आदेश तक अंतरिम आदेश के माध्यम से जारी निर्देशों की इस संशोधन के अधीन पुष्टि करता हूं कि व्यक्तियों, ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे।'

### उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो

सिंह ने कहा कि प्रतिबंध जारी रहेगा क्योंकि 'कार्यवाही यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि संस्थाओं के पास उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो।' सेबी ने इस साल जनवरी में पारित एक अंतरिम आदेश में फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), संबंधित संस्थाओं और उनके निदेशकों को निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने से रोक दिया था और उन्हें अगले निर्देश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था।

*भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), अन्य संबंधित इकाइयों और उनके निदेशक अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन संग्रह की जांच के नतीजे आने तक प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित रहेंगे।*



*निवेशकों से धन इकट्ठा करने से भी रोक दिया गया : उन्हें किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) को शुरू करने से रोकने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही, उन्हें मौजूदा योजनाओं के माध्यम से भागीदारों या निवेशकों से धन इकट्ठा करने से भी रोक दिया गया है।*

- धन संग्रह की जांच के नतीजे आते तक प्रतिभूति बाजार में रहेंगे प्रतिबंधित
- निदेशकों के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिया जाएगा
- मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं

### कंपनी ने जनता को निवेश योजनाएं पेश की थी

सेबी ने अपनी जांच में पाया कि ग्रोपिटल ने कृषि क्षेत्र में जनता को विभिन्न निवेश योजनाएं पेश कीं। इसने कृषि क्षेत्र में निवेश के माध्यम से 11 से 14 प्रतिशत की सीमा में निश्चित कर-मुक्त लाभ की पेशकश करने का भी दावा किया।

### एएमसी की विशेष अवसर वाले कोषों में दिलचस्पी बढ़ी

परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) की विशेष अवसर वाले कोषों में दिलचस्पी बढ़ गई है। ऐसी तीन फर्मों ने हाल ही में इस थीम पर आधारित योजनाएं शुरू करने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास मसौदा पत्र जमा किए हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के मुताबिक तीन एएमसी - व्हाइटओक कैपिटल, कोटक महिंद्रा और सैमको - ने मार्च-अप्रैल के दौरान, विशेष अवसर वाले कोष के लिए मसौदा पत्र दाखिल किए हैं।

### बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने करती है निवेश

इस समय आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, एक्सिस एमएफ विशेष अवसर वाले कोष की पेशकश करते हैं। विशेष अवसर वाले कोष, ऐसी म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं, जो बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए निवेश करती हैं। जैसे, एक कंपनी, क्षेत्र या समूची अर्थव्यवस्था के किसी अवसर या चुनौती का सामना करने पर निवेश करना।

### म्यूचुअल फंड भी ले रहे दिलचस्पी

आनंद राठी वेल्थ लिमिटेड के डिप्टी सीईओ फिरोज अजीज ने कहा कि विशेष अवसर वाले कोष ऐसी कंपनियों में निवेश करते हैं, जो नियामक या नीतिगत बदलाव, प्रबंधन का पुनर्गठन, तकनीकी बाधा या अस्थाई चुनौती से जूझ रही होती हैं। इन कोषों को पहले वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) की श्रेणी -1 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था। म्यूचुअल फंड अब व्यापक निवेशक आधार को आकर्षित करने के लिए इनमें दिलचस्पी ले रहे हैं।

## इस्पात आयात को लेकर सतर्क रहने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी वी नरेन्द्रन ने कहा है कि चूंकि इस्पात आयात में वृद्धि जारी है तो इस स्थिति को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। भारत में इस्पात आयात बीते वित्त वर्ष में 38 प्रतिशत उछाल के साथ 83.19 लाख टन पर पहुंच गया है। नरेन्द्रन ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, 'यदि यही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो यह दुख की बात होगी। हमें आयात को लेकर सतर्क रहना होगा। जब तक यह अनुचित आयात है, सरकार को इससे निपटने की जरूरत है।' मांग पर एक अलग प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में इस्पात की खपत आठ से 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इस्पात उत्पादक चीन सहित कुछ देशों से बढ़ते आयात पर चिंता जता रहे हैं और इस मुद्दे पर सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। घरेलू कंपनियां भी आयात पर अंकुश लगाने और कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की समीक्षा की मांग कर रही हैं। नरेन्द्रन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि एफटीए की समीक्षा करना आसान होगा। लेकिन यह सरकार को तय करना है।'




- टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेंद्रन ने किया आगाह
- आयात बीते वित्त वर्ष में 38 फीसदी बढ़कर 83.19 लाख टन

### भारत का कच्चे इस्पात का उत्पादन बढ़ा

बिगमिंट (पूर्व में स्टीलमिंट) के आंकड़ों के अनुसार, भारत का कच्चे इस्पात का उत्पादन वित्त वर्ष 2022-23 में 12.6 करोड़ टन से लगभग 14 प्रतिशत बढ़कर बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 14.4 करोड़ टन हो गया।

## वैश्विक रुझानों से घरेलू शेयर बाजार की चाल होगी निर्धारित



**नई दिल्ली।** कंपनियों की तिमाही आय के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले और अन्य वैश्विक रुझानों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल निर्धारित होगी। विशेषज्ञों ने बताया कि इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की दिशा और रुपया-डॉलर विनिमय दर जैसे कारक भी व्यापार को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र दिवस के कारण बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि घरेलू स्तर पर, चौथी तिमाही के नतीजे कुछ विशेष शेयरों को दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि मासिक ऑटो बिक्री के आंकड़े मई की शुरुआत में घोषित किए जाएंगे और मतदान का अगला चरण महत्वपूर्ण होगा। मीना ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर, एक मई को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक का नतीजा महत्वपूर्ण होगा। इसके अलावा चीन और अमेरिका से जारी होने वाले आर्थिक आंकड़ों के साथ ही वैश्विक मुद्रा बाजार में होने वाली हलचल भी बाजार को प्रभावित करेगी।

## एचसीएल टेक का लाभ 3,986 करोड़ पर स्थिर



**नई दिल्ली।** भारत की तीसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 3,986 करोड़ रुपये पर सपाट रहा। एचसीएल ने बताया कि हालांकि पिछली तिमाही की तुलना में कंपनी का शुद्ध लाभ 8.4 प्रतिशत घट गया। यह गिरावट दुनियाभर में आईटी व्यय कम होने के बीच कर्मचारी मद में लागत बढ़ने के कारण आई। मार्च तिमाही के लिए कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 3,986 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2022-23 की मार्च तिमाही में यह 3,983 करोड़ रुपये था। एचसीएल टेक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिमाही आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 8.4 प्रतिशत घट गया। अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 4,350 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए स्थिर मुद्रा के आधार पर राजस्व में तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि और कर पूर्व आय (ईबीआईटी) मार्जिन 18-19 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है।

## एलन के टॉप 5 में 3 सहित टॉप-100 में 34 स्टूडेंट्स

भाषा ▶▶| कोटा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई मेन 2024 के परिणामों के बाद एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में सेलीब्रेशन गुरुवार को हुआ। इस अवसर पर एलन के निदेशक डॉ. नवीन माहेश्वरी ने टॉप रैंकर्स को मालाएं पहनाकर अभिनन्दन किया। विद्यार्थियों के अभिभावकों का भी स्वागत किया गया। फैकल्टीज, पेरेन्ट्स व स्टूडेंट्स ने मिलकर केक कटिंग की। निदेशक नवीन माहेश्वरी ने बताया कि एलन क्लासरूम स्टूडेंट नीलकृष्ण ने आल इंडिया टॉप किया है। रैंक-2 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट दक्षेश संजय मिश्रा व रैंक 4 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आदित्य कुमार रहे। इसके साथ ही टॉप-5 में एलन के 3 स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही आल इंडिया रैंक 16 पर रहे मोहम्मद सुफियान तथा रैंक-22 पर रहे हिमांशु सहित सभी 5 विद्यार्थियों ने परफेक्ट स्कोर प्राप्त किया। आल इंडिया टॉप-50 में 16, टॉप-100 में 34, टॉप-500 में 176, टॉप 1000 में 323 स्टूडेंट्स शामिल हैं। एलन के 25 हजार 708 स्टूडेंट्स ने जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालीफाई किया है। इसमें 20039 स्टूडेंट्स क्लासरूम व एलन डिजिटल लाइव क्लासेज तथा 5669 स्टूडेंट्स दूरस्थ शिक्षा व एलन डिजिटल ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से एलन से जुड़े हैं। इंडिविजुएल सब्जेक्ट में 514 स्टूडेंट्स ने 100 पर्सेन्टाइल स्कोर प्राप्त किया है।



## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (JUIT), सोलन, हिमाचल प्रदेश को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा पांच वर्षों के लिए A+ ग्रेड दिया गया है

**नई दिल्ली।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (JUIT) को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा मान्यता के तीसरे चक्र में 3.40 के ग्रेड प्वाइंट के साथ A+ ग्रेड दिया गया है। यह परिणाम एनएएसी द्वारा 25 अप्रैल 2024 को घोषित किया गया है। एनएएसी अपनी कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए जाना जाता है, जिसने जेयूआईटी के बुनियादी ढांचे, संकाय प्रोफ़ाइल, पाठ्यक्रम, छात्र सहायता सेवाओं, अनुसंधान प्रदर्शन और सामुदायिक जुड़ाव का गहन मूल्यांकन किया है। मान्यता शिक्षण, अनुसंधान, नवाचार, आउटरीच गतिविधियों और अन्य मापदंडों में उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए जेयूआईटी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। जेयूआईटी के प्रो-चांसलर और जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष, माननीय श्री मनोज गौड़ जी ने इस असाधारण उपलब्धि के लिए जेयूआईटी के कुलपति प्रोफेसर आर के शर्मा और उनकी गतिशील टीम को बधाई दी। प्रोफेसर शर्मा ने उत्कृष्टता के प्रति जेयूआईटी के समर्पण पर प्रकाश डालते हुए इस उपलब्धि के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ए+ ग्रेड के साथ मान्यता विश्व स्तरीय शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार प्रदान करने और असाधारण परिचालन मानकों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता को मान्य करती है। यह मान्यता उच्च शिक्षा और अनुसंधान में एक अग्रणी संस्थान के रूप में जेयूआईटी की स्थिति का प्रमाण है। प्रोफेसर सुनील कुमार खाह, प्रभारी आईक्यूएसी ने जोर देकर कहा कि ग्रेड आईक्यूएसी टीम के सदस्यों, संकाय, कर्मचारियों और विश्वविद्यालय के छात्रों के समर्पण, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत का परिणाम है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित, जेयूआईटी एक प्रमुख विश्वविद्यालय है जो विभिन्न विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों की विविध श्रृंखला प्रदान करता है।


## भारत में स्टार्टअप 10 साल में 300 गुना बढ़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि भारत में स्टार्टअप की संख्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 साल में लगभग 300 गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि 2014 में देश में लगभग 350 स्टार्टअप थे। सिंह ने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारत में है और यह सबसे तेजी से बढ़ते यूनिकॉर्न का घर है। कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने यहां कहा, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार इस देश के युवाओं को प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने यह समझाने का प्रयास किया कि रोजगार केवल सरकारी नौकरी तक ही सीमित नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने आजीविका के ऐसे नए तरीकों को बढ़ावा दिया है जो सरकारी नौकरी से अधिक आकर्षक हो सकते हैं।" उन्होंने कहा कि भारत में 2014 में सिर्फ 350 स्टार्टअप से नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेने के 10 साल में 300 गुना वृद्धि हुई है।




## शब्द पहेली - 5496




**बाएँ से दाए-**


1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5495 का हल**





# विश्व कप: भारत ने 14 साल बाद जीता ऐतिहासिक स्वर्ण पदक, ओलंपिक चैंपियन कोरिया को हराया

एजेंसी ▶▶ शंघाई

भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा।

धीरज, तरुणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया। सेना के 40 साल के तरुणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। तब राहुल बनर्जी, तरुणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था।



### भारत ने 5-1 जीता फाइनल

*स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की। मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है। इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिश्रित टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया। भारतीय जोड़ी ने मेक्सिको की एलेजांद्रा वेलेंशिया और मटियास ग्रांडे की जोड़ी को 6-0 (35-31, 38-35, 39-37) से शिकस्त दी।*

## पुरुष रिकर्व टीम धीरज, तरुणदीप और प्रवीण ने रचा इतिहास

### दीपिका को रजत पदक

*मां बनने के बाद खेल से दूर रही अनुभवी दीपिका कुमारी महिला रिकर्व के व्यक्तिगत फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व रैंकिंग की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने 30वीं वरीयता प्राप्त होने के बाद प्रतियोगिता में काफी नीचे से शुरुआत की थी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में दो कोरियाई खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाया लेकिन फाइनल में दीपिका हांग्झोउ एशियाई खेलों की चैंपियन लिम सिह्योन से सीधे सेटों में 6-0 (26-27, 27-29, 27-28) से हार गईं।*



### टीम रैंकिंग के आधार पर मिलेगा कोटा

ओलंपिक के लिए आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धा 18 से 23 जून तक तुर्की के अंताल्या में विश्व कप का तीसरा चरण है, जिसके बाद टीम रैंकिंग के आधार पर दो अतिरिक्त कोटा मिलेगा। यह पहली बार है जब टीम रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक कोटा मिलेगा। क्वालीफायर से पेरिस का टिकट कटाने में नाकाम रही टीमों में से दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग की टीमों को ओलंपिक जाने का मौका मिलेगा। भारत (231 अंक) अब विश्व रैंकिंग में चीन (241) और शीर्ष पर काबिज दक्षिण कोरिया (340) के बाद तीसरे स्थान पर है और पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 |
| गुजरात | 10 | 4 | 4 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
500 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर
1412 चौके
840 छक्के

## आईपीएल : कोहली ने सातवीं बार सत्र में बनाए 500 रन

# बेंगलोर की लगातार दूसरी जीत, गुजरात को नौ विकेट से रौंदा, विल जैक्स का शतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहमदाबाद

विल जैक्स की 41 गेंद में नाबाद 100 रन की आक्रामक पारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां गुजरात टाइटंस को चार ओवर शेष रहते नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। यह बेंगलोर की लगातार दूसरी जीत है। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर तीन विकेट पर 200 रन बनाए थे लेकिन आरसीबी ने महज 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर 10 मैचों में तीसरी जीत दर्ज की। गुजरात की यह 10 मैचों में छठी हार है।

शुरुआती 17 गेंदों में महज 17 रन बनाने वाले जैक्स ने अपनी नाबाद आतिशी पारी में पांच चौके और 10 छक्के लगाए। उन्होंने 15वें और 16वें ओवर में क्रमशः मोहित शर्मा और राशिद खान के खिलाफ 29-29 रन बटोरने के दौरान कुल सात छक्के और तीन चौके लगाए। जैक्स ने दिग्गज विराट कोहली (नाबाद 70) के साथ दूसरे विकेट के लिए महज 74 गेंद में 166 रन की अटूट साझेदारी की। कोहली ने 44 गेंद की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाकर स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाने वाले आलोचकों को जवाब दिया। कोहली ने इस दौरान मौजूदा आईपीएल सत्र में 500 रन पूरे किए। यह सातवीं बार है जब कोहली ने आईपीएल सत्र में 500 से अधिक रन बनाए हैं।



### लक्ष्य का पीछा करते फिफ्टी

| बार | खिलाड़ी |
|---|---|
| 35 | डेविड वार्नर |
| 24 | विराट कोहली |
| 23 | शिखर धवन |
| 22 | केएल राहुल |
| 20 | गौतम गंभीर |

### कोहली का चौथा अर्धशतक

आरसीबी के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली जबरदस्त फॉर्म में नजर आए। उन्होंने 32 गेंदों में इस सीजन का चौथा अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने 44 गेंदों में 70 रनों की नाबाद पारी खेली। गुजरात के खिलाफ किंग कोहली ने 159.09 के स्ट्राइक रेट से छह चौके और तीन छक्के लगाए। इसी के साथ आईपीएल 2024 में विराट कोहली के 500 रन पूरे हो गए।



### सुदर्शन और शाहरुख की फिफ्टी बेकार

बी साई सुदर्शन की 49 गेंद में 84 रन की नाबाद पारी से गुजरात टाइटंस को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने आठ चौके और चार छक्के लगाने के साथ दो अहम साझेदारियां की। साई सुदर्शन ने तीसरे विकेट के लिए शाहरुख खान (58) के साथ 45 गेंद में 86 रन की साझेदारी से मैच में टीम की वापसी कराई और फिर डेविड मिलर (26) साथ चौथे विकेट के लिए 36 गेंद में 69 रन की अटूट साझेदारी की। शाहरुख ने 30 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके और पांच छक्के लगाए जिससे टीम धीमी शुरुआत से उबरने में कामयाब रही। मिलर ने 19 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का कर्ण बो स्वप्निल | 05 | 04 | 1 | 0 |
| गिल का ग्रीन बो मैक्सवेल | 16 | 19 | 1 | 0 |
| साई सुदर्शन नाबाद | 84 | 49 | 8 | 4 |
| शाहरुख खान बो सिराज | 58 | 30 | 3 | 5 |
| डेविड मिलर नाबाद | 26 | 19 | 2 | 1 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 200/3
गेंदबाजी : स्वप्निल 3-0-23-1, सिराज 4-0-34-1, दयाल 4-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-28-1, कर्ण 3-0-38-0, ग्रीन 3-0-42-0.

| आरसीबी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 70 | 44 | 6 | 3 |
| डुप्लेसी का स्था. शंकर बो किशोर | 24 | 12 | 1 | 3 |
| विल जैक्स नाबाद | 100 | 41 | 5 | 10 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 16 ओवर में 206/1
गेंदबाजी : उमरजाई 2-0-18-0, वॉरियर 1-0-15-0, साई किशोर 3-0-30-1, राशिद 4-0-51-0, नूर 4-0-43-0, मोहित 2-0-41-0.




**हैदराबाद को 78 रन से हराकर हिसाब बराबर किया**

# गायकवाड़ व देशपांडे ने चेन्नई को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

कप्तान रूतुराज गायकवाड़ लगातार दूसरे शतक से मामूली अंतर से चूक गए लेकिन उनकी शानदार पारी और तुषार देशपांडे की उम्दा तेज गेंदबाजी से चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को 78 रन से हराकर पिछले दो मैचों में हार के बाद जीत की राह पर वापसी की। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई चेन्नई ने तीन विकेट पर 212 रन बनाये जिसमें गायकवाड़ के 54 गेंद में 98 रन शामिल थे। वहीं डेरिल मिचेल ने फॉर्म में लौटते हुए 32 गेंद में 52 रन बनाये जबकि शिवम दुबे ने 20 गेंद में नाबाद 39 रन की पारी खेली। जवाब में सनराइजर्स का अति रक्षात्मक रवैया ही उस पर भारी पड़ा। देशपांडे ने शुरूआती झटके देते हुए तीन ओवर में 27 रन देकर चार विकेट लिये। सनराइजर्स की टीम 18.5 ओवर में 134 रन पर आउट हो गई। इस जीत के बाद चेन्नई 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के भी दस अंक है। सनराइजर्स के भी दस अंक है लेकिन वह चौथे स्थान पर है।

### खबर संक्षेप



#### विश्व कप: दो कलाई के स्पिनर चुने भारत

**मुंबई।** पूर्व आल राउंडर इरफान पठान ने कहा कि भारत को अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में पांच विशेषज्ञ गेंदबाजों के साथ दो कलाई के स्पिनरों को चुनना चाहिए। पठान ने कहा, 'आपको पांच अच्छे गेंदबाजों की जरूरत है जो निहायती जरूरी हैं। आपके विकेटकीपिंग विकल्प क्या हैं? जब आप रविंद्र जडेजा के आठवें नंबर और बतौर स्पिन आल राउंडर खेलने की बात कर रहे हो तो मैं कहूंगा कि दो कलाई के स्पिनरों को खिलाय जाए।'

#### सैमसन, राहुल ने दावा मजबूत किया: स्मिथ

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ का मानना है कि आईपीएल में बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों के बाद संजू



सैमसन और लोकेश राहुल ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अपने दावे मजबूत किए हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका में जून में खेले जाने वाले इस विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली है। टीम में ऋषभ पंत को पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना जाना लगभग तय है।

#### सेंथिलकुमार बैच ओपन स्क्वाश फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने हांगकांग के एंडीज लिंग को हराकर पेरिस में बैच



ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर मौजूद सेंथिलकुमार ने शनिवार रात को सेमीफाइनल मैच 22 मिनट में 11-2, 11-1, 11-6 से जीता। इस 12,000 डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर स्पर्धा में खिताब के लिए अब भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला फ्रांस के मेल्विल स्कियानिमेनिको से होगा।

# ऑल इंडिया क्वान की डो में चैंपियन बनी श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी

- अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के संयुक्त सचिव ने मेजबान यूनिवर्सिटी को सौंपी ओवरऑल ट्रॉफी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने तीन दिन तक चली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो चैंपियनशिप में 9 गोल्ड मैडल, 2 सिल्वर मैडल व 3 ब्रांज मैडल जीतकर महिला व पुरुष वर्ग में पहला स्थान हासिल किया और ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को यूनिवर्सिटी चांसलर डॉ विनोद टिबडेवाला व वाइस चांसलर डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल की उपस्थिति में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के संयुक्त सचिव डॉ बलजीत सिंह सेखों ने ट्रॉफी व मैडल देकर सम्मानित किया। झुंझुनूं स्थित श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्वान की डो चैंपियनशिप में देश की 34 यूनिवर्सिटीज के 250 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। चैंपियनशिप के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे एआईयू के संयुक्त सचिव डॉ बलजीत सिंह सेखों ने कहा कि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ देश में 1000 से अधिक यूनिवर्सिटीज में खेल व संस्कृति क्षेत्र में युवाओं की प्रतिभा तराशने का काम करता है।

### मेसी ने दो गोल कर मियामी को दिलाई जीत

**मैसाचुसेट्स।** लियोनेल मेसी ने न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने दो गोल कर अपनी टीम इंटर मियामी सीएफ को शनिवार को यहां 4-1 से जीत दिलाई।



मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। इंटर मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी लेकिन मेसी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी।

## शतरंज चैंपियन गुकेश सम्मानित...



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को शतरंज सितारे डी गुकेश को 75 लाख रुपए नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया जिन्होंने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता है। स्टालिन ने गुकेश को एक शील्ड और शॉल भी प्रदान किया। इस मौके पर प्रदेश के खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन, आला अधिकारी और गुकेश के माता पिता भी मौजूद थे। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की तैयारी के लिए 15 लाख रुपए दिए थे।

## कैपिटल्स ने पिछले पांच में से चार मैचों में दर्ज की जीत

# दिल्ली और मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी कोलकाता

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पिछले पांच में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी।

ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है। वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदार रही। लुंगी एनगिडी की जगह शामिल किए गए आस्ट्रेलिया के जेक फ्रेसर मैकगुर्क शीर्ष क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खुद को 'एक्स फैक्टर' साबित कर चुके हैं। दिल्ली की बल्लेबाजी सिर्फ मैकगुर्क तक ही सीमित नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स ने भी अपनी 'पावर हिटिंग' से सभी को हैरान किया। वहीं कप्तान पंत प्रत्येक मैच के साथ तेजी से प्रगति कर रहे हैं जिससे दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष पांच बल्लेबाज मैकगुर्क, अभिषेक पोरेल, शाई होप, पंत और स्टब्स केकेआर की गेंदबाजी के लिए चिंता का विषय हो सकते हैं।



### केकेआर को स्टार्क कर रहे निराश

केकेआर को सबसे बड़ी निराशा आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी स्टार्क से मिल रही है और टीम उम्मीद करेगी यह आस्ट्रेलियाई जल्द ही अंगूठे की चोट से उबरकर लय में आ जाए। घरेलू टीम के लिए कुछ सकारात्मक चीजें हैं जिसमें नारायण की बल्लेबाजी में शानदार फॉर्म शामिल है जिन्होंने आठ मैच में दो अर्धशतक और एक शतक से 357 रन बनाए हैं। नारायण और फिल सॉल्ट ने शीर्ष क्रम में केकेआर के लिए काफी रन जुटाए हैं लेकिन अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को और रन बनाकर योगदान करना होगा।

# पाक ने कर्स्टन को वनडे और टी20 तथा गिलेस्पी को बनाया टेस्ट कोच





हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को विश्व कप विजेता गैरी कर्स्टन को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया जबकि पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

इनके साथ ही पाकिस्तान के पूर्व आल राउंडर अजहर महमूद को सभी प्रारूपो के लिए टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी की नियुक्ति दिखाती है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम को कितनी अहमियत दी गई है और विदेशी कोच हमारे खिलाड़ियों में कितनी संभावनाएं देखते हैं। हम टीम को सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं देना चाहते हैं, इसलिए ही हमने कर्स्टन और गिलेस्पी को नियुक्त किया है।'




## वायु रक्षा प्रणाली दिनों दिन हो रही मजबूत

# भारतीय वायुसेना में शामिल इजराइली मिसाइल 'रैंपेज'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। ऐसे में स्वदेश में रक्षा उपकरण बनाने के साथ मित्र देशों से भी अत्याधुनिक मिसाइलें और सैन्य उपकरण खरीद कर भी लड़ाकू विमानों के बेड़े की मारक क्षमता बढ़ाई जा रही है। वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देने वाली इजराइली रैम्पेज मिसाइलों को भारतीय वायुसेना और नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया है।

1 हाई-स्पीड लो ड्रैग-मार्क 2 मिसाइल है इसका नाम


2 मित्र देशों से अत्याधुनिक मिसाइलें सैन्य उपकरण खरीदें

3 मिग-29 के नौसैनिक लड़ाकू विमानों की करेंगे मदद

**हवा से जमीन पर स्पीड से मार करने में सक्षम**

**भारतीय वायु सेना और नौसेना की बड़ी ताकत**

**रैंपेज मिसाइल इजराइल में हुई विकसित**




### 250 किमी तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम

सुपरसोनिक या आवाज से अधिक गति वाली रैम्पेज 250 किलोमीटर तक लक्ष्य को ध्वस्त करने में सक्षम है। वायुसेना ने सुखोई -30 एमकेआई और मिग -29, जगुआर लड़ाकू विमानों को रैम्पेज मिसाइलों से लैस किया है। नौसेना ने मिग-29 के नौसैनिक लड़ाकू विमानों के लिए मिसाइलों को अपने बेड़े में भी शामिल किया है। वायुसेना अब इस बात पर भी विचार कर रही है कि क्या मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत रैम्पेज को बनाया जा सकता है।

**मेक इन इंडिया के तहत इन मिसाइलों के उत्पादन पर हो रहा विचार**

इन मिसाइलों की खरीद 2020 में चीन के साथ गतिरोध शुरू होने के बाद रक्षा मंत्रालय ने की थी। भारतीय वायु सेना अब इस बात पर भी विचार कर रही है कि क्या मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत इन मिसाइलों का उत्पादन किया जा सकता है।

### लड़ाकू विमानों की बढ़ी मारक क्षमता

*हवा से जमीन पर मार करने वाली रैम्पेज मिसाइलों के शामिल होने से भारतीय लड़ाकू विमानों की मारक क्षमता और बढ़ गई है। 2019 में बालाकोट हवाई हमले में इस्तेमाल की गई स्पाइस-2000 की तुलना में यह मिसाइल अधिक दूरी तक मार कर सकती है। हाई-स्पीड लो ड्रैग-मार्क 2 मिसाइल के रूप में जानी जाने वाली रैम्पेज मिसाइल को इजराइल ने विकसित किया है।*

## खबर संक्षेप

### पुतिन ने बमबारी से यूक्रेन का पावर प्लांट किया तबाह



**मास्को।** रूस ने यूक्रेनी एनर्जी प्लांट को उस वक्त निशाना बनाया है, जब अमेरिका ने यूक्रेन के लिए 6 अरब डॉलर के राहत पैकेज की घोषणा की है। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया है कि रूसी बैराज में कम से कम चार बिजली स्टेशन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। 34 मिसाइलें बिलली स्टेशन पर गिरी हैं। जिनमें से 21 को मार गिराया गया। कई महीनों बाद रूस ने इतना भीषण हमला किया है।

### जम्मू-कश्मीर में 2 जगह फायरिंग: गार्ड की मौत



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ में पनारा गांव में सुबह करीब 7:45 बजे गोलीबारी हुई। जिसमें ग्राम रक्षा गार्ड का एक सदस्य घायल हो गया था। दोपहर में उसकी मौत हो गई। वीडीजी के सदस्य जंगल में गश्त कर रहे थे। तभी कुछ संदिग्ध लोगों से मुठभेड़ हो गई थी। आधे घंटे तक चली गोलीबारी के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए। सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया।

### शराब नहीं मिलने पर रूसी सैनिकों ने 7 को भूना



**कीव।** यूक्रेन में रूसी सैनिकों का नरसंहार जारी है। दो रूसी सैनिकों ने हाल ही में नशे में दो गांवों में नरसंहार किया और 7 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। यह नरसंहार सिर्फ इसलिए हुआ क्योंकि ग्रामीणों ने शराब देने से इनकार कर दिया था। दो सैनिकों पर नरसंहार का आरोप लगा है, उनकी पहचान 34 वर्षीय अलेक्जेंडर ओसिपोव और 37 वर्षीय अलेक्जेंडर काइगोरोडत्सेव के रूप में हुई है।


## एक हफ्ते में आग लगने की 225 घटनाएं, करोड़ों का हुआ नुकसान

# आग से झुलस गया पहाड़, चारों ओर धुआं धुआं, 24 घंटे में 23 जगहों के जंगल स्वाह

एजेंसी ▶▶ हल्द्वानी

गर्मी बढ़ने के साथ ही कुमाऊं के जंगलों में आग बेकाबू होने लगी है। नैनीताल के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद लेनी पड़ी। पाइंस की आग हाईकोर्ट के आवासीय परिसर तक पहुंच गई थी, जिस पर काबू पा लिया गया है। पिछले एक हफ्ते के दौरान जंगलों में आग लगने की 225 घटनाएं हुई, जिसमें 288 हेक्टेअर वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। बागेश्वर में तो जंगल की आग ने काफलीगैर मैग्नेसाइट फैक्टरी के माइंस कार्यालय तक पहुंच गई। जिसमें 12 कमरे और मशीनें, कंप्यूटर तक जल गए। वनाधिकारियों के अनुसार कुमाऊं में नैनीताल और चंपावत जिला वनाग्नि की दृष्टि से बेहद संवेदनशील बना हुआ है।





### 24 घंटे में करीब 35 हेक्टेयर जंगल अग्नि की भेंट चढ़ चुके

प्रदेश में 24 घंटे में 23 जगहों पर जंगलों में आग लगी है। इसमें 16 जगहों पर कुमाऊं में वनाग्नि की घटनाएं हुईं हैं। पूरे प्रदेश में 24 घंटे में करीब 35 हेक्टेयर जंगल वनाग्नि की भेंट चढ़ चुके हैं। स्थिति इस कदर बिगड़ गई है कि नैनीताल जिले में जंगल की आग पर नियंत्रण के लिए एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की मदद ली गई है। हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी लेकर नैनीताल और उसके आसपास के वनाग्नि वाले क्षेत्रों में पानी गिराया है। इन इलाकों में आर्मी क्षेत्र भी आता है। 10 बार हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी भरा और जंगलों में लगी भीषण अग्नि को शांत किया। नैनीताल में हाईकोर्ट के आवासीय परिसर तक जंगल की आग पहुंच गई।

### यातायात प्रभावित वन्यजीवों को भी नुकसान

जंगलों में लग रही आग का असर यातायात पर पड़ने लगा है। अल्मोड़ा-बागेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलता हुआ चीड़ का पेड़ टूटकर गिरने से यातायात बाधित हो गया। लोहाघाट (चंपावत) के ग्राम सभा पाटन पाटनी के जमरया खोला के जंगलों में भीषण आग से वन संपदा और वन्यजीवों को भारी नुकसान पहुंचा है। ब्लाक के शंखपाल, चंद्रा वन के जंगलों में देर रात तक आग लगी रही।



### स्वान केंद्र की जल गई संचार केबल

*बागेश्वर में कलक्ट्रेट परिसर तक पहुंची वनाग्नि को नियंत्रित करने में चार घंटे से अधिक का समय लगा। आग से स्वान केंद्र की संचार केबल जल गई। इंटरनेट ठप होने से शनिवार को करीब 40 विभागों का कामकाज प्रभावित रहा। आग से 20-25 लाख रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान है। सल्ट अल्मोड़ा के सीएचसी देवालय में जंगल की आग से ऑक्सीजन प्लांट और कार्यालय में रखे दस्तावेज जल गए। जंगलों की आग सड़क किनारे खड़े वाहनों को भी चपेट में ले रही है।*

## टेस्ला के सीईओ ने सबको चौंकाया

# भारत की यात्रा टालकर अचानक चीन पहुंच गए... एलन मस्क



एजेंसी ▶▶ बीजिंग

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इसी महीने भारत आने वाले थे। यहां उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी होने वाली थी। इसे लेकर भारत में काफी उत्साह का माहौल था। कई तरह की तैयारियां भी की जा रही थीं। हालांकि, आखिरी समय में उनकी यात्रा टालने की खबर आई थी। टेस्ला के सीईओ ने कहा था कि वह फिलहाल कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं इसलिए भारत की यात्रा कुछ महीनों बाद करेंगे। अब एलन मस्क ने अचानक चीन पहुंच गए हैं। इलेक्ट्रिक वेहिकल सेक्टर की दिग्गज कंपनी के लिए चीन दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत की बजाय चीन की यात्रा पर पहुंचने से कई अटकलें लगाई जा रही हैं।

### फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लॉन्च करने की तैयारी

एलन मस्क की इस यात्रा की भनक किसी को नहीं थी। वह सबको अचंभित करते हुए बीजिंग पहुंचे हैं। यहां वह चीन सरकार के बड़े अधिकारियों से मुलाकात करने वाले हैं। वह चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लॉन्च करने के बारे में बात करने के लिए बीजिंग पहुंचे हैं। वह चीन सरकार से इस सॉफ्टवेयर से मिलने वाले डेटा के विदेश में इस्तेमाल की मंजूरी भी मांगेंगे ताकि टेस्ला की ऑटोनोमस ड्राइविंग टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाया जा सके। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था कि जल्द ही चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लॉन्च किया जाएगा। टेस्ला ने साल 2021 से ही चीन में डेटा इकठ्ठा करना शुरू कर दिया था। यह डेटा शंघाई में मौजूद है। अभी यह डेटा वह अमेरिका नहीं ले गई है। एलन मस्क इसी डेटा को अमेरिका ले जाना कहते हैं। टेस्ला ने लगभग 4 साल पहले ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर लॉन्च कर दिया था। चीन के कस्टमर्स भी लंबे समय से इसकी डिमांड कर रहे हैं।

### इंडिया में प्लांट के लिए आने वाले थे मस्क

*पिछले कुछ महीनों से एलन मस्क द्वारा टेस्ला का प्लांट इंडिया में लगाने की चर्चाएं जोरों पर थीं। दावा किया गया था कि टेस्ला की एक टीम बहुत जल्द भारत का दौरा करने वाली है। यह टीम टेस्ला का प्लांट लगाने के लिए सही जगह की तलाश करने के लिए भारत आने वाले थी। यहां तक की रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेस्ला के बीच प्लांट को लेकर वार्ता का दावा भी किया गया था।*

### इंडोनेशिया के आसमान में तेज धमाका, 3.5 किमी तक छाया अंधेरा



**जकार्ता।** इंडोनेशिया में रविवार की सुबह काफी तेज धमाके के साथ माउंट इबू पहाड़ में ज्वालामुखी फटा। सेंटर फॉर वल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल हैजर्ड मिटिगेशन ने बताया कि पूर्वी इंडोनेशियाई प्रांत उत्तरी मालुकु में हल्माहेरा द्वीप यह विस्फोट हुआ। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग घरों से बाहर भागने लगे। लगभग 3.5 किलोमीटर तक राख देखी गई। रात लगभग 12:37 बजे करीब 206 सेकंड के लिए फटा, जिससे उसकी चोटी से 3 हजार 500 मीटर ऊपर तक राख उठ गई। समुद्र तल से 1,325 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट इबू ज्वालामुखी को हाईएस्ट लेवल चार से नीचे दूसरे खतरे के स्तर के रूप में वर्गीकृत किया गया है।



### समलैंगिक संबंध बनाने वालों की खैर नहीं, 15 साल की जेल

**बगदाद।** इराक में अब समलैंगिक संबंध अपराध होगा और इसके लिए 15 साल तक की जेल की सजा मिलेगी। संसद ने 27 अप्रैल को समलैंगिक संबंधों को अपराध मानने वाले एक विधेयक को पारित किया। मानवाधिकार समूहों ने निंदा करते हुए इसे मानवाधिकारों पर हमला बताया है। 1988 के वेश्यावृत्ति विरोधी कानून में संशोधन के तहत ट्रांसजेंडर लोगों को तीन साल की जेल की सजा सुनाई जाएगी। पिछले मसौदे में मृत्युदंड का प्रावधान था, जिसका भी विरोध हुआ था। समलैंगिक संबंधों को बढ़ावा देने वालों के लिए न्यूनतम 7 साल की जेल की सजा और जानबूझकर महिलाओं की तरह व्यवहार करने वाले पुरुषों को 1 से 3 साल तक की सजा मिलेगी। का प्रावधान किया गया है।

## मिडिल ईस्ट डिप्लोमेसी का नया चैप्टर, दोनों देश सहमत

# नया सौदा: एक और इस्लामिक देश के साथ होगा भारत का ट्रेड समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मिडिल ईस्ट में अपने संबंधों का विस्तार करना चाहता है, जहां बढ़ते जियो-पॉलिटिकल तनाव प्रमुख शिपिंग मार्गों को खतरे में डाल रहे हैं। इससे भारत को एक रणनीतिक साझेदार और अस्थिर क्षेत्र में प्रमुख व्यापार मार्गों तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। हालांकि, भारत और ओमान के बीच वार्षिक व्यापार फिलहाल 13 अरब डॉलर से कम है, लेकिन यह रिश्ता नई दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ओमान, भारत और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य का प्रवेश द्वार है, जो वैश्विक तेल शिपमेंट के लिए एक प्रमुख ट्रांजिट प्वाइंट है। लोकसभा चुनाव के बाद ओमान के साथ व्यापार समझौता हो सकता है।



### 3 अरब डॉलर का आयात शुल्क होगा खत्म

ओमान कृषि उत्पादों, रत्न और आभूषण, चमड़ा, ऑटोमोबाइल, चिकित्सा उपकरणों, इंजीनियरिंग उत्पादों और कपड़ों सहित वार्षिक 3 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर आयात शुल्क खत्म करने पर सहमत हो गया है। वहीं, भारत ने ओमान से आयात शुल्क कम करने पर सहमति जताई की है। भारत और ओमान के बीच के संबंध करीब 5,000 साल पुराना है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध 1955 में स्थापित हुए थे।

### बाइडेन के रात्रिभोज में दिग्गजों का जमघट ट्रंप की उड़ाई खिल्ली



**वॉशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सीधा मुकाबला है। इस दौरान, राष्ट्रपति बाइडन ने वाशिंगटन के राजनीतिक और मीडिया जगत के वरिष्ठ अधिकारियों और नेताओं के लिए रात्रिभोज आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी ट्रंप के खिलाफ जमकर निशाना साधा। ट्रंप पर तंज कसते हुए बाइडन ने कहा कि मैं एक बच्चे के खिलाफ लड़ रहा हूं। गौरतलब है कि बाइडन की उम्र 81 वर्ष है तो वहीं ट्रंप 77 साल के हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109